सुप्रभात
रांची, बुधवार
19.11.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | अगहन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 13 । अंक : 126



12 किडनी देने की बात आई तो बेटा भाग गया

## विधानसभा नियुक्ति घोटाले की फिलहाल नहीं होगी सीबीआई जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नियुक्ति घोटाले की फिलहाल सीबीआई जांच नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सीबीआई की ओर से दाखिल हस्तक्षेप याचिका खारिज कर दी, जिसमें हाईकोर्ट द्वारा सितंबर 2024 को दिए गए सीबीआई की जांच के आदेश पर लगी रोक हटाने का अनुरोध किया था। कोर्ट के इस फैसले के बाद मामले में सीबीआई की प्रारंभिक जांच (पीई) भी आगे नहीं बढ़ सकेगी।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ में मंगलवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान झारखंड विधानसभा की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि यह विवाद राजनीति से प्रेरित है और जब भी ऐसा कोई मामला सामने आता है, सीबीआई बीच में आ जाती है। उन्होंने कहा कि विधानसभा की याचिका अदालत पहले ही स्वीकार कर चुकी है, ऐसे में सीबीआई की दलीलें उचित नहीं है। वहीं सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने सिब्बल के तर्क का विरोध करते हुए कहा कि विधानसभा में नियुक्तियों में गंभीर गड़बड़ी हुई है और जांच रोकना उचित नहीं होगा। उन्होंने दलील दी कि केंद्रीय एजेंसी को जांच जारी रखने की अनुमति दी जाए। कोर्ट ने सीबीआई की याचिका को स्वीकार करने से इनकार करते हुए उसे खारिज कर दिया।

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगायी थी रोक



झारखंड हाई कोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच करने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ विधानसभा की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए 14 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। वहीं सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर झारखंड हाई कोर्ट के विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश पर लगी रोक को हटाने का अनुरोध किया था।

## जेल में शराब पार्टी मामले की सुनवाई

## बिरसा मुंडा जेल में दो दिनो में जेल अधीक्षक नियुक्त करने का आदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा रांची में शराब पार्टी का वीडियो वायरल होने के मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने दो दिनों में नियमित कारा अधीक्षक की नियुक्ति करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने स्वतः संज्ञान लिए मामले की सुनवाई करते हुए मंगलवार को यह निर्देश दिया।



मामले की अगली सुनवाई पांच जनवरी को होगी। अदालत ने जेल प्रशासन को यह सुनिश्चित करने को कहा कि जेल में कैदियों के पास फोन, चार्जर और किसी तरह का नशीला पदार्थ नहीं पहुंचे। कोर्ट ने झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) और पुलिस प्रशासन को भी समय-समय पर औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान जेल आईजी भी अदालत में हाजिर हुए थे। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने इस मामले को दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मसार करने वाला बताया था। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने कोर्ट को बताया था कि वीडियो वायरल होने के बाद जेल आईजी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित जेलर और जमादार को निलंबित कर दिया है।

### न्यूज डायरी

### क्लाउडफ्लेयर डाउन, हिल गया इंटरनेट : सेवाएं ठप

**हैदराबाद।** क्लाउड और सीडीएन सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी क्लाउडफ्लेयर में सर्विस में अचानक आउटेज की समस्या से दुनिया भर की ऑनलाइन सेवाओं ठप हो गयीं। दियाआ गयी। इंटनरेट सेवा पूरी तरह थम गयी। एक्स और ओपन एआई कंपनियों की सेवाएं ठप हो गयीं। संबंधित वेबसाइट खोलने पर 'एरर कोड 500' दिख रहा है। पेपाल और उबर जैसी सेवाएं भी ठीक से काम नहीं कर रही थीं। यह समस्या भारतीय समयानुसार शाम 4 .37 बजे शुरू हुई है। उधर, क्लाउडफ्लेयर की टीम ने बताया कि उनकी टीम फिलहाल इस समस्या को ठीक करने में लगी है।

### तत्कालीन डीएसई की सेवा से बर्खास्तगी का आदेश निरस्त

**रांची।** हाईकोर्ट ने लोहरदगा की तत्कालीन डीएसई फरहाना खातून की सेवा से बर्खास्तगी का आदेश निरस्त कर दिया है। जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने मंगलवार सुनवाई के बाद अदालत ने प्रार्थी को राहत दी। अदालत ने कहा कि इस मामले में सरकार की ओर से नैसर्गिक न्याय का पालन नहीं किया गया, इसलिए सरकार का आदेश निरस्त किया जाता है। हालांकि, अदालत ने विभाग को इस मामले में फिर से जांच करने की छूट प्रदान की है। इस संबंध में फरहाना खातून की ओर से हाईकोर्ट में सरकार के खिलाफ याचिका दाखिल की है।

### राष्ट्रीय स्कूली ताइक्वांडो में झारखंड को एक स्वर्ण

**रांची।** जम्मू के भगवती नगर के इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 15 से 19 नवम्बर तक आयोजित हो रहे राष्ट्रीय स्कूली ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड की ताइक्वांडो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर पूरे राज्य का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता में अंडर-19 बालिका वर्ग के 44 किलोग्राम वर्ग में झारखंड की सौम्या आयकत ने अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए झारखंड को स्वर्ण पदक दिलाया है।

### सृजन घोटाले में बैंक मैनेजर समेत 3 को सजा

**पटना।** बिहार के बहुचर्चित सृजन घोटाला के एक मामले में मंगलवार को पटना की एक विशेष अदालत में पहला फैसला सुनाया। कोर्ट ने एक बैंक प्रबंधक समेत तीन लोगों को चार वर्षों तक के सश्रम कारावास की सजा सुनायी। साथ ही 14 लाख रुपए तक का जुर्माना भी किया।

### सीएम योगी ने भरा एसआईआर का फॉर्म

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का फार्म भरा। एसआईआर प्रक्रिया चार नवंबर से चार दिसंबर तक चलायी जा रही है। योगी को सुबह बीएलओ ने गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर एसआईआर प्रक्रिया का फॉर्म उपलब्ध कराया। श्री योगी ने कहा है कि 'सशक्त लोकतंत्र की नींव हैं 'सत्यापित मतदाता'।

### दो दर्जन से अधिक जघन्य वारदातों का था मास्टरमाइंड

# खूंखार हिड़मा समेत छह नक्सली एनकाउंटर में ढेर

### आंध्र प्रदेश, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के त्रि-जंक्शन बिंदु के पास हुई मुठभेड़

**एजेंसी**

**रायपुर।** देश के सबसे खतरनाक नक्सल कमांडरों में शामिल माड़वी हिड़मा छत्तीसगढ़-आंध्र प्रदेश बॉर्डर पर अल्लूरी सीतारामा राजू जिले के मरेडमिल्ली जंगल में मंगलवार सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के एनकाउंटर में मारा गया। सुरक्षा बलों ने उसकी पत्नी मढ़कम राजे उर्फ रजक्का और चार अन्य नक्सलियों को भी ढेर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार हिडमा दो दर्जन से अधिक बड़े नक्सली हमलों का मास्टरमाइंड था। वह 2010 दंतेवाड़ा हमला का मास्टरमाइंड था जिसमें सीआरपीएफ के 76 जवान शहीद हुए थे। वह 2013 में झीरम घाटी हमला और 2017 के सुकमा हमले के लिए जिम्मेदार था। वहीं 2021 सुकमा-बीजापुर हमले में भी हिड़मा की भूमिका रही है। छत्तीसगढ़ के डीजीपी अरुण देव गौतम ने हिड़मा के मारे जाने की पुष्टि की है। सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर रहे हिड़मा की मौत को नक्सल विरोधी अभियानों की अबतक की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

यह मुठभेड़ आंध्र प्रदेश, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के त्रि-जंक्शन बिंदु के पास हुई। हिडमा को भारत में सबसे वांछित माओवादी कमांडर माना जाता था। 43 वर्षीय हिडमा पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन की बटालियन संख्या एक का प्रमुख है, जिसे सबसे घातक माओवादी हमला इकाई कहा जाता है।



सीआरपीएफ के 76 जवानों की हत्या, सुकमा-बीजापुर हमला और झीरम घाटी हमले में निभायी थी मुख्य भूमिका

### शाह ने 30 नवंबर तक दी थी डेडलाइन

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों को हिड़मा को खत्म करने के लिए 30 नवंबर तक की डेडलाइन दी थी। इसके बाद आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित मरेडमिल्ली के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इसी ऑपरेशन में हिड़मा तय डेडलाइन से 12 दिन पहले ही मारा गया। यह नक्सल विरोधी अभियान की बड़ी उपलब्धि है।

### सरकार के स्वरूप पर आज पटना में शाह की नीतीश संग बैठक

# आज विधायक दल के नेता चुने जायेंगे नीतीश, कल लेंगे शपथ

- धर्मेंद्र प्रधान और नीतीश ने समारोह स्थल का लिया जायजा
- एनडीए की बैठक से पहले भाजपा-जदयू की अलग-अलग बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में नयी सरकार के गठन को लेकर हलचल काफी तेज हो गयी है। एनडीए विधायक दल की 19 नवंबर को बैठक बुलायी गयी है। इसमें नीतीश कुमार के नाम पर मुहर लगेगी। इससे पहले भाजपा और जदयू अपने-अपने विधायक दल के नेता का चुनाव करेंगे। भाजपा विधायक दल का नेता के चयन के लिए यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री मंत्री अमित शाह भी बुधवार की शाम पटना पहुंचेंगे और इसके बाद नीतीश कुमार से मुलाकात करेंगे। इधर 20 नवंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह का निरीक्षण करने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शाम पांच बजे पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गांधी मैदान जाकर शपथग्रहण समारोह स्थल का निरीक्षण किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने बताया है कि 20 नवंबर को गांधी मैदान में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्रियों का शपथ ग्रहण उत्सवी माहौल में होगा। एनडीए के सभी शीर्ष नेता इस समारोह में शामिल होंगे। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

### सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे नीतीश

सूत्रों ने बताया कि श्री शाह और नीतीश कुमार के बीच सरकार गठन को लेकर बातचीत होगी। भाजपा के मंत्रियों की लिस्ट भी पटना में ही फाइनल होगी। नीतीश कुमार 20 नवंबर को दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वह 19 नवंबर को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अपना इस्तीफा सौंपेंगे और उसी दिन मौजूदा विधानसभा भंग हो जायेगी। फिर नयी सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समारोह में शामिल होने की संभावना के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

**कई मंत्रियों को दोबारा जगह संभव :** सूत्रों ने बताया कि जदयू अपने मौजूदा ज्यादातर मंत्रियों को दोबारा जगह दे सकता है। वहीं भाजपा कुछ नये चेहरे शामिल करने पर विचार कर रही है। लोजपा (रामविलास), हम और रालोमो भी सरकार में शामिल होंगी। लोजपा को तीन, हम और रालोमो को एक-एक मंत्री पद मिलने की संभावना है।

**दिल्ली में शाह संग जदयू नेताओं की बैठक :** बिहार में सरकार गठन को लेकर दिल्ली में राजनीतिक गतिविधियां तेज हैं। सोमवार रात जदयू नेता संजय झा और ललन सिंह ने अमित शाह और जेपी नड्डा के साथ सरकार गठन और विभाग के बंटवारे पर चर्चा की। जदयू गृह, सड़क जैसे अहम विभाग चाहता है। दोनों पार्टियां एक संतुलित मॉडल की तलाश में हैं।

## वर्ष 2035 तक पासपोर्ट होंगे ई-पासपोर्ट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देश में अबतक 80 लाख से अधिक इलेक्ट्रॉनिक चिप लगे पासपोर्ट जारी किए जा चुके हैं और 2035 तक देश में सभी पासपोर्ट ई-पासपोर्ट में तब्दील हो जाएंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार देश में पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 के तहत बीते एक साल में 80 लाख से अधिक ई-पासपोर्ट जारी किये जा चुके हैं जबकि विदेशों में भारतीय दूतावासों एवं वाणिज्यिक मिशनों के माध्यम से 62 हजार से अधिक ई-पासपोर्ट जारी किए गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ई-पासपोर्ट की शुरूआत, मंत्रालय के लिए एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भविष्य में सभी नए जारी किए गए पासपोर्ट ई-पासपोर्ट होंगे जबकि मौजूदा गैर-इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट उनकी समाप्ति तक वैध रहेंगे।




सूत्रों ने कहा कि वर्ष 2035 तक देश में सभी पासपोर्ट ई-पासपोर्ट में तब्दील हो चुके होंगे। सूत्रों ने ई-पासपोर्ट को लेकर गलत फहमियों को दूर करने के लिए बताया कि अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन की ओर से अनुमोदित पासपोर्ट सुधारों के क्रम में विश्व के सौ से अधिक देशों में ई-पासपोर्ट जारी किये जा रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर जांच भी पासपोर्ट की चिप से आसानी से चंद सेकेंडों में हो रही है जिससे जांच में लंबी कतारें अब नहीं लग रहीं हैं और लोगों की आवाजाही आसान हो गयी है।

पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 के बारे में सूत्रों ने बताया कि भारत के सभी 37 पासपोर्ट कार्यालयों में उनके संबंधित 93 पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके) और 450 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीओपीएसके) के साथ इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू किया गया है।

### झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने एसआइआर की समीक्षा की

## पैरेंटल मैपिंग कार्य में तेजी लायें : के रवि कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्यभर के ईआरओ और उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ मंगलवार को समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाता सूची की पैरेंटल मैपिंग करने में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पैरेंटल मैपिंग का कार्य निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है और इसे हर हाल में समय पर पूरा किया जाना जरूरी है।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि कई विधानसभा क्षेत्रों में पैतृक मैपिंग का कार्य 70% तक पूरा हो चुका है। ऐसा होने से आगामी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान इन्यूमरेशन फॉर्म भरने की प्रक्रिया और आसान हो जायेगी। वहीं जिन क्षेत्रों में यह कार्य अभी धीमा है, उन्हें वोटर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर गति बढ़ाने के निर्देश दिए गये।

### मैपिंग कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं

के. रवि कुमार ने स्पष्ट कहा कि मैपिंग कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही राजनीतिक दलों से संवाद बढ़ाते हुए, बीएलए की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने का भी आग्रह किया गया, ताकि पुनरीक्षण कार्य अधिक निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो सके। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर सहित सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक मंच से लोगों को झुमायेंगे बॉलीवुड गायक रूप कुमार राठौर

## विधानसभा का रजत जयंती स्थापना दिवस होगा खास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस इस बार खास होगा। 22 नवंबर 2000 को गठित यह सदन का रजत जयंती वर्ष है। 25 वर्षों के इस सफर को यादगार और खास बनाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विधानसभा परिसर में 22 नवंबर को दो सत्रों में भव्य कार्यक्रम होगा, जिसके लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। रजत जयंती समारोह को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संबोधित करेंगे। पहला सत्र सम्मान का होगा। शाम को दूसरे सत्र में झारखंड समेत देश के कई दिग्गज कलाकार भी जलवा बिखेरेंगे।



**'उत्कृष्ट विधायक' सम्मान :** इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के हाथों उत्कृष्ट विधायक का सम्मान दिया जायेगा। वहीं मुख्यमंत्री विधानसभा के उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित करेंगे। इसके लिए विशेष चयन समिति का गठन किया गया है।

**स्पीकर ने लिया जायजा :** स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कार्यक्रम स्थल पर चल रहे तैयारी का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस समारोह का आयोजन बेहद खास होने वाला है। इस मौके पर सभी वर्तमान एवं पूर्व विधायक चाहे वो बिहार के समय के ही क्यों ना हो, उन सभी को आमंत्रित किया जा रहा है और उन्हें सम्मानित किया जायेगा। राज्य के विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया जायेगा। शहीदों के आश्रितों को भी आदर और सम्मान के साथ मंच पर बुलाया जायेगा।

**दिनेश बावरा, गायक राठौर होंगे आकर्षण :** समारोह का दूसरा सत्र रंगारंग सांस्कृतिक संध्या के रूप में होगा। शाम होते ही विधानसभा प्रांगण संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम से रोशन हो उठेगा। इस मौके पर बॉलीवुड के मशहूर गायक रूप कुमार राठौर स्टेज पर परफॉर्म करेंगे। साथ ही हास्य कवि दिनेश बावरा अपने अंदाज से दर्शकों को मनोरंजन करेंगे। पहला सत्र सम्मान का सत्र होगा। क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल और तीरंदाजी में नवंबर 2023 से अब तक मेडल जीतने वाले और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जायेगा।

## झारखंड में उत्तर-पूर्वी हवा की हुई इंट्री, अगले कुछ दिनों तक कंपकंपाती ठंड से मिलेगी राहत

### मौसम पूर्वानुमान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ठंड से परेशान झारखंड वासियों के लिए राहत भरी खबर है। झारखंड में अब उत्तरी-पूर्वी हवा की इंट्री हो गयी है। इससे तापमान में बदलाव की संभावना है। इससे मंगलवार से ही न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले कुछ दिनों तक सिर्फ सुबह और शाम के बाद ठंड का एहसास होगा। दिन के वक्त तापमान बढ़ने से ठिठुरन महसूस नहीं होगी। सर्द हवा में नरमी आएगी।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक 20 नवंबर तक अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही 22 नवंबर तक मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा। सुबह के वक्त कोहरा और धुंध रहेगा। इसके बाद आसमान साफ रहेगा।

### पिछले अड़तालीस घंटे में गुमला में पड़ी अधिक ठंड



पिछले 48 घंटे में गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा में शीतलहर से जनजीवन प्रभावित हुआ है। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा ठंड गुमला में पड़ी। यहां न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। हालांकि एक दिन पहले गुमला का न्यूनतम पारा 6.6 डिग्री सेल्सियस था।

### कार्टून कोना



## अब झारखंड सैंड माइनिंग रूल्स के तहत होगा बालू घाटों का संचालन

**रांची।** झारखंड में अब, बालू घाटों का संचालन सैंड माइनिंग रूल 2025 के अनुसार होगा। खान विभाग ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि बालू की सरकारी दर 100 रुपये प्रति 100 सीएफटी होगी। सभी रसीद व चालान 100 सीएफटी की यूनिट पर जारी होंगे। निर्धारित दर से अधिक वसूली पर कठोर कार्रवाई होगी। नए नियम से अवैध वसूली पर रोक लगेगी और राजस्व में भी वृद्धि होगी। जिला प्रशासन को निगरानी टीमें बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अवैध ढुलाई पर तुरंत जब्ती व जुमार्ने का प्रावधान लागू होगा।

## हर जिले के सदर अस्पताल में जाकर खुद ओपीडी में बैठेंगे स्वास्थ्य मंत्री

- डॉ ईरफान अंसारी ने की घोषणा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने एक फैसला लिया है कि वे हर जिले में जाकर वहां के सदर अस्पताल में नियमित रूप से ओपीडी में बैठेंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि देश में पहली बार कोई स्वास्थ्य मंत्री स्वयं डॉक्टर की भूमिका निभाते हुए नियमित रूप से ओपीडी में बैठेंगे। डॉ अंसारी पूरे झारखंड का जिलावार भ्रमण करेंगे और हर जिले के सदर अस्पताल में जाकर खुद ओपीडी संचालित करेंगे। इसी दौरान वे अस्पतालों की वास्तविक स्थिति देखकर नया रोस्टर तैयार करने का काम भी खुद करेंगे।

**जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा दिलाना ही मेरा मिशन है :** झारखंड की जनता के स्वास्थ्य के साथ-साथ, किसानों की खुशहाली मेरी प्राथमिकता है। मैं ठान चुका हूं- जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ, किसानों को मालामाल करूंगा और झारखंड को अपने पैरों पर मजबूती से खड़ा कर रहा हूं। पहली बार झारखंड को ऐसा जनसेवक मिला है जो प्रत्यक्ष संवाद करता है। आम जनता से जमीनी स्तर पर उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान देता है।


**AFFIDAVIT**

The SDM/Executive Magistrate, Lohardaga

Birajmani Devi wife of Vishwanath Bhagat, resident of village Beyasi Post Beyasi, P.S. Narkopi Dist. Ranchi Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am permanent resident of village Narauli, P.S. Kairo, Dist. Lohardaga.
2. That I am account holder of SBI Main Branch Lohardaga vide A/C No. 32528900812 in which my name is mentioned as Birajmani Kumari prior to my marriage.
3. That after marriage, I am henceforth known as Birajmani Devi.
4. That above mentioned both name stands one and same and single person name.
5. That the statements of affidavit have been explained and read over to me in Hindi.

Sworn and signed this the affidavit on 11th day of Nov 2025 at Lohardaga.

**शपथ-पत्र**

नोटरी पब्लिक, रांची

मैं, राजेश साहू, पिता-चतुर साहू, निवास स्थान ग्राम चन्दवे, पोस्ट-चन्दवे, थाना-पिठोरिया, जिला-रांची, पिन-835217, झारखण्ड, शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि नीचे लिखी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है :-

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं तथा उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि चांदनी कुमारी (CHANDNI KUMARI) मेरी पुत्री है।
3. यह कि मेरी पुत्री के नाम से निर्गत भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड संख्या 5630 7240 3510 है, जिसमें मेरी पुत्री का नाम भुलवश चादनी कुमारी (CHADANI KUMARI) एवं स्थायी पता में ग्राम चंदवा, पोस्ट-चंदवा, थाना-कांके, जिला-रांची (झारखण्ड) पिन-835217 दर्ज है जो कि गलत दर्ज किया हुआ है।
4. यह कि मेरी पुत्री के नाम से निर्गत जन्म प्रमाण पत्र जिसका पंजीकरण संख्या B20252027728040085 है, एवं स्थायी पता ग्राम चंदवे, पोस्ट-चंदवे, थाना-पिठोरिया, जिला-रांची (झारखण्ड) पिन-835217 दर्ज है जो कि पुर्णतः सही एवं सत्य है।
5. यह कि मेरी पुत्री का उक्त आधार कार्ड के ऑनलाईन पंजी में मेरी पुत्री का उक्त जन्म प्रमाण पत्र का नाम एवं स्थायी पता को दर्ज किया जाय।
6. यह कि यह शपथ पत्र मेरी पुत्री का उक्त आधार कार्ड के ऑनलाईन पंजी में अपने पुत्री का सही नाम एवं सही स्थायी पता को सुधार करवाने हेतु संपन्न कर रहा हूँ।
7. यह कि उपरोक्त लिखी सभी बातें सही एवं सत्य है गलत सूचना की जिम्मेवारी मेरी होगी।

Ref No.159, दिनांक-14.11.2025.

**शपथ-पत्र**

नोटरी पब्लिक, सिमडेगा ।

मैं रिया प्रसाद पिता नन्दकिशोर प्रसाद उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम- सिलिंगा, पोस्ट-कोमेरेला, थाना-जलडेगा, जिला-सिमडेगा शपथपूर्वक ब्यान करती हूं:-

1. यह कि, मै उपरोक्त पता की स्थायी निवासी हूं ।
2. यह कि, मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम रिया प्रसाद RIYA PRASAD दर्ज है जो सही है
3. यह कि, सरकार द्वारा निर्गित आधार कार्ड में मेरा नाम रिंकी कुमारी RINKI KUMARI दर्श है जो गलत है ।
4. यह कि, शैक्षणिक दस्तावेज में दर्श नाम रिया प्रसाद RIYA PRASAD आधार कार्ड में दर्श नाम रिंकु कुमारी RINKI KUMARI दोनों नाम एक ही लड़की का है जो में स्वयं हूँ ।
5. यह कि, यह शपथ पत्र मैं आधार कार्ड में दर्श नाम रिंकु कुमारी RINKI KUMARI को सुधार कर शैक्षणिक दस्तावेज में दर्श नाम रिया प्रसाद RIYA PRASAD करने हेतु दे रही हूँ ।

No. 2733
Dated- 07/10/2025



**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
**(CIN: U40108 JH 2013 SGC 001704)**
Office of the **General Manager, Transmission Zone-II, Dumka**
**Email** – gmtz2dumka@gmail.com

**Notice Inviting Tender**

Sealed Tender in two parts containing Techno-commercial Part (Part-I) and Price Part (Part-II) scribed on separate two sealed envelope with NIT No. written on top of envelope are invited from reputed, experienced and financially sound agencies /contractors for following work :-

| NIT No. | Name of Work | Cost of B.O.Q (inclusive GST) | Earnest Money |
|---|---|---|---|
| 515/PR/JUSNL/ 2025-26 | Housekeeping Work of Grid residential colony campus for the period from 01.12.2025 to 31.03.2026 (i.e. 04 months) | Rs. 590.00 | Rs. 3500.00 |

1 Start date & time of sale of BOQ – 18.11.2025 at 11:00 A.M.
2 End date & time of sale of BOQ – 08.12.2025 at 05:00 P.M.
3 End date & time for submission of Tender Documents - 09.12.2025 at 01:30 P.M.
4 Date & Time for opening of Tender (Part-I) - 09.12.2025 at 03:00 P.M.
5 Bid opening date for Price Part (Part-II) – Will be communicated later on.
6 Tender documents with detailed Terms and Conditions can be obtained from the office of the Manager (F&A), Transmission Zone-II, Dumka on submission of cost of B.O.Q. (Non-refundable). No postal/ courier request will be entertained.
7 For any clarification please contact +91-3365981153 during office hours.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-II, Dumka

PR 366387 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवंस्वच्छता, प्रमण्डल , सिमडेगा।**
**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–06/2025–26**

1. विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सिमडेगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :–26.11..2025 के अपराहन 3.00 बजेतक
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–27.11.2025को 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :–27.11.2025 के 4.00 बजे अपराह्न।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा का कार्यालय।
7. निविदाप्राप्ति का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा का कार्यालय।

| क्र० | कार्य / योजना का नाम | योजनाओं की सं० | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाणवि० का मूल्य | कार्यअवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Retrofitting work for clear water rising pipe line, operation & maintenance of Ramrekhadham rural pipe water supply scheme Installation of 500 x 2 nos. liters capacity water storage tank and construction of temporary lavatory atRamrekhadham under D.W.& S. Division, Simdega. F.Y. 2025 -26. | 1 | 5. 12823लाख | 0.10500 लाख | 0.01250 लाख | 15दिन |

नोट :–
1. संवेदक को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड अंतर्गत निबंधन अनिवार्य है।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी ड्राफ्ट/बैंकर्सचेक द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे। ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता,पेयजल एव स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से प्रति ज्ञिप्त होना चाहिए एवं सिमडेगा शाखा में भुगतेय होना अनिवार्य है।
3. निविदा की नियम एवं शर्तेआदि कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
4. Technical Bid में Qualify होने के बादही RateBid खोला जायेगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
सिमडेगा।

PR 366323 Drinking Water and Sanitation(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
**e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com**

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना – 07/2025–26
जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत स्वीकृत

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता –कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय – 26/11/2025 के अपराह्न 01.00 बजे तक (छुट्टी के दिनों को छोडकर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 27/11/2025 को 3.30 बजे अपराह्न
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 27/11/2025 के अपराह्न 4.30 बजे

निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान –1)कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा 2)सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, लोहरदगा

6. निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

| क्र0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing and Maintenance of 50 HP Motor Pump set, 60HP motor pump set, fast starter, control & other allied works at clear water pumping plant rural water supply scheme Akashi, under D.W. & S. Mechanical division Gumla. | Un-01 | 6,37,613.00 | 13,000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 2 | Repairing of 20HP pump set and other allied works at Akashi Raw water pumping Plant under D.W.&S.Mechanical Division, Gumla | Un-02 | 2,04,453.00 | 2,500.00 | 500.00 | 02 Months |

नोट :– 1. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
2. निविदा संबंधी आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR.NO.366311 Lohardaga(25-26):D


# कांग्रेस पदाधिकारी जल्द से जल्द बीएलए की नियुक्ति करें : के राजू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा लालगुटवा में आयोजित आठ दिवसीय संगठन सृजन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर की सफलता इस बात पर निर्भर है कि हम कांग्रेस के विचारों, मूल्यों, सिद्धांतों को पंचायत स्तर तक कितना हद तक जनता के बीच पहुंचा सके।

उन्होंने कहा कि झारखंड में होने वाले एसआईआर की जानकारी समय पूर्व लोगों तक पहुंचे ताकि मतदाता सूची में किसी आम मतदाता का नाम न छूटे। के. राजू प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन रांची ग्रामीण, रांची महानगर,



लोहरदगा के जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारीयों को संबोधित कर रहे थे।

के. राजू ने कहा कि झारखंड में सुदूर क्षेत्रों में लोग निवास करते हैं, उन क्षेत्रों में आदिवासी दलित समुदाय की बहुलता है उन्हें जागरूक रखना होगा। इस एसआईआर के बहाने लाखों मतदाताओं को उनके अधिकार से वंचित करने की कोशिश की जा सकती है, आवश्यक है कि जल्द से जल्द हम बीएलए की नियुक्ति करें ताकि एसआइआर के समय हमारी पहुंच आम मतदाताओं तक हो सके।

**संगठन को मजबूत बनाना प्रशिक्षण का उद्देश्य : कमलेश**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाने, जमीनी सक्रियता बढ़ाने एवं संगठन में अनुशासन को प्रभावी बनाने को लेकर है। संगठन जितना सशक्त होगा हम राजनीतिक और सामाजिक चुनौतियों का उतनी दृढ़ता से मुकाबला कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन का यह वर्ष झारखंड में संगठन के नए कालखंड को जन्म देगा, हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाने की कोशिश करनी है।

कार्यक्रम में सह प्रभारी डॉ श्री बेला प्रसाद, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उपनेता राजेश कच्छप, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की, बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, विधायक सुरेश बैठा, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, रविंद्र सिंह, ज्योति सिंह मथारू, अमूल्य नीरज खलको, विनय सिन्हा दीपू, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह, डॉ राकेश किरण महतो, रांची महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सोमनाथ मुंडा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## शराब घोटाला में एसीबी जमशेदपुर डीसी कर्ण सत्यार्थी से करेगी पूछताछ

- गुरुवार को पूछताछ में शामिल होने के लिए भेजा आईएएस अधिकारी को नोटिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड शराब घोटाले मामले में एसीबी की जांच का दायरा बढ़ते जा रहा है। एसीबी ने तत्कालीन उत्पाद आयुक्त और वर्तमान में जमशेदपुर डीसी के पद पर पदस्थापित कर्ण सत्यार्थी को तलब किया है। एसीबी ने उन्हें गुरुवार को पूछताछ में शामिल होने के लिए नोटिस भेजा है। इससे पहले एसीबी इस मामले में आईएएस मुकेश कुमार और मनोज कुमार एवं रामगढ़ के डीसी फैज अहमद से पूछताछ कर चुकी है। इस पूछताछ में कई अहम और चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। मालूम हो कि झारखंड में हुए शराब घोटाला मामले में एसीबी ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के तत्कालीन सचिव विनय चौबे सहित 13 लोगों पर नामजद एफआईआर कराया गया है। इस केस में पहली गिरफ्तारी वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे की हुई थी।

एसीबी की एफआईआर में कहा गया है कि दो प्लेसमेंट एजेंसियों की फर्जी बैंक गारंटी की अधिकारियों ने जांच तक नहीं की। नतीजा 38.44 करोड़ का शराब घोटाला हुआ। बैंक गारंटी के संबंध में संबंधित बैंक के प्रबंधक द्वारा बताया गया कि यह बैंक गारंटी न तो बैंक द्वारा निर्गत की गई है और न ही इस पर प्रयुक्त लेटर हेड, सिग्नेचर बैंक से संबंधित है। इसके बाद भी इन प्लेसमेंट एजेंसियों पर कार्रवाई नहीं की गई। नियमानुकूल रिकवरी नहीं होने पर मेसर्स विजन हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड पर मार्च 2025 तक 12 करोड़ 98 लाख 18 हजार 405 रुपए और मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्यूरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पर मार्च 2025 तक 25 करोड़, 46 लाख 66 हजार 313 रुपए की देनदारी होने की बात सामने आई है।

## एनएच चौड़ीकरण में पेड़ की कटाई पर हाईकोर्ट सख्त, कमेटी गठित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने हजारीबाग से बरही एनएच-33 चौड़ीकरण परियोजना के दौरान सड़क किनारे मौजूद पेड़ों की कटाई रोकने और उन्हें अन्य स्थानों पर प्रत्यारोपित करने की मांग वाली याचिका पर चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इसमें हजारीबाग के तीन डीएफओ और याचिकाकर्ता इंद्रजीत सामंथा को शामिल किया गया है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि कमेटी 2 दिसंबर से पूर्व विस्तृत जांच रिपोर्ट दायर करे। यह निर्देश उक्त मामले में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान मंगलवार को चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने दिया। इससे पूर्व मामले की सुनवाई के दौरान संबंधित विभाग द्वारा दायर जवाब पर अदालत ने असंतोष जताया।

अदालत ने कहा कि दायर जवाब अधूरा है और जमीनी स्थिति स्पष्ट नहीं करता। इस पर कोर्ट ने सड़क किनारे लगाए गए पौधों और उनकी वर्तमान स्थिति की स्थल जांच कराने का आदेश दिया है। कमेटी यह बताए कि सड़क किनारे कुल कितने पेड़ लगाए गए हैं, उनका ग्रोथ रेट क्या है, रखरखाव की स्थिति कैसी है, कौन-कौन सी प्रजाति के पेड़ लगाए गए हैं तथा क्या वे स्थानीय पर्यावरण के अनुकूल हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि एनएचएआई सड़क किनारे विदेशी प्रजाति के पेड़ लगा रहा है, जो न तो पर्यावरण के अनुकूल है और न ही सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुरूप। याचिकाकर्ता ने इसे नियमों का उल्लंघन बताया।

## मासूम बच्चों की आंखों में छिपे दर्द को नहीं देख रही सरकार : चंपई सोरेन

- पूर्व सीएम ने चाईबासा घटना की अपने एक्स हैंडल पर दर्द बयां की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने अपने एक्स पर लिखा है कि इन मासूम बच्चों की आंखों में छिपे दर्द, इनके चेहरों पर पसरी मायूसी और इस खामोशी के पीछे के अहसास को समझिये। इन बच्चों के पिता महाराष्ट्र में मजदूरी करते हैं। मां पिछले महीने से जेल में है। इनकी मां का अपराध यह है कि चाईबासा में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर इन्होंने अपने समाज के अन्य लोगों के साथ सरकार से नो एंट्री की मांग करने का दुस्साहस किया था, लेकिन इस अपराध के लिए सरकार ने आधी रात में पहले इन्हें लाठियों से पिटवाया, फिर उन पर फर्जी



मुकदमा दर्ज करवा कर जेल भेज दिया। इस मामले में डेढ़ दर्जन लोगों को जेल भेजने के बाद भी जब सरकार का दिल नहीं भरा, तो उन्होंने 75 लोगों पर नामजद तथा 500 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज करवा दिया। इस हालात में ये बच्चे, माता-पिता के होते हुए भी अनाथों की तरह जीवन जीने को मजबूर हैं। भोजन-पानी एवं हर जरूरत के लिए पड़ोसियों पर निर्भर हैं। लेकिन इन्हें इस हालात में पहुंचाने वाले लोग सत्ता के नशे में झूम रहे हैं।

## थानों में सीसीटीवी लगाने का टेंडर 31 दिसंबर तक पूरी करने का निर्देश

- गृह सचिव, डीजीपी और आईटी विभाग के सचिव सशरीर हाजिर हुए

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार को राज्य के सभी थानों को पूरी तरह सीसीटीवी से लैस करने का निर्देश दिया है। 31 दिसंबर से पहले सीसीटीवी और डीवीआर लगाने के लिए टेंडर की प्रक्रिया 31 दिसंबर तक पूरी करने को कहा है। मंगलवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने यह निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई पांच जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के आलोक में गृह सचिव, डीजीपी और आईटी विभाग के सचिव सशरीर हाजिर हुए। सीसीटीवी लगाने में विलंब पर पिछली सुनवाई पर हाईकोर्ट ने सभी अधिकारियों को हाजिर होने का निर्देश दिया था।

सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने कहा कि अपराध नियंत्रण और पुलिस की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए हर थाना सीसीटीवी कैमरों से लैस होना चाहिए, लेकिन राज्य सरकार इस महत्वपूर्ण कार्य में लगातार टालमटोल की नीति अपना रही है, जो स्वीकार्य नहीं है। कोर्ट ने याद दिलाया कि पिछली सुनवाई में गृह, जेल एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव को व्यक्तिगत शपथपत्र दायर कर यह बताने का निर्देश दिया गया था कि राज्य के सभी थानों में सीसीटीवी लगाने की समय-सीमा क्या होगी। इससे पहले रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय-1 द्वारा एक प्रति-शपथपत्र दायर किया गया था, जिसमें 16 अप्रैल 2024 को जैप-आईटी के माध्यम से 334 सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रस्ताव का मात्र उल्लेख था।

**क्या है मामला :** पश्चिम बंगाल के शौभिक बनर्जी एवं अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि चेक बाउंस से जुड़े केस में वह बेल लेने धनबाद गए थे। धनबाद पुलिस ने उन्हें दो दिनों तक अवैध तरीके से थाना में बैठाए रखा और जबरन दबाव बनाकर दूसरे पक्ष की मदद की। सारी घटनाएं बैंक मोड़ थाने में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड है। लेकिन, जब अदालत ने थाना में लगे सीसीटीवी का रिकॉर्ड मांगा तो पुलिस ने जवाब दिया कि सीसीटीवी का सिर्फ दो दिनों का ही बैकअप उपलब्ध है। इस पर अदालत ने हैरानी जताते हुए कहा कि धनबाद जैसा शहर, जहां अपराध का ग्राफ काफी ज्यादा है, वहां सीसीटीवी का डाटा मेंटेन नहीं करना आश्चर्यजनक है।

# अनुराग गुप्ता के कार्यकाल की जांच हो : मरांडी

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, उन्हें बनाये रखने के पीछे अवैध वसूली एवं भयादोहन था

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता को लेकर फिर एक बार सरकार पर हमला बोला है। श्री मरांडी ने कहा कि पूर्व आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता को दो वर्षों तक निलंबित रखने, फिर उन्हें डीजीपी बनाने, रिटायरमेंट के बाद भी सेवा विस्तार देने और अंत में इस्तीफा लेने के पीछे के रहस्य को जनता जानना चाहती है। वह मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता को दो सालों का सेवा विस्तार देने के पीछे अवैध वसूली, तस्करी, अवैध उत्खनन और भयादोहन है। उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता ने मुख्यमंत्री के संरक्षण में वसूली के लिये इंस्पेक्टर गणेश सिंह, सिपाही रंजीत राणा,



बिचौलिया मनोज गुप्ता, हरियाणा के किशन जी जैसे लोगों को कलैक्टर बहाल किया था। उन्होंने कहा कि इन लोगों पर भी आजतक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई। हेमंत सरकार भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों की संरक्षक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से आगाह किया था लेकिन, उन्होंने जानबूझकर अनसुना किया। बाद में, इसी मामले में वरिष्ठ आईएएस विनय चौबे की गिरफ्तारी हुई। यहां भी राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार को संरक्षण दिया। 90 दिनों तक चार्जशीट दाखिल नहीं कर जमानत का रास्ता प्रशस्त किया। आज तक घोटाले से जुड़े कई लोगों की गिरफ्तारी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अवैध कफ सिरप को बढ़ावा देकर राज्य सरकार बच्चों की जान से भी खिलवाड़ करने में नहीं चुकी। उन्होंने कहा कि जब अनुराग गुप्ता को सीआईडी-एसआईटी के डीजी से हटाया गया तो वे अपने ऑफिस से रातों रात कागजात हटाते रहे। पेनड्राइव में सेव किया और सीएम को मामला उजागर करने के लिये धमका भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता दिल्ली, हरियाणा से मुख्यमंत्री को धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम तौर पर कुख्यात अपराधी को उसके गृह जिला से बाहर की जेलों में रखा जाता है। लेकिन, अनुराग गुप्ता ने सुजीत सिन्हा को पलामू की जेल में रखा। राजेश राम जैसे अपराधी की बैठकी अनुराग गुप्ता की गोपनीय शाखा में होती थी। उन्होंने कहा कि इतना के बावजूद मुख्यमंत्री ने अबतक कोई जांच नहीं बैठाया। इसका सीधा अर्थ मामला लेन-देन का है। उन्होंने कहा कि राज्य के कुछ अधिकारी हेमंत सरकार के टूल किट बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को कानून के आधार पर जनहित में कार्य करना चाहिये। इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह एवं प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव भी उपस्थित थे।

# खादगढ़ा बस टर्मिनल में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

कुल जुर्माना 16,000
गंदगी फैलाने पर : 10,000
अतिक्रमण पर : 6,000

**रांची।** खादगढ़ा स्थित बिरसा मुंडा बस टर्मिनल रोजाना हजारों यात्रियों, खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का प्रमुख सफर केंद्र है। इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रांची नगर निगम ने आज बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

**महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सबसे पहले :** प्रशासक सुशांत गौरव ने बताया कि टर्मिनल पर हर दिन काफी संख्या में महिलाएं और बच्चे आते हैं। अवैध ठेले, दुकानें या भीड़ बढ़ाने वाले किसी भी ढांचे से उनकी सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसलिए परिसर को साफ, खुला और सुरक्षित रखने के लिए विशेष सफाई और निगरानी की गई। अभियान के दौरान कई अवैध संरचनाएं और ठेला-गुमटी पाए गए। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षित आवाजाही में बाधा मानते हुए इन्हें तुरंत हटाने का आदेश दिया गया।

**मनचलों पर कड़ी कार्रवाई :** टर्मिनल और आसपास मौजूद अड्डेबाजों और मनचलों को हटाया गया। निगम ने साफ कहा कि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि टर्मिनल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## खबर एक नजर में

### तीन नक्सलियों को नहीं मिली जमानत

**रांची।** पांच पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में जेल में बंद एमसीसी उग्रवादी संगठन के श्रीराम मांझी, सुनील टुडू और नरेश लोहरा को झटका लगा है। एनआईए के विशेष न्यायाधीश अभिमन्यु प्रसाद की अदालत में मंगलवार को तीनों की ओर से दाखिल जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने तीनों की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर 7 नवंबर को सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। तीनों आरोपियों सुनील टुडू, श्रीराम मांझी और नरेश उर्फ रामू लोहरा ने जमानत की गुहार लगाते हुये 26 सितंबर को याचिका दाखिल की थी। आरोपियों पर सरायकेला- खरसांवा के तीरूलडीह थाना क्षेत्र के कुकुरूहाट बाजार में पेट्रोलिंग करने निकली पुलिस टीम पर हमला कर पांच पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतार देने का आरोप है।

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** दो बच्चों की मां से जोर-जबरदस्ती करने के आरोप में जेल में बंद आरोपी कार्तिक मुंडा को अदालत ने जमानत देने से इनकार किया है। अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत में याचिका पर सुरक्षित आदेश सोमवार को सुनाई। उसकी ओर से दाखिल याचिका पर 11 नवंबर को सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। आरोपी कार्तिक ने तीन साल पूर्व महिला को अपना हवस का शिकार बनाया था। पीड़ित महिला दो बच्चों की मां है और उसका पति बाहर में काम करता था। महिला अपने दो छोटे बच्चों संग रहती थी। इसका फायदा उठाकर आरोपी बार बार जबरदस्ती करता था।

### धोखाधड़ी मामले में तीन आरोपी बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव की अदालत ने धोखाधड़ी के एक मामले में आरोपियों टांगर बास्ली, मांडर निवासी सुरेंद्र लाल और इग्नेशिया एक्का को बरी कर दिया। मामले में आरोपियों की ओर से अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। यह मामला वर्ष 2019 का है। जब नवाटांड़, मांडर की रहने वाली सरोज धनवार ने मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि सुरेंद्र लाल और इग्नेशिया एक्का ने उनसे एक लाख बाइस हजार रुपये लिये, घर बनवाया और बाद में रहने देने के बदले किराया मांगने लगे। आरोप था कि मांगने पर आरोपियों ने 62 हजार रुपये लौटाये। लेकिन, 60 हजार रुपये देने से इनकार कर दिया।

### रिम्स-2 विवाद: पूर्व मंत्री सहित सात को राहत

**रांची।** रिम्स दो निर्माण के लिये प्रस्तावित जमीन को लेकर हुये विवाद मामले में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव समेत सात आरोपियों को राहत मिली है। अपर न्याययुक्त मिथिलेश कुमार की अदालत ने गीताश्री उरांव, पुष्पा खलखो, कालिका कुमारी, मंजुला टोप्पो, बल्कु उरांव, प्रेमशाही मुंडा और हर्षिता कुमारी को अग्रिम जमानत प्रदान की है। यह मामला 24 अगस्त 2025 का है। जब नगड़ी मौजा में हलजोतो रोपा रोपो आंदोलन के तहत बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक संगठनों के सदस्य और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता विरोध प्रदर्शन में शामिल हुये थे। आंदोलनकारियों के खिलाफ कांके सीओ अमित भगत के बयान पर 71 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मालूम हो कि राज्य सरकार ने रिम्स 2 निर्माण के लिये नगड़ी मौजा की 227 एकड़ जमीन को प्रस्तावित किया है। इसके खिलाफ ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं।

### रांची डीसी को बकाया भुगतान का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में सिख दंगों की जांच करने वाले आयोग के बकाया भुगतान को लेकर दाखिल याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने रांची उपायुक्त को आयोग के बकाया का भुगतान करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी। पिछली सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से जवाब दाखिल कर बताया गया कि दंगों की जांच के लिए बने आयोग को सारी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। बकाया राशि दो-तीन दिन में आवंटित कर दी जाएगी। सिख दंगों की जांच के लिए बने आयोग की ओर से बुनियादी सुविधा नहीं दिए जाने पर हाईकोर्ट को एक पत्र लिखा गया था। इस पत्र पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई थी और राज्य सरकार को एक सप्ताह में आयोग को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। अदालत ने सरकार को सभी बकाया भुगतान करने को भी कहा था। कोर्ट ने कहा था कि अगर आदेश का अनुपालन नहीं किया जाता है तो संबंधित अधिकारी को अगली सुनवाई में उपस्थित होकर जवाब देना होगा।

## रिम्स पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री, कई खामियां उजागर, ऑन-द-स्पॉट दिये निर्देश, कहा

# पहले नौकरी छोड़ें, फिर निजी प्रैक्टिस करें

### कोई सरकारी ड्यूटी छोड़कर प्राइवेट प्रैक्टिस करेगा, ये बर्दाश्त नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ओपीडी के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने अस्पताल की कई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और ऑन-द-स्पॉट निर्देश दिये। मंत्री ने साफ-सफाई, सुरक्षा और चिकित्सा सेवाओं की बारीकी से जांच की। ट्रॉमा सेंटर के बाद वे पुराने भवन पहुंचे, जहां उन्होंने रिम्स के ब्लड बैंक और अन्य विभागों का निरीक्षण किया। सीटी स्कैन, एमआरआई सहित सभी डायग्नोस्टिक सेवाएं तुरंत दुरुस्त करने का निर्देश दिया। दवाओं की कमी को तुरंत दूर की जाये। खराब मशीनें अविलंब ठीक हो। मरीजों को कतई परेशान न होना पड़े। कई मरीजों की समस्याओं का उन्होंने मौके पर ही समाधान कर दिया।

**व्यवस्था सुधारिये, लोगों का विश्वास बढ़ाइये :** स्वास्थ्य मंत्री ने सुपरिंटेंडेंट और डायरेक्टर को दो-टूक निर्देश दिया कि व्यवस्था सुधारिये। लोगों का विश्वास बढ़ाइए। यह सरकारी अस्पताल है। इसे देश का सर्वश्रेष्ठ बनाना है। डॉ अंसारी ने कहा कि सरकार वेतन और सम्मान दे रही है। फिर भी कोई सरकारी ड्यूटी छोड़कर प्राइवेट प्रैक्टिस करेगा तो बर्दाश्त नहीं होगा। पहले नौकरी छोड़ें, फिर प्रैक्टिस करें। जनता के अधिकारों से खिलवाड़ नहीं चलेगा।

### ओपीडी में बैठकर मरीजों का किया इलाज, जीता विश्वास



### सुधार उस जगह से शुरू हुआ जहां कमी मिली

मंत्री ने बताया कि जहां भी खामियां दिखी, वहीं से सुधार का काम शुरू हुआ। लोगों का भरोसा बढ़ा है। इसलिए अब मरीज बड़ी संख्या में सरकारी अस्पतालों में आ रहे हैं। सरकार हर कमी को गंभीरता से लेकर सुधार कर रही है। लापरवाही, एक्सपायरी दवाइयों और आउटसोर्स कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। छह महीने में एक्सपायर होने वाली दवाइयों का स्टॉक भी मिलने पर कार्रवाई होगी। कई आउटसोर्सिंग कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया जा चुका है। मामले कोर्ट में लंबित हैं। नई, विश्वसनीय कंपनियों को चयनित करने की प्रक्रिया जल्द पूरी होगी।

### ...जब, ओपीडी में मरीजों का ईलाज करने लगे मंत्री

इससे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मंगलवार को उदाहरण पेश करते हुए राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में स्वयं मेडिसिन ओपीडी में बैठकर मरीजों का इलाज किया। मंत्री को डॉक्टर की भूमिका में देखकर मरीजों, परिजनों और अस्पताल स्टाफ में उत्साह दिखा। बड़ी संख्या में लोग इलाज कराने पहुंचे और कहा कि मंत्री हो तो ऐसा!

### ओपीडी मजबूत होगी, तभी स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत होगी

मरीजों का उपचार करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ओपीडी स्वास्थ्य सेवा की पहली सीढ़ी है। इसे मजबूत करने के लिए मैं खुद जमीन पर उतर रहा हूं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब राज्य के हर जिले में वे क्रमवार ओपीडी में बैठेंगे, मरीजों से सीधा संवाद करेंगे और डॉक्टरों के मनोबल को बढ़ाएंगे। इससे सरकार की चिकित्सा पर मरीजों का विश्वास बढ़ेगा।

**बाहर दवा खरीदना गंभीर :** निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुछ मरीजों की खुद जांच कर दवा भी दी। निरीक्षण में यह बात सामने आई कि कई मरीजों के परिजनों को दवाइयां बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए डॉ अंसारी ने रिम्स निदेशक और संबंधित डॉक्टरों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### सभी विभागों में स्टाफ की कमी दूर होगी




मंत्री ने कहा कि सर्जरी, मेडिसिन, न्यूरो, ऑर्थो सहित सभी विभागों में खाली पदों का आकलन किया जा रहा है। बहुत जल्द बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जायेगी। अस्पताल निरीक्षण के दौरान एंबुलेंस की खराब स्थिति देखकर मंत्री ने नाराजगी जताई और नयी एंबुलेंस खरीदने की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया। डॉ अंसारी ने सशक्त संदेश देते हुए कहा कि सरकारी व्यवस्था मजबूत होगी, तभी गरीब का इलाज मजबूत होगा। जो ईमानदारी से काम करेगा, उसके साथ मैं चट्टान की तरह खड़ा हूं। जो सिस्टम को कमजोर करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

**व्हील चेयर की कमी पर जतायी नाराजगी :** मंत्री ने व्हीलचेयर की कमी पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने निदेशक को तुरंत संज्ञान लेने और व्हीलचेयर की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। एंबुलेंस व्यवस्था को मजबूत बनाने की बात करते हुए डॉ अंसारी ने कहा कि जल्द ही 208 नई एंबुलेंस खरीदी जाएंगी, जिससे आपातकालीन सेवाएं बेहतर होंगी।

# दुबई एयर शो का संजय सेठ ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को दुबई एयर शो का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जाबांजों ने स्वदेशी एयरोस्पेस क्षमताओं का प्रदर्शन किया। साथ ही, भारत के उच्च सटीक, समन्वित हवाई युद्धाभ्यास का प्रदर्शन दुनिया के कई देशों ने देखा। खुले और नीले आसमान में यह सिर्फ भारतीय वायुसेना के विमानों का प्रदर्शन नहीं था। बल्कि यह हर भारतीय की वह आकांक्षा है, जो आज खुले आसमान में उन्मुक्त होकर अपने सपनों को आकार दे रही है।



### दुबई में भारतवंशियों के साथ किया संवाद

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को दुबई में भरतवंशियों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतवंशी अपने देश के ब्रांड एंबेसडर होते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय वसुधैव कुटुंबकम को आत्मसात करते हुये अपना योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि नये भारत के निर्माण में दुनियाभर के भारतवंशी अपना सहयोग दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से भारतवंशी अपना योगदान दे रहे हैं। दुबई में रहने वाले भारतवंशी अपने कर्तव्यों का बेहतर निर्वहन कर रहे हैं।

## डीसी ने सामान्य शाखा कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, लिपिक को शो-कॉज जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए के सामान्य शाखा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पता चला कि सामान्य शाखा में कार्यरत निम्न वर्गीय लिपिक प्रणय प्रतीक बिना किसी सूचना या अनुमति के ऑफिस से अनुपस्थित थे। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए उपायुक्त ने उन्हें तुरंत कारण बताओ (शो-कॉज) नोटिस जारी किया। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में अनुशासन, समय पर काम और जनता के प्रति जवाबदेही बिल्कुल जरूरी है। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी तरह औचक निरीक्षण किए जाएंगे और किसी भी गड़बड़ी पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# भुवनेश्वर में आयोजित साहित्य महोत्सव में झारखंडी जनजातीय भाषाओं की धूम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भुवनेश्वर में आयोजित साहित्य महोत्सव में झारखंड की जनजातीय भाषाओं की धूम रही। झारखंड की जनजातीय भाषाओं के कवियों ने महोत्सव में शामिल होकर अपनी अपनी कविताओं का पाठ किया। इस महोत्सव में 22 भाषाओं के 200 से अधिक कवियों ओर रचनाकारों ने हिस्सा लिया। इस महोत्सव का सफल संचालन बहुभाषी कवि व अनुवादक डॉक्टर संघमित्रा रायगुरू ने किया। महोत्सव में ओडिशा विधानसभा के स्पीकर सुरमा पाढ़ी, साहित्य अकादमी के सचिव के श्रीनिवास राव, भाषाविद पद्मश्री देवी प्रसन्न पटनायक, समीक्षक प्रफुल महांती भी शामिल हुए।

परिचय लिट्रेरी फेस्टिवल का आयोजन भुवनेश्वर में किया गया। दो दिवसीय (15-17 नवंबर) इस महोत्सव में झारखंड की जनजातीय भाषाओं के कवियों को डॉक्टर संघमित्रा रायगुरू के प्रयास से जगह मिली थी। वह जनजातीय भाषाओं को राष्ट्रीय फलक पर लाने के लिए प्रयासरत रही है। इस महोत्सव में नेतलाल यादव (खोरठा), महादेव डुंगरियार (कुड़माली) और प्रेमचंद उरांव (कुडुख) शामिल हुए। अंग्रेजी अनुवादक देवीदत्त सारंगी और हिंदी कवि मुकुंद रविदास ने अपनी-अपनी भाषाओं में काव्य पाठ किया। महोत्सव में विभिन्न भाषाओं की अनुदित पुस्तकों को लोकार्पण हुआ। समारोह में शामिल विभिन्न भाषाओं के रचनाकारों ने अपनी-अपनी रचनाओं का पाठ किया। इस दो दिवसीय समारोह का आयोजन डॉक्टर रोजलीन पप्तसानी मिश्रा और प्रियदर्शी मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। यह आयोजन इस वर्ष भी भारतीय साहित्य की विविधता और सांस्कृतिक एकता का सशक्त प्रतीक बनकर सामने आया।

# सर्दी में बेघरों व जरूरतमंदों को राहत दें : जस्टिस एसएन प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बढ़ती सर्दी को देखते हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने राज्य के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को बेघर, निर्धन, विधवा, बच्चों और फुटपाथ पर रहने वाले लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए व्यापक निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देश के अनुसार, प्रत्येक डालसा को रात के समय फुटपाथों, बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण कर महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और फुटपाथ-निवासियों की पहचान सुनिश्चित करनी होगी। इसके लिए पैनल वकीलों, रिटेनर वकीलों और पैरा लीगल वॉलेंटियर्स की पर्याप्त संख्या में टीमें गठित करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि पहचाने गए बेघर व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। साथ ही डालसा के सचिव नगर निगम/नगर परिषद के साथ समन्वय कर जिले के आश्रय गृहों और रैन बसेरों का निरीक्षण करेंगे। बेघरों को वहां सुरक्षित रूप से ठहराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जिला प्रशासन के साथ मिलकर रात में अलाव की व्यवस्था, कंबल, ऊनी कपड़े, भोजन और अन्य वस्तुएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता के खिलाफ ऑन लाईन शिकायत



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार ने राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता के खिलाफ ऑन लाईन शिकायत दर्ज करायी है। उन्होंने पूर्व डीजीपी पर अपने कार्यकाल के दौरान संगठित अपराध और भ्रष्टाचार में शामिल होने के सनसनीखेज आरोप लगाये हैं, जिसमें करोड़ों रुपये की अवैध उगाही और आपराधिक संगठनों के संचालन में संलिप्तता शामिल है। शिकायत में डोरंडा थाना प्रभारी से मामले की जांच कर प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया गया है।

## राग़ी से लेकर यूरेनियम तक झारखण्ड पवेलियन ने अपनी विविध क्षमता का किया प्रदर्शन

# खनिज संपदा से परिपूर्ण झारखण्ड ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में निवेशकों का बढ़ाया भरोसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची/ नयी दिल्ली।** दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 44वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) 2025 में इस वर्ष झारखण्ड पैविलियन अपने खनन क्षेत्र की मजबूती और कृषि विविधता विशेषकर रागी जैसे पोषक अनाज के प्रभावी प्रदर्शन के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। राज्य सरकार ने इस बार मेले में झारखण्ड की खनिज संपदा के साथ-साथ उसकी समृद्ध कृषि परंपरा को भी राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया है।

पैविलियन में राज्य के प्रमुख खनिज जैसे लौह अयस्क, कोयला, अभ्रक, तांबा, यूरेनियम, बॉक्साइट, चूना पत्थर, सोना, ग्रेनाइट और पत्थर का विस्तृत प्रदर्शन किया गया है। ये खनिज न केवल भारत की औद्योगिक वृद्धि की रीढ़ हैं, बल्कि ऊर्जा, आधारभूत संरचना, विनिर्माण और रक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को गति प्रदान करते हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य यह संदेश दे रहा है कि झारखंड का खनन क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और निवेश आकर्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**रागी झारखंड के किसानों के लिए एक टिकाऊ और उच्च पोषण वाली फसल :** खनिज संपदा के साथ-साथ झारखण्ड ने इस बार अपनी रागी फसल को भी विशेष रूप से प्रदर्शित किया है। पोषक अनाज (मिलेट) के रूप में प्रसिद्ध रागी झारखण्ड के किसानों, विशेषकर ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के लिए एक टिकाऊ व उच्च पोषण वाली फसल है। पैविलियन में रागी आधारित उत्पाद जैसे रागी आटा, बिस्किट, स्नैक्स और हेल्थ फूड ने दर्शको का विशेष ध्यान आकर्षित किया। राज्य सरकार रागी की खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने, जलवायु-सहिष्णु खेती को प्रोत्साहित करने और बाजार से जोड़ने के लिए सक्रिय पहल कर रही है। खनिज और कृषि दोनों क्षेत्रों में झारखंड पवेलियन का यह संतुलित प्रदर्शन दशार्ता है कि राज्य केवल प्राकृतिक संसाधनों का उत्पादक केंद्र ही नहीं है, बल्कि खाद्य सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और सतत आर्थिक वृद्धि का भी एक मजबूत मॉडल प्रस्तुत कर रहा है।

**झारखण्ड एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति :** आईआईटीएफ 2025 में झारखण्ड पवेलियन अपनी शक्तियों के साथ देश-विदेश के निवेशकों, व्यापारियों और दर्शक को यह संदेश दे रहा है कि झारखंड एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति है, जो खनिज, कृषि और उद्योग तीनों में अपार संभावनाएं रखता है।

# दुबई के इंटरनेशनल अपैरल एंड टेक्सटाइल फेयर में छाया रहा झारखंड का तसर रेशम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** दुबई में आयोजित इंटरनेशनल अपैरल एंड टेक्सटाइल फेयर 2025 में झारखंड सरकार के उद्योग विभाग ने अपने परिधान और वस्त्र क्षेत्र की मजबूत क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने झारखंड राज्य पवेलियन का उद्घाटन किया, जहां राज्य की पारंपरिक कला, जैविक परिधान मॉडल और स्थानीय कारीगरों की दक्षता ने अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और निवेशकों का ध्यान खींचा। कार्यक्रम में झारखंड के जीआई टैग वाले तसर रेशम, खादी, बांस आधारित उत्पाद, जूट क्राफ्ट, सोहराई और रांची व आसपास की जनजातीय कलाओं की बेहतरीन झलक पेश की गई।

झारक्राफ्ट की ओर से कौशल विकास, आधुनिक उत्पादन सुविधाओं और महिला तथा जनजातीय कारीगरों की सहभागिता पर आधारित नवाचार भी प्रदर्शित किए गए। इससे राज्य की एकीकृत कपड़ा नेटवर्क क्षमता जिसमें सिल्क पार्क, बुनाई क्लस्टर, डिजाइन इकाइयां और परिधान निर्माण शामिल हैं को वैश्विक मंच मिला। उद्घाटन समारोह में एमएसएमई झारखंड के प्रतिनिधि, जजटियात कल्याण आयुक्त, उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव तथा झारक्राफ्ट से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने झारखंड के परिधान और वस्त्र क्षेत्र को मजबूत दिशा देने के सरकारी प्रयासों पर संतोष जताया।

राज्य का लक्ष्य आईएटीएफ के ई-नेटवर्किंग, बिजनेस मीटिंग और सोर्सिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्थानीय एमएसएमई और कारीगर समूहों को अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ना है। झारखंड पूर्वी भारत का मुख्य कपड़ा केंद्र बनने की दिशा में कार्यरत है, जिसमें रेशम और तसर उत्पादन को अधिक विस्तार देना प्रमुख लक्ष्य है। दुबई में बनी संभावनाओं ने इस यात्रा को और गति दी है। मंत्री ने वैश्विक डिजाइनरों, ब्रांडों और निवेशकों को झारखंड में अवसर खोजने तथा दीर्घकालिक सहयोग के लिए आमंत्रित किया।

# अपने अधिवक्ता बेटे को याद कर आज भी फफक-फफक कर रोती हैं चंद्रिका देवी

- चार बेटी के बाद एक बेटा हुआ था गोपी कृष्ण
- कातिल के सीने में आज भी दफन है हत्याकांड का राज : पत्नी

विवेक राज

**रांची।** अधिवक्ता गोपी कृष्ण की 70 वर्षीय मां चंद्रिका देवी आज भी अपने इकलौते बेटे को याद कर फफक-फफक कर रोती हैं। बेटे को भूल नहीं पा रही हैं। सदमे में रहने के कारण हर दिन वह डिप्रेशन की दवा खा रही हैं। कोर्ट के द्वारा बेटे के हत्यारों को उम्र कैद की फैसला सुनाये जाने पर उनकी आंखें शून्य की ओर निहारती हैं और बोलती हैं मेरे बेटे को क्यों मारा गया? कातिलों ने जिस तरह तड़पा कर मारा है, उन्हें फांसी की सजा मिलनी चाहिये थी। चार बेटी के बाद मेरा एक बेटा था। पति के जाने के बाद बेटा ही सहारा था, जिसे कातिलों ने मारकर मेरी दुनिया



उजाड़ दी है।

**तीसरे आरोपी के बरी होने से लग रहा है डर : पत्नी**

वहीं अधिवक्ता गोपी कृष्ण की पत्नी अनिमा अपने पति को याद कर आज भी बिलख-बिलख कर रोती हैं। पति की हत्या के बाद वह अपने बेटे बिराट और बेटी माही को देखकर अपने दर्द को छिपाने का प्रयास कर रही हैं। कोर्ट का फैसला से वह संतुष्ट हैं लेकिन वहीं एक अभियुक्त के बरी होने से उन्हें डर भी सता रहा है कि कहीं फिर उसके परिवार के साथ कोई अनहोनी न हो। अनिमा अपने परिवार की सुरक्षा की मांग कर रही हैं। अनिमा कहती हैं कि पति की हत्या के कारण का राज आज भी कातिल छिपाये हुये हैं। हत्या के पीछे गहन साजिश है। संभव हो तो पुलिस के अधिकारी उच्च स्तरीय जांच कर हत्याकांड की साजिश का खुलासा करें।

गौरतलब है कि रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपी कृष्ण हत्याकांड में मंगलवार को कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। अपर न्यायायुक्त कुलदीप की अदालत ने रोशन मुंडा और संदीप कालिंदी को उम्र कैद की सजा दी। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। घटना में शामिल तीसरे आरोपी खेमलाल कालिंदी को बरी कर दिया गया। अदालत ने 11 नवंबर को दोनों को दोषी करार दिया था। गिरफ्तारी के बाद से ही दोनों जेल में थे। करीब एक साल तीन महीने में फैसला आ गया। सजा तय होने के दौरान दोनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अदालत में पेश किया गया था।

**कैसे हुई थी अधिवक्ता की हत्या :** 2 अगस्त 2024 की रात सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के मधुकम महुआ टोली में अधिवक्ता गोपी कृष्ण की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। वह अपने घर के पास खड़े थे, तभी एक अपराधी आया और उनके सिर के बीचों बीच चाकू घोंप दिया। उन्हें तुरंत रिम्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके सिर से चाकू निकाला, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। हत्याकांड में शामिल तीनों अभियुक्तों को रांची पुलिस ने घटना के तीसरे दिन 5 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया था कि अधिवक्ता पर पहले गोली चलायी गई थी। गोली मिस फायर होने के बाद उसके सिर पर चाकू से हमला किया गया था ताकि उसकी मौत हो जाये।

### अधिवक्ता हत्याकांड के दो दोषियों को उम्रकैद की सजा

**रांची।** सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपी कृष्ण हत्याकांड में दोषी करार दो अभियुक्तों रोशन मुंडा एवं संदीप कालिंदी को अपर न्यायायुक्त कुलदीप की अदालत ने मंगलवार को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, दोनों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने 11 नवंबर को दोषी करार दिया था। दोनों गिरफ्तारी के बाद से लगातार जेल में हैं। यह फैसला एक साल तीन महीने में आया है। जबकि, एक आरोपी खेमलाल कालिंदी को बरी किया गया। तीनों को रांची पुलिस ने घटना के तीसरे दिन 5 अगस्त 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान दोनों को वीसी से अदालत में पेश किया गया था। जानकारी हो कि 2 अगस्त 2024 को सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के मधुकम महुआ टोली निवासी अधिवक्ता गोपी कृष्ण की चाकू से वार कर निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना को अंजाम तब दिया गया था जब गोपी कृष्ण अपने घर के पास खड़े थे। तभी एक अपराधी अचानक उनके पास आया और सिर के बीचों-बीच चाकू घोंप दिया। रिम्स में मृत अधिवक्ता के सिर से चाकू निकाला गया था। इस घटना को लेकर जिले के वकील आक्रोशित हुये थे। घटना को लेकर मृतक की पत्नी अनिमा देवी ने सुखदेव नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस फैसले पर जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने कहा कि परिवार को न्याय मिला है।

# अपराधी सुजीत सिन्हा गिरोह का सदस्य हथियार सहित गिरफ्तार

- एन्टी क्राईम व ड्रंक एंड ड्राईव चेकिंग के दौरान मिली सफलता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चुटिया थाना पुलिस ने अपराधी सुजीत सिन्हा गिरोह के सदस्य गौरव राय उर्फ शेरा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आया अभियुक्त बिहार के आरा, भोजपुर के सरैया थाना क्षेत्र के जोकहरी गांव का रहनेवाला है। पुलिस ने उसके पास से एक लोडेड देशी पिस्टल व स्कूटी जब्त की है।

इस संबंध में चुटिया थाना प्रभारी पूनम कुजूर ने बताया कि सोमवार की रात्रि करीब 11 बजे चुटिया थाना अंतर्गत एक कार सवार चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए दो-तीन राहगीरों को धक्का मार दिया गया था, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गये थे। एसएसपी के आदेशानुसार तत्काल एन्टी क्राईम एवं ड्रंक एंड ड्राईव चेकिंग चलाया गया था। जिसमें पावर हाउस चौक के पास चेकिंग के क्रम में एक स्कूटी सवार व्यक्ति जो चुटिया से नामकुम की तरफ जा रहा था एवं पुलिस बल को देखते ही गाड़ी घुमाकर भागने लगा। मौके पर मौजूद पुलिस बल की सहायता से स्कूटी सवार को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर व्यक्ति की कमर से एक लोडेड देशी पिस्टल बरामद किया गया है। पूछताछ के क्रम में पकड़ाए युवक गौरव राय उर्फ शेरा ने सुजीत सिन्हा गिरोह का सदस्य होने की बात बतायी गयी है। गिरफ्तार अभियुक्त गौरव राय उर्फ शेरा को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस टीम में पूनम कुजूर (पुनि सह थाना प्रभारी, चुटिया), एसआई भवेश कुमार, एसआई जितेन्द्र मिश्र, एसआई विवेक कुमार, एसआई निरंजन कुमार महतो, एएसआई विश्वनाथ चौधरी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।



### राहगीरों को धक्का मारकर घायल करनेवाला कार सवार गिरफ्तार

विगत रात्रि चुटिया थाना अंतर्गत अपर चुटिया अमर चौक के पास एक कार सवार चालक द्वारा तेजी एव लापरवाही से वाहन चलाते हुए दो तीन राहगीरों को धक्का मार दिया गया था जिसमे वे गभीर रुप से घायल हो गए थे। गश्ती दल एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से उक्त कार चालक को पकड़ा गया तथा क्षतिग्रस्त अवस्था में कार जिसका रजि० नंबर जेएच 01एफएफ- 6112 को बरामद किया गया तथा घायलों को समुचित ईलाज हेतु अस्पताल में भती कराया गया है। इस संबंध में चुटिया थाना में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कर कार चालक नजीम खान (निचितपुर रायडीह, थाना- तुपुदाना ओपी, जिला- रांची) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## अजय आलोक का बयान राजनीतिक शरारत वास्तविकता से नहीं है कोई लेनादेना : शाहदेव



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक के 'एक्स' पोस्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को झारखंड की राजनीति पर फिजूल के कयास लगाने के बजाय अपनी पार्टी के आंतरिक कलह पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा है कि घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी और एनडीए गठबंधन की हार के बाद यह बयान भाजपा की घबराहट और हताशा को दशार्ता है। अजय आलोक बयान राजनीतिक शरारत है, जिसका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। यह भाजपा का पुराना हथकंडा है कि जब वह चुनावी या राजनीतिक लड़ाई में सीधे मुकाबला नहीं कर पाती है, तो वह अफवाहों और कयासों के जरिए अस्थिरता फैलाने की कोशिश करती है।

मुख्य प्रवक्ता कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हमेशा से जीवंत हैं। वो जनता के दिलों में हैं और उनका संघर्ष झारखंड की माटी और आदिवासियों के हक के लिए है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य का जवाब, 'हेमंत जीवंत है भाजपा का अंत है', एकदम सही और समयोचित है। उन्होंने महागठबंधन की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी मजबूती से अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ खड़ी है। भाजपा चाहे जितने भी भ्रम फैलाने की कोशिश कर ले, झारखंड की जनता और हमारा गठबंधन एकजुट है। राज्य में सरकार अपना काम पूरी स्थिरता और ईमानदारी से कर रही है और हम आगामी चुनावों में भाजपा के मंसूबों को करारा जवाब देंगे।

लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड की राजनीति रिमोट कंट्रोल से नहीं चलती है। अजय आलोक जैसे नेताओं को सोशल मीडिया ट्रायल के जरिए झारखंड की सरकार को अस्थिर करने का नाकाम प्रयास बंद कर देना चाहिए।

## बिहार विस चुनाव में जीत के बाद दीपक प्रकाश का भव्य स्वागत

- बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर समर्थकों ने राज्यसभा सांसद को फूल-माला से लाद दिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जी के बाद राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश का मंगलवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत हुआ। एयरपोर्ट पर भारी संख्या में जुटे भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें फूल-माला से लाद दिया। इस दौरान मोदी है तो मुमकिन है, के गगनभेदी नारे लगे। स्वागत समारोह को विशेष बनाने में सांस्कृतिक समूहों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस अवसर पर दीपक प्रकाश ने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं सामाजिक संगठनों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह विजय जनता के अटूट विश्वास, एनडीए की प्रतिबद्धताओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का परिणाम है। स्वागत करने वालों में अमित कुमार, रमेश सिंह, नीरज सिंह, अरविंद तिवारी, टुनटन आदि शामिल थे।



## 21 नवंबर को होगा झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के नौ साल बाद अपना पहला दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है। वर्ष 2016 में स्थापित इस विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह 21 नवंबर को रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि कुलाधिपति सह राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार होंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और झारखंड के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार उपस्थित रहेंगे। इस समारोह में विश्वविद्यालय के फॉरेंसिक साइंस, साइबर सिक्योरिटी, सिक्योरिटी मैनेजमेंट, एमएससी इन फॉरेंसिक साइंस, एमए एमएससी इन क्रिमिनोलॉजी जैसे लगभग 20 पाठ्यक्रमों के छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार कुल 673 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें यूजी के 2019 के बाद और पीजी के 2020 के बाद पासआउट छात्र शामिल हैं।

पहले दीक्षांत समारोह को लेकर प्रोफेसरों, कर्मचारी वर्ग और विश्वविद्यालय प्रबंधन के सदस्यों में खासा उत्साह है। यह विश्वविद्यालय के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अवसर है। प्रशासनिक अधिकारी के अनुसार, मंच निर्माण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रमाणपत्रों की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था और अतिथियों के स्वागत सहित सभी व्यवस्थाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं। समारोह को सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने के लिए पारंपरिक वेशभूषा निर्धारित की गई है। इसमें छात्रों के लिए सफेद कुर्ता-पायजामा और छात्राओं के लिए लाल बॉर्डर वाली झारखंडी पारंपरिक उजली साड़ी तय की गई है। विश्वविद्यालय का कहना है कि यह परिधान राज्य की सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन करेगा और समारोह को विशिष्ट बनाएगा।

### समाहरणालय भवन में आज लगेगा रक्तदान शिविर

**रांची।** रांची डीसी के निर्देश पर सदर अनुमंडल कार्यालय द्वारा बुधवार को सुबह 10:30 बजे से समाहरणालय भवन ब्लॉक-बी के कमरा संख्या 215 में रक्तदान शिविर सह मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें समाहरणालय के सभी पदाधिकारियों व कर्मचारियों से सहभागिता का अनुरोध किया गया है। आम नागरिकों, आगंतुकों से भी रक्तदान कर मानवीय कार्य में योगदान देने की अपील की गई है। प्रशासन ने कहा कि रक्तदान महादान है और सामूहिक प्रयास जरूरतमंदों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जा सकती है

### सुनील कुमार सिंह को निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी की जिम्मेवारी

**रांची।** राज्य सरकार ने श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अपर सचिव के पद पर पदस्थापित सुनील कुमार सिंह का तबादला कर दिया है। निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी की जिम्मेवारी सौंपी गई है। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सुनील कुमार सिंह अपने कार्यों के साथ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जैप आईटी और मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी इनोवेशन लैब के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

### केवीएस और एनवीएस में शिक्षण व गैर-शिक्षण पदों पर भर्ती शुरू

**रांची।** केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) और नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) ने वर्ष 2025 के लिए शिक्षण व गैर-शिक्षण पदों पर कुल 14,967 रिक्तियों का आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। केंद्रीय सरकारी स्कूलों में नौकरी की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए यह सुनहरा अवसर है। आवेदन प्रक्रिया 14 नवंबर 2025 से शुरू होकर 4 दिसंबर 2025 तक चलेगी। अधिक जानकारी के लिए केवीएस और एनवीएस के आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

## हनुमत दरबार में छठे दिन सुहागिनों ने श्री रानी सती दादी का गुणगान किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्री नरसिंह बांध बालाजी धाम बर्नपुर के प्रमुख संतोष भाई जी के सान्निध्य में हनुमत दरबार में छठे दिन सुहागिनों ने श्री रानी सती दादी का गुणगान किया। आयोजक मंडल द्वारा मंगलवार को मंगलापाठ का आयोजन किया गया। पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सुहागिनों ने सिर ढक कर मंगला पाठ किया। उधर मंगला पाठ से पहले और बाद में हनुमत दरबार में हनुमान चालीसा का पाठ जारी रहा। रोज की तरह संतोष भाईजी ने हनुमान भक्तों को आशीर्वाद दिया और उन्हें श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने का आग्रह किया। उनके अनुयायियों ने बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह और आसपास के इलाकों से रांची पहुंचकर बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई और प्रसाद ग्रहण किया।



मंगला पाठ से पहले रोज की तरह श्री नरसिंह बांध बालाजी धाम के संतोष भाईजी ने रांची वासियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बालाजी कष्टों का निवारण करने वाले हैं। सच्चे हृदय से हनुमान चालीसा पढ़ने से इन कष्टों का निवारण होगा। श्री हनुमान चालीसा की हर चौपाई मानव के भलाई के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रह्म मुहूर्त में श्री हनुमान चालीसा का पाठ करना अधिक फायदेमंद है। सुबह की आरती में मुख्य जजमान अनिल और शोभा अग्रवाल ने पूजा अर्चना की। अजय और अर्चना खेतान ने पूजा करवाई। सुबह और शाम के भंडारे का आयोजन नरसिंह चौधरी, रमेश अग्रवाल, अंकुर जैन, संतोष कुमार, राहुल बुधिया और आतिश अग्रवाल द्वारा किया गया। सवामणि प्रसाद की व्यवस्था कार्तिक पांडेय और संतोष कुमार ने की। मंगल पाठ के मुख्य यजमान मुकेश और लता अग्रवाल ने कोलकाता से आई रेशमा लोयाल्का का स्वागत किया।

## खबर एक नजर में

### इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित




**रांची।** मन्मुख एजुकेशन ट्रस्ट एवं सी.सी.एल. द्वारा आयोजित इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों को उत्तीर्ण प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) संस्था के मनोज कुमार झा के द्वारा वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि आप लोगों का भविष्य उज्जवल हो। हमारी संस्था भी आपके रोजगार में सहयोग करने के लिए कोशिश से कर रही है, लेकिन आप लोग भी अपने स्तर से सरकारी वैकेंसी एवं अन्य वैकेंसी हो, उसमें अपने प्रमाण पत्र को भी लगा सकते हैं जिससे कि आप लोगों को नौकरी प्राप्त करने में मदद मिलेगी। प्रोजेक्ट मैनेजर मनजीत कुमार झा भी इन लोगों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर संस्था के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### मिली बॉबी ब्राउन बनीं यास आइलैंड की नई ब्रांड एंबेसडर

**रांची।** नेटफ्लिक्स की लोकप्रिय सीरीज स्ट्रेंजर थिंग्स में 'इलेवन' का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन को यास आइलैंड ने अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। प्रमोशनल वीडियो में मिली को बायर्स के लिविंग रूम में दिखाया गया है, जहां दीवार की लाइट्स जलकर 'यास' शब्द बनाती हैं। इस मौके पर मीरल डेस्टिनेशन्स के सीईओ लियाम फाइंडले ने कहा कि मिली यास आइलैंड की कल्पनाशीलता, रोमांच और मनोरंजन की भावना का प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि यह साझेदारी दर्शकों को नए अनुभवों से जोड़ने का प्रयास है। वहीं यास आइलैंड ने इस मौके पर स्ट्रेंजर थिंग्स: द एक्सपीरियंस की भी शुरूआत की है, जहां दर्शक शो की दुनिया और किरदारों को करीब से महसूस कर सकते हैं।

### आईकॉनिक की नई पेशकश आईकॉनिक विन्टर

**रांची।** एबीडी ने अपने ब्राण्ड आईकॉनिक के तहत नया उत्पाद 'आईकॉनिक विन्टर' उपलब्ध कराने की घोषणा की है। कम्पनी के अनुसार, यह सर्दियों के अनुसार तैयार किया गया उत्पाद। कम्पनी का कहना है कि आईकॉनिक ब्राण्ड ने इस वर्ष बिक्री और बाजार में अच्छा प्रदर्शन किया है और इसे उपभोक्ताओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद है। एबीडी के प्रबन्ध निदेशक आलोक गुप्ता ने कहा है कि आईकॉनिक विन्टर हमारी नई पेशकश है, जिसे उपभोक्ताओं के अनुभव को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। हमारा उद्देश्य है कि लोग हर बार कुछ नया और आकर्षक आजमाएं। कम्पनी के अनुसार, इस नए उत्पाद के लॉन्च के साथ एबीडी अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रही है।

### भागवत कथा वाचक अचिंत्यचक्र दास जी का स्वागत

**रांची।** छात्र क्लब हरे राम हरे कृष्ण मंच (यूनिट, छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को मेरी आवाज मेरी पहचान के चर्चित एवं उभरते संगीतकार कुमार गहलोत एवं कविता होरो, डीएवी शिक्षा दीप ग्रुप के डायरेक्टर शिवनंदन पाठक, कलावती कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रशासनिक पदाधिकारी विश्व दीपक पांडे, छात्र क्लब प्रौद्योगिकी मंच के संरक्षक विद्यानंद शर्मा, प्रवक्ता विनोद चौधरी, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के उपाध्यक्ष सुबोध कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से श्रीमद् भागवत कथा वाचक अचिंत्यचक्र दास (मुंबई) एवं इनके म्यूजिकल टीम के संगीतकार माधव प्रभु (वृंदावन), ढोल तबला वादक वीरेंद्र तिवारी (सासाराम), आर्गन वादक नीरज कुमार (बिहार) सहित रीना माता (भजन गायिका), अजय पाठक, प्रभु पंडित, हरिकीर्तन प्रभु आदि को अंगवस्त्र एवं तलवार भेंटकर स्वागत किया। मालूम हो कि सात दिवसीय यह भागवत कथा मुंबई के सुप्रसिद्ध कथा वाचक श्रीमान अचिंत्यचक्र दास जी द्वारा हरे कृष्ण हरे मार्ग लक्ष्मीनगर में सुनाई जा रही है। मौके पर शिवनंदन पाठक ने कहा ऐसे धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से क्षेत्र में माहौल भक्तिमय हो जाता है।

## सीयूजे में जीआईएस के बढ़ते महत्व पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के मानव विज्ञान और जनजातीय अध्ययन विभाग (डीएटीएस) में मंगलवार को सामाजिक मानव विज्ञान में जीआईएस क्यों महत्वपूर्ण है। विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध जीआईएस विश्लेषक प्रो. मुमु डे मुख्य वक्ता थीं। बताते चलें कि प्रो. डे ने अमेरिका के आईओएन जियोफिजिकल, मेवरिक नेचुरल रिसोर्सेज और फोर्ट बेंड काउंटी आईटी विभाग में लंबे समय तक कार्य किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति अध्ययन संकाय के डीन और विभागाध्यक्ष प्रो. रवींद्रनाथ शर्मा ने की। विभाग के कई संकाय सदस्य-



प्रो. सुचेता सेन चौधरी, डॉ रजनीकांत पांडे, डॉ टी नीशोनिंग कोइरेंग और डॉ एम. रामकृष्णन भी उपस्थित थे।

प्रो. मुमु डे ने बताया कि भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आज सामाजिक विज्ञान अनुसंधान का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। उनके अनुसार, जीआईएस स्थानिक पैटर्न को समझने, जनसांख्यिकीय रुझान पहचानने और सांस्कृतिक प्रक्रियाओं को अधिक सटीक ढंग से व्याख्यायित करने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने जनजातीय संसाधन उपयोग, प्रवासन, बस्तियों के विकास और पर्यावरणीय जोखिमों से जुड़े शोध में जीआईएस के प्रभावी उपयोग के कई उदाहरण साझा किये।

प्रो. डे ने बताया कि सहभागी जीआईएस आज कई समुदायों के लिए निर्णय लेने का सशक्त माध्यम बन रहा है। तंजानिया की मासाई जनजाति और कनाडा के स्वदेशी समुदायों के उदाहरण देते हुए उन्होंने समझाया कि कैसे स्थानीय ज्ञान और तकनीक के संयोजन से भूमि अधिकार, सांस्कृतिक विरासत संरक्षण और पर्यावरण प्रबंधन जैसे मुद्दों पर ठोस शोध तैयार किया जा सकता है।

उन्होंने यह भी दर्शाया कि फील्डवर्क में डेटा संग्रह और मानचित्र निर्माण के लिए आधुनिक जीआईएस एप्लिकेशन कितने उपयोगी हैं। प्रो. डे ने छात्रों को जीआईएस सीखने के लिए प्रेरित किया। उनके अनुसार, यह कौशल शोध के साथ-साथ सरकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य अध्ययन में भी बड़े अवसर प्रदान करता है।

सत्र के अंत में उपस्थित संकाय सदस्यों ने इस व्याख्यान को अत्यंत उपयोगी, प्रेरक और समयानुकूल बताया। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र और मुख्य वक्ता को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## त्रिशूल डिफेंस एकेडमी, रांची के पांच छात्रों का प्रतिष्ठित रक्षा सेवाओं में चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारत की सबसे विश्वसनीय डिफेंस कोचिंग संस्था त्रिशूल डिफेंस एकेडमी के रांची सेंटर ने इस वर्ष एक और गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है। पूर्व एसएसबी इलाहाबाद अध्यक्ष के मार्गदर्शन में संचालित रांची सेंटर से इस वर्ष कुल पांच छात्रों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित रक्षा परीक्षाओं में हुआ है। चयनित छात्रों में उत्कर्ष- एनडीए 154, पियूष और सौंदर्या पांडेय- एनडीए 155, आर. बालाजी- आईएमए, अनुराग राज- सीडीएस शामिल हैं।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल ज्ञान भूषण रहे, जिन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की सफलता युवाओं को देश सेवा की दिशा में प्रेरित करती है। कार्यक्रम में पूर्व कुलपति प्रो. अंजनी श्रीवास्तव तथा ब्रिगेडियर अमर नारायण ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से छात्रों का मनोबल बढ़ाया। इसके अतिरिक्त, त्रिशूल डिफेन्स एकेडमी मुख्यालय से अभिनव मेहरोत्रा, एकेडमिक डायरेक्टर भी समारोह में उपस्थित रहे। त्रिशूल डिफेंस एकेडमी, रांची को विशेष रूप से इस बात के लिए सराहा गया कि यहां एसएसबी की तैयारी के लिए अत्याधुनिक जीटीओ ग्राउंड की सुविधा उपलब्ध है, जो देश में कुछ ही संस्थानों के पास है। इस एकेडमी की स्थापना 2004 में विंग कमांडर अनुप मेहरोत्रा द्वारा की गई थी, जिन्हें स्नेहपूर्वक 'एसएसबी गुरु' के नाम से जाना जाता है। उनका उद्देश्य था - राष्ट्र को कुशल, योग्य और समर्पित सैन्य अधिकारी प्रदान करना, और आज उनकी यही विरासत त्रिशूल डिफेंस एकेडमी के हर केंद्र में जीवंत है।



## ओरमांझी अंचल में जनता दरबार का आयोजन, अंचल कार्य के लिए दलालों से नहीं सीओ से मिलें

# दो दर्जन समस्याओं का समाधान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** डीसी के निर्देश पर प्रत्येक मंगलवार को अंचल में जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के लोगों की जमीन से संबंधित विभिन्न मामलों का समाधान किये जा रहे हैं। जनता दरबार से ग्रामीणों को काफी लाभ हो रहा है। वहीं क्षेत्र के लोग लगातार अपनी समस्यों का सामाधान के लिए जनता दरबार में पहुंच रहे हैं, जिनका मौके पर ही निराकरण व कार्रवायी भी किया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में पहुंचे कई लोगों की तत्काल समस्या का समाधान हुआ। दो दर्जन से अधिक लोगों का दाखिल खारिज, भुमि सुधार सहित कई कार्य हुये। कुटे के भवानी महतो बताया अपने 1.20 एकड़ जमीन का आन लाइन सुधार के लिए पिछले तीन वर्षों से अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे थे। सीओ से मिल नहीं पाते थें, दूसरे लोग पेपर ले लेते थें। आज जनता दरबार के माध्यम से अंचल अधिकारी से सीधे मिलकर उन्होंने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। उम्मीद जताया अब उनका भी समस्या का समाधान हो जाएगा। इसी प्रकार अन्य ग्रामीणों ने भी जनता दरबार का सराहना करते हुए बताया कि इससे उन्हें काफी राहत मिली है। जनता दरबार से लोगों के जमीन संबंधी मामलों का तेज गति से निपटारा हो रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में संतोष का माहौल है। सीओ उज्जवल सोरेन ने भी क्षेत्र के लोगों से अपील किया है, दलालों के चक्कर में नहीं पड़े, अपनी जमीन की समस्या को लेकर खूद मिले, या जनता दरबार में आयें, सभी का काम होगा।


जनता दरबार में सीओ को समस्या बताते भवानी महतो।

## स्पीड न्यूज

### मुरी पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान




**मुरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रांची राकेश रंजन के निर्देशानुसार मुरी पुलिस ने मंगलवार को झारखंड मोड़ पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग के दौरान सभी गाड़ियों का इंश्योरेंस पॉल्यूशन, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट आदि कागजात चेकिंग किया गया इस दौरान सभी को हिदायत देकर छोड़ दिया गया वही मुरी ओपी प्रभारी राहुल कुमार मेहता ने कहा कि यह चेकिंग अभियान हमेशा चलता रहेगा चेकिंग के दौरान क्षेत्र में गतिविधि बनाए रखना साथ ही साथ आसामाजिक व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जाएगी।

### एबीवीपी ग्रामीण इकाई द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न




**चान्हो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड के रांची ग्रामीण मांडर इकाई द्वारा मंगलवार को आयोजित भगवान बिरसा मुंडा जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। सनराइज पब्लिक स्कूल बिजूपाडा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम तीन स्थानों पर कब्जा जमाया। निकिता और कुणाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्राची ने द्वितीय स्थान हासिल किया। बुधराम मुंडा को तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के प्रमुख कार्यकर्ताओं और शिक्षकों ने टॉप 20 विद्यार्थियों को ट्रॉफी, शील्ड और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और आंसर कॉपी भी उपलब्ध कराई गई। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के 483 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। विद्यार्थी परिषद ने सभी प्रतिभागियों और उनके विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया है। प्रतियोगिता में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और झारखंड के इतिहास पर आधारित 100 प्रश्न पूछे गए थे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्कर्ष तिवारी, दीपक सिंह, रोहित साहू, शिवम ठाकुर, बिट्टू सिंह, अनिकेत सिंह, आकाश महली, देवेश तिवारी, कुशल कुमार, राहुल ठाकुर, बैजनाथ यादव, सहित अन्य कार्यकर्ताओं का सराहनीययोगदान रहा।

## टाटा मैजिक वाहन पलटा, एक की मौत 13 घायल


दुर्घटनाग्रस्त टाटा मैजिक वाहन।


घटना के बाद बेहोश महिला मजदूर।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के तिलाईपिडी मोड के समीप सवारियों को ले जाता हुआ टाटा मैजिक वाहन खेत में पलट गया। घटना मंगलवार सुबह आठ बजे के आसपास की थी। लोगों के अनुसार एक साइकिल सवार व्यक्ति को बचाने के चक्कर में मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। टाटा मैजिक वाहन ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पीलीत गांव से मजदूरों को लेकर सोनाहातू थाना क्षेत्र के पंडाडीह गांव धान काटने ले जा रहा था। वाहन में अधिकतर महिला ही थी। घटना के बाद तत्काल घायलों को मुरी के सिंगपुर अस्पताल ओर मिलन चौक के माधुरी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। मुरी सिंगपुर अस्पताल में संतोषी मछुआ 23 वर्ष, सोमवारी देवी 45 वर्ष,प्रतिमा देवी 40 वर्ष,पार्वती देवी 30 वर्ष प्रथमी कुमारी 14 वर्ष,रेखा कुमारी 15 वर्ष को भर्ती कराया गया। जिसमें ईलाज के दौरान 23 वर्षीय संतोषी मछुआ का मौत हो गया है। बाकी घायल रीना कुमारी, रूपन मुंडा, तारा कुमारी, अशांति देवी, गीता महतो,रिंकी कुमारी, टुसू रजक, कमला देवी, सोमवारी देवी का इलाज मिलन चौक के माधुरी नर्सिंग होम में किया जा रहा है। कुछ लोगों की स्थिति नाजुक है। सोनाहातू पुलिस घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंच कर घायलों को बेहतर तरीके से ईलाज करने को कहा है।

## बेड़ो पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण व सड़क सुरक्षा अधिनियम के तहत थाना क्षेत्र के केशा मोड़,सांई मंदिर रोड और थाना गेट के समीप मंगलवार को थाना प्रभारी सुजित कुमार उरांव के दिशा निर्देश पर एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों का हेलमेट, ड्राईविंग लाईसेंस, रजिस्ट्रेशन समेत अन्य कागजातों की जांच करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अभियान में शामिल पुलिसकर्मियों ने लोगों को हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाने की सलाह दी। इसके अलावे चार पहिया वाहनों में भी सवार लोगों का सीट बेल्ट, डिक्की आदि की जांच की गई।थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर पुलिस लगातार वाहन जांच अभियान चला रही है। सुरक्षा व अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस का अभियान चलता रहेगा। एंटी क्राइम चेकिंग अभियान को देखकर कई लोग अपने वाहनों का रुख बदलकर दूसरे मार्ग से गंतव्य स्थान तक पहुंचे।

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महात्या

**मांडर।** थाना क्षेत्र के बूढ़ाखुखरा में एक युवक की आत्महत्या का मामला सामने आया है। 20 वर्षीय अंकित खलखो ने सोमवार देर रात पटवन के लिए बिछाए गए तार से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। वह किसी बात से परेशान था और शनिवार शाम 7 बजे बिना खाए-पीए घर से निकला था। मंगलवार सुबह जब पटवन के लिए लोग जा रहे थे, तभी उन्होंने अंकित को मरा पाया। इसकी जानकारी मिलते ही गांव के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस को सुचना दी गई तभी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के पश्चात बूढ़ाखुखरा में उनका मंगलवार शाम को अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंकित चार भाइयों में सबसे छोटा था और एक साल पहले ही रांची से वापस आया था, जहां वह मजदूरी का काम करता था। उसकी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शिक्षक के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मुरी/सिल्ली।** आर टी सी पब्लिक स्कूल सिंगपुर मुरी में शिक्षक विशम्बर महतो के असामयिक मृत्यु से विद्यालय परिवार एवं आस पास के ग्रामीणों में शोक की स्थिति देखी गई। वे विद्यालय में विगत 15 वर्षों से शिक्षण सेवा दे रहे थे। गणित एवं संस्कृत भाषा में उनकी पकड़ बहुत मजबूत थी। वे विद्यालय के छात्रावास में रहते थे। रात के 1 बजे उन्हें सीने में दर्द उठा, अपने साथ रह रहे शिक्षकों के साथ वे चल कर ही बगल के सिंगपुर नर्सिंग होम पहुंचे और अचानक हार्ट अटैक आने से रात 1:30 बजे उनकी मृत्यु हो गई। इनके निधन से विद्यालय को एक सदस्य सह शिक्षक की कमी खलेगी, जिसकी क्षतिपूर्ति हो पाना मुश्किल है। उनका मूल निवास ग्राम बारेडीह, थाना सिल्ली है। अपने पीछे वे पत्नी, एक पुत्री और एक पुत्र को छोड़ गए। उनकी चिता को उनके पुत्र राजू महतो ने बारेडीह गांव के स्वर्णरिखा तट पर मुखाग्नि दी। इस दुखद समय में पूर्व सांसद रांची राम टहल चौधरी ने विद्यालय के लिए हृदयविदारक घटना बताए तथा पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाए। निदेशक शोभाराम महतो इस घटना से मर्माहत दिखे, इस घटना को विद्यालय के लिए तथा परिवार के लिए अविश्वसनीय क्षति बताए। विद्यालय के प्राचार्य तुलसीदास महतो, प्राचार्या सुषमा देवी, उप प्राचार्य धर्मेंद्र पांडे, टेकलाल महतो, बीरेंद्र महतो, कामदेव महतो सभी खबर मिलते ही हॉस्पिटल पहुंचे और परिवार के अन्य सदस्यों को सूचना दिए और परिवार के सदस्यों को ढाढस बंधाए। विद्यालय के सभी छात्र - छात्राएं अपने नम आंखों से मौन धारण कर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, जिसके बाद स्कूल को एक दिन के लिए अवकाश घोषित किया गया।

## गलत बिलिंग से उपभोक्ता परेशान, ग्रामीणों में बढ़ा रोष

**खबर मन्त्र संनवाददाता**

**बुढ़मू।** कांके सबस्टेशन बिजली ऑफिस द्वारा उपभोक्ताओं को इन दिनों गलत बिजली बिल देने का मामला प्रकाश में आया है। जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति रोष वयाप्त है। जानकारी के अनुसार विभाग के बिजली मित्र कई महीनों से मानदेय नहीं मिलने से हड़ताल में हैं। ऐसी स्थिति में विभाग द्वारा ऑफिस से बिना मीटर रीडिंग किये ही गलत बिल निकालकर उपभोक्तओं को लगभग एक महीने से भेजा जा रहा है। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा घोषित 200 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की धज्जियां भी उड़ाई जा रही है। विभाग द्वारा क्षेत्र के उरुगुट्ठ, भांटबोडया, सोबा, ठाकुरगांव, हेसलपिरी, पतरातू, बंसरी, बरौदी, आदि गांवों के ग्रामीणों का गलत बिल भेजा जा रहा है। मामले को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों की बैठक पतरातू में हुई। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि गलत बिल को विभाग द्वारा सुधार नहीं किया जायेगा तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। वहीं मामले पर कांके एसडीओ पंकज कुमार ने कहा कि कुछ उपभोक्ताओं द्वारा गलत बिल की सूचना मिली है। जल्द ही गलत बिलों को सुधार कराया जायेगा।

### घर में घुसा रसल वाइपर, मची अफरा-तफरी

**चान्हो।** राजधान रांची के चान्हो प्रखंड अंतर्गत बलसोकरा में मंगलवार शाम छह बजे शमीम अंसारी के घर में खतरनाक रसल वाइपर सांप मिलने से अफरा-तफरी मच गई। मौके पर शमीम अंसारी ने बताया कि परिवार के सदस्यों ने जैसे ही कमरे के कोने में सांप को देखा। शोर-गुल मचाया शुरू कर दिया। आनन फानन में किसी तरह घर में मौजूद परिवार के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने बताया कि सही समय रहते घर वालों ने सूझबूझ नहीं दिखाई होती तो बड़ी घटना घट सकती थी। हालांकि सांप ने किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया।

## फार्मेसी छात्र समेत चार ने किया रक्तदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- प्रचार-प्रसार का नहीं मिला लाभ
- प्लोगों में सेवा के प्रति उदासीनता

**रातू।** राज्य सरकार से आदेश मिलने के बाद सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार के निर्देश पर सीएचसी में मंगलवार को आयोजित शिविर में एक फामेर्सी छात्र सौरभ कुमार समेत सिर्फ चार लोगों ने ही रक्तदान किया। सप्ताह भर पहले से प्रचार-प्रसार किया गया था। लेकिन, इसका कोई लाभ नहीं मिला। क्षेत्र के युवा सेवा के प्रति उदासीन रहे। इससे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार कश्यप समेत केंद्र के अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों में निराशा रही। झामुमो नेता धर्मेन्द्र सिंह, प्रखंड अध्यक्ष जितनंदन महतो व प्रिंस कुमार सिंह ने जिंदादिली का सबूत देते हुये रक्तदान किया। मौके पर डॉ प्रीति, बीएएम यशवंत कुमार, अमित कुमार, सुनीता, महावीर विश्वकर्मा, प्रकाश गोप, नीलम खलखो, सुसरेन, मनीषा, अनुराधा, प्रवीण, विद्यासागर, अजित, संधीर, रंजन व सदर अस्पताल की टीम के सदस्य आदि मौजूद थे।



### 50 की थी संभावना

डॉ कश्यप ने चारों का आभार जताते हुये कहा कि 50 से अधिक युवाओं की ओर से रक्तदान किये जाने की संभावना थी। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जतायी कि भविष्य में आयोजित होने वाले शिविर में वह बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। ताकि, खून की कमी से जूझ रहे जरूरतमंद गरीब मरीजों की जान बचाया जा सके। डॉ कश्यप ने लोगों से आगे की अपील की है।

## 21 से आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम होगा शुरू

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के पंचायतों में एक बार फिर आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत हो रही है। झारखंड सरकार के द्वारा पूर्व में आयोजित किये गये इस कार्यक्रम में काफी सफलता मिलने के बाद एक बार फिर सरकार ने जनता के बीच जाने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने इस संबंध में उपायुक्त को दिशा निर्देश जारी किया है। उन्होंने पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आम ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने तथा जांच के बाद उन्हें स्वीकृत कर योजना का लाभ स्थल पर ही लाभार्थी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत प्रखंड के 17 पंचायतों में 21 नवंबर से आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत होगी। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तिथि की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। वहीं प्रखंड के 17 पंचायतों में सबसे पहले 21 नवंबर को खुखरा पंचायत इसकी शुरूआत होगी। डोरंडा 22, तुतलो 24, करकरी 26, दिघिया 28 नवंबर, करांजी 1 दिसंबर, बेड़ो 3,केशा पुरियो 4, चचकपी 5, केशा 6, मुरतो 8, टेरो 9, घाघरा 10, ईंटा 11, जरिया 12, हरिहरपुर जामटोली 13 व नेहालुकपरिया पंचायत में 15 दिसंबर को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।


झारखण्ड सरकार

**सूचना एवं जन-सम्पर्क निदेशालय**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**

**2nd Call**

सूचना एवं जन–सम्पर्क निदेशालय, झारखण्ड, रांची द्वारा भारत के विभिन्न एयरपोर्ट पर Digital Display Board/Backlit/Standee के माध्यम से झारखण्ड सरकार के योजनाओं एवं उपलब्धियों का प्रचार–प्रसार करने हेतु दर निर्धारण एवं एजेंसियों का चयन हेतु इच्छुक उमीदवारों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। विभिन्न एयरपोर्ट पर Digital Display Board/Backlit/Standee के माध्यम से प्रचार–प्रसार के इच्छुक एजेंसी सूचीबद्धता एवं विभागीय दर निर्धारण हेतु विहित प्रपत्र में निर्धारित तिथि तक आवेदन समर्पित कर सकते है। इच्छुक एजेंसी के पास उल्लेखित एयरपोर्ट का Sole Right/Authorization अथवा Agreement होना अनिवार्य है।

सूचना एवं जन–सम्पर्क निदेशालय, रांची द्वारा Digital Display Board/ Backlit/Standee के माध्यम से भारत के उल्लेखित विभिन्न एयरपोर्ट पर प्रचार–प्रसार करने हेतु दर निर्धारण एवं एजेंसियों का चयन हेतु दिनांक 03.12.2025 के अपराह्न 03:00 बजे तक jharkhandtenders.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त सभी आवेदनों को दिनांक 04.12.2025 के अपराह्न 03:00 बजे क्रय समिति के समक्ष समीक्षा की जाएगी।

इच्छा की अभिव्यक्ति के नियम एवं शर्तें jharkhandtenders.gov.in एवं www.prdjharkhand.in पर उपलब्ध है।

निदेशक
सूचना एवं जन–सम्पर्क निदेशालय,

PR 366395 IPRD (25-26)_D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार**

**–: आवश्यक सूचना :–**

बारेसॉढ़ थाना काण्ड संख्या 05/2022, दिनांक 22.08.2022, धारा 147/148/149/ 506/307/353 भा0द0वि0, 27 आर्म्स एक्ट, 3/4/5 वि0पदा0 अधि0, 10/13/16 यू0ए0पी0 एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के अभियुक्त के विरूध माननीय न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि इश्तिहार निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्व अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | रविन्द्र गंझू उर्फ रविन्द्र जी पिता रामनाथ गंझू, सा0 हेसला, थाना चन्दवा, जिला लातेहार। |


Schedule XLIII- High Court (M) 31C (Old Criminal process No-41
In the Court of Sri. Utkarsh Jain, J.M. 1st Class, Latehar
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act-2 1947]
(Section 82 of the code of Criminal Procedure.)
Baresanr P.S-05/2022
Accused:Ravindra Ganju @Ravindra Jee, S/O- Ramnath Ganju, Vill- Hesla Banjhitola, P.S- Chandwa, Dist- Latehar.
147,148,149,506,307,353 IPC, 27 Arms Act, 3/4/5 explosive Substance Act, 10/13/16 UAP Act, 17 CLA Act.
Date of Publication in newspaper:-
Report of Publication:-
Accused shall appear on:-

ह0/–
पुलिस अधीक्षक, लातेहार।

PR.NO.366280 Police(25-26):D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़**
Email:- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना
सर्वसाधारण के लिए सूचना
प्रारूप सं0–4
अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 84 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मधु शर्मा, उम्र–करीब 55 वर्ष, पति–श्याम सुंदर शर्मा, सा0–बाद,थाना– गोरारी, जिला–रोहतास(बिहार)** ने भारतीय दण्ड संहिता धारा– 323/498(A) 504/34 भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 के अधीन दंडनीय संज्ञेय, अपराध किया है और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त रविन्द्र कुमार शर्मा मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि रविन्द्र कुमार शर्मा फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामिला से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि पतरातु थाना कांड सं0–174/2024 दिनांक–28.06.2024, धारा–323/ 498(A)/504/34 भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 के अभियुक्त मधु शर्मा, उम्र–करीब 55 वर्ष, पति–श्याम सुंदर शर्मा, सा0–बाद, थाना–गोरारी, जिला–रोहतास (बिहार) से अपेक्षा की जाती है कि वह माननीय न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उतर देने के लिए (स्थान) मे व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में **तारीख –05.12.2025** को हाजिर हो।

तिथी– 03.11.2025
(न्यायालय का मुहर)

आलोक सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी
रामगढ़

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि फरार मधु शर्मा, उम्र–करीब 55 वर्ष, पति–श्याम सुंदर शर्मा, सा0–बाद, थाना–गोरारी, जिला–रोहतास (बिहार) कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में **पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामगढ़/श्री आलोक सिंह, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, रामगढ़, झारखण्ड** न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

**पुलिस अधीक्षक रामगढ़ मो0 नं0–9431706113**
**थाना प्रभारी पतरातु, जिला–रामगढ़ मो0 नं0–9431706322**

पुलिस अधीक्षक,
रामगढ़

PR 366242 Police(25-26).D



**Govt. of Jharkhand**
**Department of Mines and Geology**
**District- Koderma**
**Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats**
**(Through E-Procurement mode over https://www. jharkhandtenders.gov.in)**

The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत Category-2 के बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :–

1. ई–नीलामी कार्यक्रम :–

| क्र0 स0 | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालू घाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/–रू0 +GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Group A- Dudhi 01 to 06, Akto 01 to 09 & Lathbedwa | 19.11.2025 | 20.11.2025 10:00 AM से 03.12.2025 3:00 PM | 06.12.2025, 5:00 PM | 09.12.2025 को 10:00 AM से 5:00 PM तक |
| 2 | Group B- Kanti Murtiya and Keso 01 to 04 | | | | |
| 3 | Group C- Keso 05 to 12 | | | | |
| 4 | Group D- Keso 13 to 16 | | | | |

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी प्रक्रिया, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https:// www. Jharkhandtenders.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. बालू घाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम–3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
8. निविदादाता द्वारा ई–पोरक्योमेंट/ई–नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा। BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
9. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.in एवं जिले के website पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई कोडरमा। | जिला कोषागार पदाधिकारी कोडरमा। | जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा।
अपर समाहर्ता, राजस्व कोडरमा। | उप निदेशक, खान हज़ारीबाग। | उपायुक्त कोडरमा।

PR 366267 Mines and Geology(25-26)#D

# संकट में पृथ्वी

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की उस चेतावनी को गंभीरता से लेना चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा है कि इंसानी जीवन को बचाने के लिये अब बहुत ज्यादा वक्त नहीं बचा है। गंभीर चेतावनी मानते हुए दुनिया के अमीर व गरीब मुल्कों को गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। लेकिन विडंबना यही है कि दुनिया में सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले देश अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़कर गरीब व विकासशील मुल्कों को जीवाश्म ईंधन का उपयोग बंद करने की दलीलें दे रहे हैं। पर्यावरण संकट का असर विश्वव्यापी है और सभी विकासशील व विकसित देश इसका ताप महसूस कर रहे हैं। चक्रवात से लेकर अतिवृष्टि व अनावृष्टि का कहर पूरी दुनिया पर दिखायी दे रहा है। तमाम देशों में बारिश के पैटर्न में अप्रत्याशित बदलाव आया है। कुल मिलाकर यह संकट किसी देश विशेष का न होकर सारी मानवता का है। दुनिया के सबसे अमीर मुल्क ही कार्बन उत्सर्जन के लिये सबसे ज्यादा जिम्मेदार हैं। जब विकसित देशों ने तमाम उद्योगों के जरिये मोटी कमाई करके प्रदूषण को खराब कर दिया है तो अब विकासशील देशों पर जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को बंद करने के लिये दबाव बनाया जा रहा है, जिससे उनके विकास का पहिया रुक जायेगा। अमेरिका, ब्रिटेन व चीन जैसे देश खूब जीवाश्म ईंधन का प्रयोग कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पर्यावरण बचाने में जिम्मेदारी निभाने से कतराते हैं। जहां तक भारत में पर्यावरण संकट का प्रश्न है तो एक चेतावनी वाली स्थिति बन रही है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग की वह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। भारत में अत्यधिक वर्षा के बाद तेज सर्दी का बदलाव निश्चित चिंता बढ़ाने वाली है। दुनिया का सबसे बड़ी चिंता पर्यावरण संतुलन की है।




**मेष–** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

**वृष–** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन–** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कर्क–** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। मन प्रसन्न बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**सिंह–** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अतःआलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

**कन्या–** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

**तुला–** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक–** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

**धनु–** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

**मकर–** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

**कुंभ–** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

**मीन–** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

# सामाजिक समरसता बढ़ायेगा सवर्ण आरक्षण

**कहते** हैं गरीबी से बड़ा अभिशाप नहीं। गरीबी न जाति देखती है न धर्म। पिछड़ेपन के मूल में भी गरीबी ही है। केंद्र की प्रगतिशील और संवेदनशील सरकार ने समाज के इस सच को पहचाना और 2019 में संविधान संशोधन विधेयक लाकर देश में निर्धन सवर्ण आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया जो गरीबी के कारण पिछड़े सवर्णों को सामाजिक न्याय का सम्बल प्रदान करेगा। यह फैसला आर्थिक समानता के साथ ही जातीय वैमनस्य दूर करने की दिशा में ठोस कदम है, इसका स्वागत इसलिए होना चाहिए क्योंकि यह उन सवर्णों के लिए एक बड़ा सहारा है जो आर्थिक रूप से विपन्न होने के बावजूद आरक्षित वर्ग सरीखी सुविधा पाने से वंचित रहे हैं। दरअसल आर्थिक आधार पर आरक्षण का फैसला प्रधानमंत्री मोदी जी की ह्यसबका साथ, सबका विकासह्ल की अवधारणा के अनुकूल है। इससे न केवल सवर्ण गरीबों का जीवन स्तर सुधरेगा बल्कि जातिगत आधार पर होने वाले आरक्षण के विरोध की तीव्रता भी काम होगी और देश में आपसी सद्भाव का वातावरण बनेगा। इसी चर्चित और उपयोगी विधेयक पर विगत सोमवार को माननीय उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय खंड पीठ ने भी अपनी मुहर लगा दी। उन्होंने मोदी सरकार के 2019 के संविधान संशोधन की वैधता को बरकरार रख सवर्ण आरक्षण पर अपनी संस्तुति प्रदान कर दी और इस तरह से सवर्ण गरीबों को जातिगत आरक्षण के परे एक संजीवनी देने का कार्य किया। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा सामाजिक समरसता और सामाजिक न्याय की दिशा में उठाया गया यह अत्यंत महत्वपूर्ण कदम था जिसको अब सर्वोच्च न्यायालय की संस्तुति भी मिल गयी। गरीबी उन्मूलन की दिशा में इसके अत्यंत सार्थक परिणाम होंगे। इसका व्यापक रूप से स्वागत होना चाहिए।

गरीब सवर्णों को आर्थिक आरक्षण देने के लिए संविधान में किए गए 103वें संशोधन के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। बेंच में चीफ जस्टिस यूयू ललित, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, जस्टिस रविंद्र एस भट, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस जेबी पारदीवाला शामिल थे। याचिकाकताओं ने 103वें संशोधन की खामियां और संविधान की मूल संरचना को लेकर दलीलें दी थीं।





**- श्याम जाजू**

> गरीब सवर्णों को आर्थिक आरक्षण देने के लिए संविधान में किए गए 103वें संशोधन के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। बेंच में चीफ जस्टिस यूयू ललित, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, जस्टिस रविंद्र एस भट, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस जेबी पारदीवाला शामिल थे। याचिकाकताओं ने 103वें संशोधन की खामियां और संविधान की मूल संरचना को लेकर दलीलें दी थीं।

पर अब दस फीसदी एहर आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर लग गई है। संविधान पीठ ने 3ः 2 के बहुमत से संवैधानिक और वैध करार दिया है। जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस जेबी पारदीवाला ने बहुमत का फैसला दिया और 2019 का संविधान में 103 वां संशोधन संवैधानिक और वैध करार दिया गया है। अदालत ने कहा झ्र एहर कोटे से संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन नहीं हुआ। इसी के साथ आरक्षण के खिलाफ याचिकाएं खारिज की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ईडब्ल्यूएस कोटा सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए 50% कोटा को बाधित नहीं करता है। ईडब्ल्यूएस कोटे से सामान्य वर्ग के गरीबों को फायदा होगा। ईडब्ल्यूएस कोटा कानून के समक्ष समानता और धर्म, जाति, वर्ग, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर और सार्वजनिक रोजगार में समान अवसर के अधिकार का उल्लंघन नहीं करता है। खंड पीठ के सदस्य जस्टिस दिनेश माहेश्वरी ने एहर आरक्षण को संवैधानिक करार दिया और कहा कि ये संविधान के किसी प्रावधान का उल्लंघन नहीं करता।

ये आरक्षण संविधान को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता। ये समानता संहिता का उल्लंघन नहीं है। जस्टिस बेला त्रिवेदी ने भी आरक्षण को सही करार दिया। इस पर जस्टिस माहेश्वरी से सहमति जताई है। जस्टिस त्रिवेदी ने कहा कि अगर राज्य इसे सही ठहरा सकता है तो उसे भेदभावपूर्ण नहीं माना जा सकता। ईडब्ल्यूएस नागरिकों की उन्नति के लिए सकारात्मक कार्रवाई के रूप में संशोधन की आवश्यकता है। असमानों के साथ समान व्यवहार नहीं किया जा सकता। रएइउ अलग श्रेणियां बनाता है। अनारक्षित श्रेणी के बराबर नहीं माना जा सकता। ईडब्ल्यूएस के तहत लाभ को भेदभावपूर्ण नहीं कहा जा सकता।

केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने 103 वें संविधान संशोधन का बचाव करते हुए कहा कि सामान्य वर्ग के ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत कोटा एससी, एसटी और ओबीसी के लिए उपलब्ध 50 प्रतिशत आरक्षण को छेड़े बिना प्रदान किया गया है। किसी संवैधानिक संशोधन को यह स्थापित किए बिना रद्द नहीं किया जा सकता है कि यह संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है। दूसरा पक्ष इस बात से इंकार नहीं कर रहा है कि उस अनारक्षित वर्ग में संघर्ष कर रहे या गरीबी से जूझ रहे लोगों को किसी सहारे की जरूरत है। इस बारे में कोई संदेह नहीं है।

अब चूंकि देश की न्यायपालिका ने इस विधेयक पर अपनी मोहर लगा दी है, सारे विवादों का अब समापन हो जाना चाहिए। हमें याद करना चाहिए स्वर्गीय अरुण जेटली जी के शब्द जो उन्होंने इस विधेयक पर बहस करते हुए कहे थे। उन्होंने कहा था कि, ह्ययह विधेयक सभी वर्गों के लोगों को समान लाभ देने का सरकार की ओर से प्रयास है। सरकार बिल के जरिए समाज में बराबरी लाने की कोशिश कर रही है।ह्ल जेटली जी ने कहा था ये सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ स्पष्ट किया है कि 50 फीसदी आरक्षण की लिमिट केवल जातिगत आरक्षण के लिए है।

बिल संसद से पास होने के बाद आरक्षण 50 फीसदी से ज्यादा हो सकता है। 8 जनवरी 2019 को गरीब सवर्ण आरक्षण के मसौदे पर संसद में बहस प्रारम्भ करते हुए भाजपा नेता थावरचंद गहलोत जी ने कहा था कि यह आरक्षण ही सबका साथ सबका विकास है। इस प्रावधान का लाभ बहुत लोगों को मिलेगा, यही सच है और इसे सभी को स्वीकार करना चाहिए।

(लेखक, भाजपा के निर्वतमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।)

## खास बात

### ट्रंप की धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा है कि जो भी देश रूस के साथ व्यापार करेगा, उस पर ह्लबहुत कड़ी पाबंदियांह्ल लगाई जाएंगी। उनका प्रशासन और रिपब्लिकन सांसद रूस को निशाना बनाने वाले कड़े कानूनों को आगे बढ़ा रहे हैं।

रविवार को पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कि क्या अब कांग्रेस को रूस और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बनाने वाले उपाय पास करने का समय है, ट्रंप ने कहा, ह्लमैं सुन रहा हूँ कि वे ऐसा कर रहे हैं, और यह मेरे लिए ठीक है।

वे कानून पास कर रहे हैं रिपब्लिकन लोग कानून ला रहे हैंङ्घ बहुत कड़ा प्रतिबंध लगाने वालेङ्घ उन सभी देशों पर जो रूस के साथ व्यवसाय कर रहे हैं। संभव है कि वे इसमें ईरान को भी जोड़ देंङ्घ यह सुझाव मैंने दिया है। ट्रंप ने दोहराया, तो जो भी देश रूस के साथ व्यापार करेगा, उसे बहुत सख्त प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा। हम इस फॉर्मूले में ईरान को भी शामिल कर सकते हैं। ट्रंप प्रशासन ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक में से हैं। इसमें रूस से ऊर्जा खरीद पर 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है।

सीनेटर लिंडसे ग्राहम द्वारा प्रस्तुत एक विधेयक में रूसी तेल की द्वितीयक खरीद और पुनर्विक्रय पर 500 प्रतिशत टैरिफ का प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव को सीनेट की विदेशी संबंध समिति में लगभग सर्वसम्मति से समर्थन मिला है।

ग्राहम और सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने संयुक्त रूप से *सैंक्शनिंग रूस एक्ट 2025* पेश किया है, जिसका उद्देश्य उन ह्लदेशों पर द्वितीयक टैरिफ और प्रतिबंध लगाना है जो पुतिन के यूक्रेन में बर्बर युद्ध को फंड करते रहते हैं।ह्ल इस प्रस्तावित कानून को सीनेट में 85 सह-प्रस्तावक मिले हैं।

**– रविशंकर सिंह, रांची**

# बिहार विधानसभा चुनाव नतीजे से निकले कई साफ संदेश

**हृदयनारायण दीक्षित**

सामयिक

**कोई** भी घटना अप्रत्याशित नहीं होती। सम्यक आकलन नहीं होता। हमारी नासमझी और व्यापक अनुभवों का उचित मूल्यांकन नहीं होता। हम अनुमान करते हैं। प्रमाणों की सहायता लेते हैं, लेकिन नियति प्रमाणों की परवाह नहीं करती। प्रमाणों के आकलन की छोटी-सी गलती परिणाम बदल देती है। कभी-कभी परिणाम बदलने की जिजीविषा पूरी शक्ति के साथ चुनौती देती है आकाश को, तब सितारों व ग्रह दशा भी बदल जाती है। बिहार चुनाव नतीजे ने सबको चौंकाया है। चुनाव में हार-जीत होती ही है।

लेकिन बिहार की जनता ने कमाल किया है और भारतीय चुनाव के इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया है। संविधान निमार्ताओं की भी इच्छा थी कि भारत का लोकतंत्र फले-फूले और जनता अपने प्रतिनिधि चुनने के लिए स्वतंत्र हो। जनता अपने नेता चुनने के अलावा कोई हिंसक रास्ता न अपनाए। इसके लिए स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव आयोग बना। संविधान (अनुच्छेद 324) में मतदाता सूची बनाने से लेकर मतगणना तक की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग पर डाली गई। 1952 से लेकर विधानमण्डल व संसद के चुनाव कराए जा रहे हैं।

निष्पक्ष चुनाव का प्रयास देश में पहले से चल रहा है लेकिन जाति, धनबल, बाहुबल के प्रभाव ने संविधान निमार्ताओं की अभिलाषा को पूरा नहीं होने दिया। इसका अर्थ यह नहीं है कि भारतीय राष्ट्र राज्य कमजोर है। भारतीय संविधान निमार्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना में भारतीय जनता को ह्लहम भारत के लोगह्ल बनने और होने का आग्रह किया है। राजनीतिक जल्दबाजी में कभी-कभी भारत को हिंदू और मुसलमान का देश कहा जाता है। कोई सिख छोड़ देता है, कोई बुद्ध और महावीर। एक प्रधानमंत्री ने देश के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला अधिकार बताया था, लेकिन संविधान निमार्ताओं ने ह्लहम भारत के लोगह्ल कह कर हम सबके सामने एक आदर्श रखा है। हम किसी भी वर्ग या संप्रदाय से सम्बंधित हो सकते हैं। लेकिन प्रथमतः और अंततः भारतीय हैं। संविधान निमार्ताओं ने नागरिकों को जाति, संप्रदाय, मत, पंथ मजहब के द्वारा अभिज्ञात नहीं किया है।

दुनिया 21वीं सदी में अंतरिक्ष में घर बनाने के सपने देख रही है, लेकिन राजनीति जातियों की गिनती में व्यस्त है। प्रसन्नता की बात है कि जिस बिहार को बम, पिस्तौल और हिंसा के लिए बदनाम किया गया था, उसी बिहार की जनता ने पुनर्जागरण का स्वप्न देखा है। इस देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बिहार के थे। उन्होंने देश को नई दिशा दी थी। सोमनाथ मंदिर का नवनिर्माण हुआ था। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद से मिले थे। उन्हें सोमनाथ मंदिर कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए निर्मंत्रित किया गया था। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू नहीं चाहते थे कि भारतीय गणराज्य का राष्ट्रपति किसी धार्मिक आयोजन में हिस्सा ले, लेकिन राजेन्द्र प्रसाद वहां गए। प्रधानमंत्री की इच्छा न होने के बावजूद गए।

बिहार चुनाव ने किसी भी विभाजक आवाज को अनसुना कर दिया। राजनेता और टिप्पणीकार चुनाव के पहले से ही जीत हार का खाका बना रहे थे। जातियों के प्रतिशत निकाले जा रहे थे। कहा जाता था कि सरकार बनाने के लिए यादव और मुसलमान मिलकर पर्याप्त हैं, इसलिए चुनाव प्रचार की बहुत आवश्यकता नहीं है। इसी तरह सभी छोटी बड़ी पार्टियों में जाति का गणित फिट करने की होड़ थी। नतीजा आ जाने पर भी यह विश्लेषण थमा नहीं। एक बड़े चैनल ने कहा कि महिलाओं ने भारी संख्या में वोट दिया। कहा जाता है कि ज्यादातर महिलाओं ने राजग को वोट किया। चुनाव का यह विश्लेषण अधूरा है। चुनाव के समय की राजनीति का समग्र विश्लेषण नहीं हुआ। साथ ही चुनाव के संदेश पर भी चर्चा नहीं हो रही।

बिहार के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हीरो थे। उन्होंने 14 सभाएं की। राजग की तरफ से गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदि वक्ताओं को जनता ने सुना। नीतीश कुमार का अपना प्रभाव है। आज से नहीं है, पहले से है। वह अनुभवी राजनेता हैं। स्वाभाविक है उनकी लोकप्रियता का लाभ गठबंधन को मिला है। चुनाव नतीजे राजग के पक्ष में एक तरफा हो गए। दल और उसके समर्थक स्वाभाविक ही खुश हैं। ढोल बाजे बज रहे हैं। खास बात यह है कि चुनाव नतीजे से खास तरह की उम्मीदें हैं। विशेष प्रकार की प्रसन्नता है। इन नतीजों की उम्मीद नहीं थी। जन सुराज पार्टी के अभियान चलाए जा रहे थे, लेकिन उन्हें कोई सीट नहीं मिली। ऐसी उम्मीद उन्हें भी नहीं थी। जो भारी बहुमत से जीते और हारे हैं, सब मिलकर विकास करें।

एक समय बिहार में जंगलराज था। अधिकारी पीटे जा रहे थे। अपहरण थे। गुण्डा टैक्स थे। राजनीति की प्रतिष्ठित कुर्सियों पर बाहुबली थे। लोग मारे जा रहे थे। हिंसा का जोर था। कोर्ट ने भी बिहार के जंगलराज पर टिप्पणी की थी। जंगलराज शब्द का उपयोग न्यायालय ने किया था। बाहुबलियों की भरमार थी। नीतीश की पिछली सरकार ने जंगलराज पर काबू पा लिया था लेकिन मध्य वर्ग और टिप्पणीकार चुनाव नतीजों को जाति के आधार पर ही जांच रहे थे। एक समय बिहार में जातियों की सेनाएं थीं। परस्पर युद्ध करती थीं। वह राजनीतिक दलों के ऊपर सवार थीं। जातिवाद से बिहार झुलसता रहा। लोगों में निराशा थी। लोग सोचते थे कि अब जाति के इस प्रेत का सामना करना कठिन हो गया है। जनता के एक वर्ग ने इसे नियति मानकर स्वीकार कर लिया था।

लोकतंत्र एक जीवनशैली है। विचार आधारित राजनीति लोकतांत्रिक अधिकारों व अवसर का सदुपयोग करती है। समाज को उसका हक मिलता है। बिहार में वैसा नहीं हो रहा था। इतिहास के विद्यार्थी कौटिल्य को बिहार से जोड़ते हैं। तब मगध राज्य था। छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटे देश को राष्ट्र बनाने का काम कौटिल्य ने किया था। छोटे-छोटे दलों को मिलाकर एक सशक्त विकल्प देने का काम भाजपा, जदयू, लोजपा, हम आदि ने किया है। बिहार चुनाव को पूरे देश ने देखा है। चुनाव परिणामों ने किसी को भी निराश नहीं किया। चुनाव में इस बार कोई हिंसा नहीं हुई। बूथ नहीं लूटे गए।

अपवाद छोड़कर व्यक्तिगत हमले नहीं हुए। वोट डालने की यह शैली पूरे देश द्वारा सराही गई है। जाति ने राष्ट्र को बड़ी क्षति पहुंचाई है। बिहार का संदेश सुस्पष्ट है। राजनीति में विचारधारा की महत्ता बढ़ सकती है, विकास की मांग बढ़ेगी। जाति की बातें नहीं चलेगी। सबका साथ-सबका विकास राजनीति का एजेण्डा है ही। उम्मीद है कि इससे भारतीय राजनीति में जाति का महत्व घटेगा। पश्चिम बंगाल के अनुभवी राजनेताओं को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। बिहार की आदरणीय जनता को बधाई।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

# समाज को राह दिखाता है मीडिया

**रमेश सर्राफ धमोरा**

सामयिक

**देश** को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पत्रकारिता आजादी के बाद भी अलग-अलग परिदृश्यों में अपनी सार्थक जिम्मदारियों को निभा रही है लेकिन मौजूदा दौर में पत्रकारिता दिनों-दिन मुश्किल बनती जा रही है। जैसे-जैसे समाज में अत्याचार, भ्रष्टाचार, दुराचार और अपराध बढ़ रहा है। पत्रकारों पर हमले की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। मीडिया और पत्रकारों पर हमला वही करते या करवाते हैं जो इन बुराइयों में डूबे हुए हैं। ऐसे लोग दोहरा चरित्र जीते हैं। मीडिया जब इनके काले कारनामों की पोल खोलने लगता है तो ये बौखला जाते हैं और उन पर हमले करवाते हैं। पुलिस और शासन तंत्र भी इन्हीं का साथ देते हैं। दिखावे के तौर पर मामला दर्ज कर लिया जाता है लेकिन होता कुछ नहीं। ये हालात चिन्ताजनक है। यह दिन भारत में एक स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की मौजूदगी का प्रतीक है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस, प्रेस की स्वतंत्रता एवं जिम्मेदारियों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करता है। प्रथम प्रेस आयोग ने भारत में प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा एंव पत्रकारिता में उच्च आदर्श कायम करने के उद्देश्य से एक प्रेस परिषद की कल्पना की थी। परिणाम स्वरूप 4 जुलाई 1966 को भारत में प्रेस परिषद की स्थापना की गई जिसने 16 नवम्बर 1966 से अपना विधिवत कार्य शुरू किया। तब से लेकर आज तक प्रतिवर्ष 16 नवम्बर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पत्रकारों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वयं को फिर से समर्पित करने का अवसर प्रदान करता है।

मीडिया को समाज का दर्पण एवं दीपक दोनों माना जाता है। चाहे वे समाचार पत्र हों या समाचार चैनल, उन्हें मूलतः समाज का दर्पण माना जाता है। दर्पण का काम है वह समाज की हू-ब-हू तस्वीर समाज के सामने पेश कर सकें। परन्तु कभी-कभी निहित स्वार्थों के कारण ये समाचार मीडिया समतल दर्पण की जगह उत्तल या अवतल दर्पण की तरह काम करने लग जाते हैं। इससे समाज की उल्टी, अवास्तविक, काल्पनिक एवं विकृत तस्वीर भी सामने आ जाती है। तात्पर्य यह है कि खोजी पत्रकारिता के नाम पर आज पीली व नीली पत्रकारिता हमारे कुछ पत्रकारों के गुलाबी जीवन का अभिन्न अंग बनती जा रही है। भारतीय प्रेस परिषद ने अपनी रिपोर्ट में कहा भी है कि भारत में प्रेस ने ज्यादा गलतियां की है एंव अधिकारियों की तुलना में प्रेस के खिलाफ अधिक शिकायतें दर्ज हैं।

वर्तमान समय में पत्रकारिता का क्षेत्र व्यापक हो गया है। पत्रकारिता जन-जन तक सूचनात्मक, शिक्षाप्रद एवं मनोरंजनात्मक संदेश पहुंचाने की कला एंव विधा है। समाचार पत्र एक ऐसी उत्तर पुस्तिका के समान है जिसके लाखों परीक्षक एवं अनगिनत समीक्षक होते हैं। अन्य माध्यमों के भी परीक्षक एंव समीक्षक उनके लक्षित जनसमूह ही होते हैं। तथ्यपरकता, यथार्थवादिता, संतुलन एंव वस्तुनिष्ठता इसके आधारभूत तत्व है। परन्तु इनकी कमियां आज पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुत बड़ी त्रासदी साबित होने लगी हैं। पत्रकार चाहे प्रशिक्षित हो या गैर प्रशिक्षित, यह सबको पता है कि पत्रकारिता में तथ्यपरकता होनी चाहिए। परन्तु तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर, बढ़ा-चढ़ा कर या घटाकर सनसनी बनाने की प्रवृति आज पत्रकारिता में बढ़ने लगी है।

रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) के 2025 विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत 180 देशों में से 151वें स्थान पर है। यह साल 2024 में 159वें और 2023 में 161वें स्थान से थोड़ा बेहतर है। लेकिन भारत अभी भी बहुत गंभीर प्रेस स्वतंत्रता श्रेणी में है। भारत नेपाल (90वां), मालदीव (104वां), श्रीलंका (139वां) और बांग्लादेश (149वां) जैसे पड़ोसी देशों से नीचे है। नॉर्वे, एस्टोनिया और नीदरलैंड प्रेस स्वतंत्रता में वैश्विक स्तर पर शीर्ष तीन प्रदर्शनकारी हैं। पहली बार, वैश्विक प्रेस स्वतंत्रता को आर्थिक दबावों के बढ़ने के कारण कठिन स्थिति में देखा जा रहा है।

भारत जैसे विकासशील देशों में मीडिया पर जातिवाद और सम्प्रदायवाद जैसे संकुचित विचारों के खिलाफ संघर्ष करने और गरीबी तथा अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई में लोगों की सहायता करने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। क्योंकि लोगों का एक बहुत बड़ा वर्ग पिछड़ा और अनभिज्ञ है। इसलिये यह और भी जरूरी है कि आधुनिक विचार उन तक पहुंचाए जाएं और उनका पिछड़ापन दूर किया जाए ताकि वे सजग भारत का हिस्सा बन सकें। इस दृष्टि से मीडिया की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सरदार @150 यूनिटी मार्च : हजारीबाग में राष्ट्रीय एकता का अद्भुत संदेश

## रियासतों के एकीकरण में पटेल का योगदान सदैव अमर रहेगा : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** मंगलवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के संकल्प का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत के माध्यम से आयोजित विकसित भारत पदयात्रा का जिला स्तरीय आयोजन एक भव्य सरदार @150 यूनिटी मार्च के



रूप में सामने आया। कार्यक्रम का उद्घाटन विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ, जहां मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल एवं सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सरदार पटेल और विनोबा भावे को पुष्पांजलि अर्पित की तथा वंदे मातरम के सामूहिक गायन से कार्यक्रम की शुरूआत की। सभागार परिसर में अखंड भारत को दर्शाते आकर्षक सेल्फी प्वाइंट और विविधता में एकता के संदेश को प्रेषित करती एनएसएस छात्रों की लघु नाटिकाएँ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ युवाओं के लिए विशेष आकर्षण रहीं। हजारों छात्रों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को नई ऊर्जा प्रदान की। उद्घाटन के बाद सांसद मनीष जायसवाल सहित अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। सैकड़ों युवा हाथों में तिरंगा लिए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए सरदार पटेल अमर रहें के जयकारों से माहौल गूँजा उठे। पदयात्रा ने पूरे शहर में राष्ट्रीय एकात्मता का सशक्त संदेश दिया। सांसद मनीष जायसवाल ने संबोधन में कहा कि रियासतों के एकीकरण में सरदार पटेल का योगदान सदैव अमर रहेगा। राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने की प्रेरणा ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। युवाओं को उनके जीवन से अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रभावना सीखने की जरूरत है।

## स्पीड न्यूज

### ए ला एंगलाइज विद्यालय भुरकुंडा में लगा विज्ञान व क्राफ्ट प्रदर्शनी




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय भुरकुंडा में मंगलवार को वार्षिक विज्ञान एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचारी सोच और कलात्मक कौशल को विकसित करना था। प्रदर्शनी का उद्घाटन जुबली कॉलेज के भूतपूर्व प्रोफेसर डॉ. शंभू प्रसाद और प्राचार्य विजयंत कुमार ने दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया। विज्ञान विभाग की ओर से कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों ने विज्ञान आधारित मॉडल, प्रोजेक्ट और शोध कार्य प्रस्तुत किए। छात्रों ने प्रत्येक मॉडल की कार्यप्रणाली को सरल भाषा में समझाकर दर्शकों को प्रभावित किया। डॉ. शंभू प्रसाद ने बच्चों की नवाचारी सोच को सराहते हुए इसे ज्ञान, कल्पना और प्रौद्योगिकी का संगम बताया। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि विद्यालय का प्रयास है कि छात्रों को ऐसे मंच मिले जहां वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। अभिभावकों ने बच्चों की मेहनत और प्रस्तुति की खुलकर तारीफ की। उनके अनुसार ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और सीखने की प्रेरणा बढ़ती है। क्राफ्ट प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी कला व सृजनात्मकता का शानदार परिचय दिया। प्रदर्शित वस्तुओं में पेपर क्राफ्ट ग्लास पेंटिंग, मीनाकारी आर्ट, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट सामान, मिट्टी कला, बेंत एवं जूट के सजावटी सामान, दीये, दीवार सजावट, घरेलू उपयोग की कला वस्तुएं, ह्वेस्ट मटेरियल से उपयोगी वस्तुएं सेक्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों ने पुराने टायर से स्टूल, बोतलों से पेन स्टैंड, जूट से वॉल हैंगिंग तैयार कर अभिभावकों की खूब सराहना पाई।

### पीवीयूएनएल में सेफ्टी पेप टॉक




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) में मंगलवार को मास सेफ्टी पेप टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सेफ्टी प्रतिज्ञा के साथ हुई, जिसका नेतृत्व सीईओ अशोक सेहगल ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी अनुपम मुखर्जी, सीजीएम (प्रोजेक्ट), बिष्णु दत्ता दास, जीएम (प्रोजेक्ट), एस.के. मंडल, पीडी (बीएचईएल) और रंजीत पाल, सीएम (बीएचईएल) उपस्थित थे। साथ ही पीवीयूएनएल एवं बीएचईएल के अन्य अधिकारी तथा सहयोगी गतिविधियों से जुड़े अनेक श्रमिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने संबोधन में सीईओ अशोक सेहगल ने व्यक्तिगत सुरक्षा, सामूहिक जिम्मेदारी और बेहतर हाउसकीपिंग मानकों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सभी कर्मचारियों और श्रमिकों से संगठन के ह्लजीरो हार्मह्व लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सक्रिय योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सहकर्मियों द्वारा सेफ्टी गीत की प्रस्तुति दी गई, जिसके बाद ऊंचाई पर कार्य सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस नाटक ने श्रमिकों को सुरक्षित कार्य व्यवहार के प्रति प्रभावी रूप से जागरूक किया। साइट पर उत्कृष्ट सुरक्षा मानकों को अपनाने वाले 26 श्रमिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई।

### राधा गोविंद विवि में जागरूकता कार्यक्रम



रामगढ़। रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा विजिलेंस जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में छात्रों ने भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता एवं पारदर्शिता को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के तहत पोस्टर प्रस्तुति, निबंध लेखन प्रतियोगिता, तथा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और विचारों के माध्यम से भ्रष्टाचार उन्मूलन और नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर कदम पर सतर्कता से ही भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा हर बच्चे की शिक्षा का उद्देश्य राष्ट्र हित में होना चाहिए। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ सत्य प्रकाश , डॉ अपराजिता,माइक्रोबायोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ प्रणव कुमार महाता , उमा कुमारी एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्रों और शिक्षकों ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण किया। विजिलेंस जागरूकता कार्यक्रम को विद्यार्थियों ने अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बताया।

## पुलिस ने बरही ज्वेलर्स लूटकांड का 24 घंटे में किया उद्भेदन

# कारबाईन और देसी कट्टा के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

## लूटे गये डेढ़ करोड़ के आभूषण बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/हजारीबा।** हजारीबाग पुलिस ने बरही चौक स्थित जय माता दी ज्वेलर्स के मालिक से हुई करोड़ों के आभूषण लूटकांड का खुलासा करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने लूटकांड में शामिल तीन अभियुक्त धनन्जय चौधरी उर्फ छोटु ( ग्राम-लेम्बोईया, थाना-रौशनगंज, जिला गयाजी, बिहार), इन्द्रराज चौधरी (मायापुर, थाना-हंटरगंज, जिला-चतरा) और रौशन यादव, (ग्राम-गंगटी, थाना-शेरधाटी, जिला- गयाजी, बिहार) को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्त में आये अपराधियों के पास से करीब डेढ़ करोड की आभूषण (सोना का जेवरात-946 ग्राम करीब, संखा पोला-200 ग्राम , चांदी का जेवरात (नया)- 11 किलो ग्राम, चाँदी का जेवरात (पुराना) 1.760 किलो ग्राम), स्कॉर्पियो वाहन, केटीएम मोटरसाईकिल ,तीन देशी कप्ता, एक देशी कारबाईन, छह गोली और दो मोबाईल बरामद की है।

इस संबंध में हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि 16 नवंबर की रात्रि करीब नौ बजे बरही थाना क्षेत्र के बरही चौक स्थित जय माता दी ज्वेलर्स के स्वामी अपने दुकान के



सोना-चांदी के आभूषण चार बैग में रखकर अपनी कार में लोड कर रहे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अपराधियों ने फायरिंग करते हुए कार का शीशा तोड़ा और चारों बैग में रखे आभूषण लूट कर फरार हो गये। घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया। एसआईटी द्वारा गुप्त सूचना, तकनीकी शाखा, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य संसाधनों के आधार पर त्वरित अभियान चलाया गया। जिसमें 24 घंटे के अंदर घटना का उद्भेदन करते हुये लूटकांड में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के पास से लूटे हुये आभूषण, अवैध हथियार व अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस टीम में अजीत कुमार विमल, (अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही), बिनोद कुमार (पुनि-सह- थाना प्रभारी, बरही), चन्द्रशेखर कुमार (पुलिस निरीक्षक, बरही अंचल), एसआई सरोज सिंह चौधरी, (थाना प्रभारी चौपारण), एसआई मृत्युंजय कुमार, एसआई सुमित साव, एसआई सुशील कुमार, एसआई राजवल्लभ कुमार, एसआई नरेन्द्र कुमार पांडेय, एसआई सौरभ कुमार,एसआई सुरजीत चौधरी, एसआई दीपक कुमार,एसआई रुपलाल यादव,एसआई बादल कुमार हेम्ब्रम,एएसआई बादल महतो सहित तकनिकि शाखा व सशस्त्र बल शामिल थे।

# अरुण मंडल गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार

## मुंशी का अपहरण का 72 घंटे में पर्दाफाश

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग पुलिस ने टाटीझरिया में हुए 20 लाख रुपये फिरौती कांड का खुलासा कर उस आपराधिक गिरोह पर करारा प्रहार किया है, जो पिछले कुछ महीनों से लगातार अपहरण, हथियारबंद घटनाओं और गैंगवार जैसे मामलों को अंजाम देकर इलाके में भय का माहौल बना रहा था। इस मामले में पुलिस ने एके गैंगवार ग्रुप के दो कुख्यात अपराधियों को देशी कारबाईन और पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। अपहत मुंशी गोपाल कुमार को पुलिस पूरी तरह सुरक्षित वापस ले आई।

**रात में उठा ले गए पॉल्ट्री फार्म का कर्मचारी :** 6/7 नवंबर की देर रात मायापुर स्थित एसएम पॉल्ट्री फार्म में काम कर रहे मुंशी गोपाल कुमार को अपराधियों ने उनकी पैशन प्रो बाइक सहित जबरन उठा लिया। अपराधियों ने कुछ ही देर बाद गोपाल के मालिक और परिवार से फोन पर 20 लाख रुपए की फिरौती की मांग की और जान से मारने की धमकी दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष एसआईटी बनाई गई। टीम ने शुरू से ही तकनीकी सर्विलांस, मोबाइल ट्रैकिंग, गुप्त सूचना तंत्र और क्षेत्रीय मुखबिरों को सक्रिय कर अपराधियों की हर गतिविधि पर निगरानी रखनी शुरू की। इस बीच पुलिस को एक बड़ी जानकारी मिली–गिरोह का सरगना अरुण मंडल अपने साथियों के साथ जंगल क्षेत्र में नई वारदात की तैयारी में घूम रहा है।

चपरा जंगल में हाई-इंटेंसिटी ऑपरेशन : 18 नवंबर को आंगो थाना क्षेत्र के चपरा जंगल में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध बाइक को रुकवाने की कोशिश की। पुलिस को देखते ही दोनों सवार भागने लगे, लेकिन एसआईटी की त्वरित घेराबंदी के बाद अरुण मंडल और रोहित कुमार को दबोच लिया गया। टीम ने उनके पास से दो देसी कारबाइन, कारतूस, मोबाइल, कैमोफ्लॉज वर्दी बरामद किए। पूछताछ में दोनों ने गोपाल कुमार के अपहरण की बात स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर मुरकी जंगल से अपहरण में प्रयुक्त डिस्कवर मोटरसाइकिल भी बरामद हुई।

गिरिडीह का रहने वाला अरुण मंडल के खिलाफ हजारीबाग, झारखंड और बिहार में अपहरण, डकैती, लूट, हत्या और नक्सली कनेक्शन जैसे 15 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। उसका साथी रोहित महतो (23 वर्ष) भी विष्णुगढ़ क्षेत्र का पुराना अपराधी है। इस ऑपरेशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़ वैजनाथ प्रसाद, निरीक्षक जगलाल मुंडा और एसआइटी के अन्य अफसरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ए ला एंगलाइज विद्यालय में ड्राइंग प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा सोमवार को टूगेदर ऐज वन थीम पर ए ला एंगलाइज विद्यालय में पीस पोस्टर ड्राइंग प्रतियोगिता का ऑन लाइन आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 7 से 13 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपने चित्रों के माध्यम से शांति, एकता, भाईचारे और सामूहिक सौहार्द का सुंदर संदेश दिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय परिसर रचनात्मकता और रंगों से सराबोर रहा। बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति से यह संदेश दिया कि दुनिया तभी सुंदर और सुरक्षित बन सकती है, जब हम सभी एक साथ मिलकर आगे बढ़ें। लायंस क्लब



भुरकुंडा के अध्यक्ष अशोक सिन्हा ने कहा कि बच्चों के भीतर शांति और एकता का संदेश भरना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ऐसी प्रतियोगिताएं उनके अंदर सकारात्मक सोच और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब आगे भी समाजहित में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि आज के बच्चों में अद्भुत प्रतिभा है। उन्होंने अपने चित्रों में एकजुट होकर जो भाव प्रकट किया है, वह प्रशंसनीय है। हमारा विद्यालय छात्रों को रचनात्मक मंच प्रदान करता रहा है और आगे भी ऐसी गतिविधियां निरंतर आयोजित होती रहेंगी। निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की।

## डोमचांच में वृद्ध महिला की कीटनाशक खाने से मौत

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बगड़ो डुमरडीहा गांव में 62 वर्षीय वृद्ध महिला की कीटनाशक खाने से मौत हो गई। वहीं मृतका की पहचान सीता देवी पति बैजनाथ यादव के रूप में हुई है। वहीं परिजनों ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से मानसिक रूप से बीमार थीं। वहीं मृतका की पुत्री सरिता देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार दोपहर परिवार के सभी सदस्य धान की कटाई के लिए खेतों में गए हुए थे, घर पर केवल उनकी मां और बहू मौजूद थीं। बहू अपने नवजात बच्चे के साथ कमरे में थी, जबकि सीता देवी अपने कमरे में आराम कर रही थी। इसी बीच, जब बहू कमरे से बाहर आई, तो उसने सीता देवी को अपने कमरे में बेसुध पड़ा देखा। जिसके बाद बहू ने तुरंत परिवार के अन्य सदस्यों को सूचित किया। वहीं परिजन घर पहुंचे और आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों से उसे मृत घोषित कर दिया।

## एक नजर में

### बड़कागांव में लगा रक्तदान शिविर



बड़कागांव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को राज्यव्यापी रक्तदान अभियान के तहत एक दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन हुआ। झारखंड सरकार द्वारा 12 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक पूरे राज्य में रक्तदान शिविर लगाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जिसके क्रम में हजारीबाग स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से यह शिविर चिकित्सा प्रभारी डॉ. अविनाश कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने स्वयं रक्तदान कर किया। उनके इस प्रेरक कदम के बाद लगभग दो दर्जन लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदाताओं में पुलिस पदाधिकारी प्रभात कुमार सिंह, हादी खान, पत्रकार दीपक सिंहा, पंकज ठाकुर, रंजन कुमार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल थे। इनमें राकेश कुमार मेहता, मृत्युंजय कुमार सिंह, राखी कुमारी, फैयाज अहमद खान, गोपाल कुमार, रविंद्र कुमार, विजय कुमार महतो, मो. अब्बास खान और अमित लाल गुप्ता जैसे लोग भी शामिल रहे। शिविर में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री मंडल ने कहा कि रक्तदान किसी भी जरूरतमंद की जान बचाने का सबसे सरल और मानवीय तरीका है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में रक्तदान को लेकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। चिकित्सा प्रभारी डॉ. अविनाश कुमार ने बताया कि नियमित रक्तदान से शरीर में रक्त का संचरण बेहतर होता है और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर रक्तदान को जन–आंदोलन बनाने की अपील की। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे समय सक्रिय रही और व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हुई।

### खिरगांव से 65 वृद्ध तीथ यात्रा पर गये

हजारीबाग। हजारीबाग में मंगलवार को सांसद मनीष जायसवाल द्वारा संचालित सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत वार्ड 31 और 32 के 65 बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों का जत्था चार धाम यात्रा के लिए रवाना हुआ। खिरगांव स्थित दुर्गा मंडप प्रांगण से यात्रियों को विदा करने के लिए सांसद मनीष जायसवाल, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। यात्रा की शुरूआत पर सांसद और समाजसेवी ने स्वयं बुजुर्ग यात्रियों के पांव पखारे और उन पर पुष्पवर्षा कर सम्मानपूर्वक उन्हें विदा किया। सांसद सेवा कार्यालय की ओर से सभी यात्रियों को पहचान पत्र और अल्पाहार भी प्रदान किया गया। खिरगांव एवं आसपास के लोगों की भारी भीड़ यात्रियों को विदा करने के लिए उमड़ी और गाजे-बाजे के साथ उन्हें काशी, अयोध्या, विंध्याचल और प्रयागराज के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र के बुजुर्गों को तीर्थ करवाना उनके लिए सौभाग्य की बात है और यह सेवा ईश्वर की कृपा रहती तक जारी रहेगी। समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह जनप्रतिनिधि की संवेदना और समाज से जुड़ाव का श्रेष्ठ उदाहरण है। मौके पर अजय साहू, किशोरी राणा, राजकरण पांडेय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विद्यालय की स्वच्छता पर दें ध्यान: डीसी

- रामगढ़ के उपायुक्त दुलमी प्रखंड में बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने मंगलवार को दुलमी प्रखंड स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रहछात्राओं की सुरक्षा और विद्यालय की स्वच्छता पर ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, शैक्षणिक व्यवस्था सहित छात्राओं को दी जा रही विभिन्न सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली। डीसी ने आवासीय परिसर में रह रही बच्चियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की। भोजनागार, रसोईघर और खाद्य सामग्री के भंडारण की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन व्यवस्था को और बेहतर तथा पौष्टिक बनाने का निर्देश दिया। डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने छात्राओं से बातचीत की।




उन्होंने बच्चियों से विद्यालय के माध्यम से प्राप्त हो रही सुविधाओं, शिक्षा, भोजन, स्वास्थ्य, खेलकूद और सुरक्षा के संबंध में उनके अनुभव और सुझाव जाने। डीसी ने आश्वस्त किया कि प्रशासन हमेशा बालिकाओं के हित में समर्पित है और किसी भी समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा। डीसी ने विद्यालय के कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, कक्षाओं, खेल सामग्री और अन्य संसाधनों का निरीक्षण किया। लैब में उपलब्ध उपकरणों की कार्यशीलता, डिजिटल शिक्षण सामग्री की उपलब्धता और पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या एवं उपयोग की स्थिति की जानकारी ली। डीसी ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि बच्चियों को शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों और खेलकूद के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि खेल, रचनात्मकता और तकनीकी शिक्षा से बालिकाओं के आत्मविश्वास और भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। डीसी ने विद्यालय प्रबंधन को सभी सुविधाओं के नियमित रखरखाव, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और छात्राओं की सुरक्षा मानकों को लगातार प्राथमिकता में रखने के निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीईओ कुमारी नीलम, बीडीओ अमित कुमार, सीओ किशोरी यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# शिक्षा में परेशानी से बचाये एजुकेशन लोन



प्रशांत झा

बैंक एजुकेशन लोन देने से पहले उसकी वापसी यानी रिपेमेंट सुनिश्चित करता है। आमतौर पर लोन उसे ही दिया जाता है, जो इसे वापस करने की क्षमता रखता है। रिपेमेंट लोन लेने वाले स्टूडेंट के अभिभावक कर सकते हैं या फिर लोन लेने वाला स्वयं पढ़ाई खत्म करने के बाद रिपेमेंट कर सकता है। लोन लेने के लिए गारंटर की जरूरत पड़ती है। गारंटर लोन लेने वाले का अभिभावक या फिर रिश्तेदार हो सकते हैं। बैंक किसी भी कोर्स के लिए होने वाले खर्चों की पूर्ति करने के लिए वित्तीय मदद मुहैया कराता है। एजुकेशन लोन के दायरे में देश और विदेश में पढ़ाए जाने वाले कोर्स शामिल होते हैं। आप चाहें तो किसी के लिए भी बैंक से लोन ले सकते हैं।

## जैसी पढ़ाई वैसा लोन

भारत में 12वीं की स्कूली शिक्षा, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, पीएचडी, इंजीनियरिंग, मेडिकल, एग्रीकल्चर, ला, डेंटल, मैनेजमेंट, कंप्यूटर, मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थानों के कंप्यूटर कोर्स, आईसीडब्लूए, सीए आदि जैसे कोर्सों के लिए एजुकेशन लोन ले सकते हैं। यदि आप विदेश में पढ़ाई करने की चाहत रखते हैं, तो प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी के जॉब ओरिएंटेड प्रोफेशनल या टेक्निकल कोर्स, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, एमसीए, एमबीए, एमएस आदि के लिए भी एजुकेशन लोन बैंक से हासिल कर सकते हैं।

स्कूल, कालेज और होस्टल की फीस, परीक्षा, लाइब्रेरी और लेबोरेटरी की फीस, किताबें, इंस्ट्रूमेंटस, इक्विपमेंट, यूनिफॉर्म खरीदने के लिए, विदेश में पढ़ाई के लिए यात्रा खर्च, रास्ते का खर्च, स्टडी टूर, प्रोजेक्ट वर्क, थीसिस इत्यादि के लिए एजुकेशन लोन मिल जाता है।

जब आप एजुकेशन लोन लेने का मन बना लेते हैं, तो आप पहले से ही यह अंदाजा लगा लें कि आपकी जरूरत कितनी है? अलग-अलग मद में कितना खर्च होगा? पढ़ने के लिए कहां जाना है? कितना समय लगेगा? इस पर विचार करने के बाद अपना बजट तैयार करें और तय करें कि कितना बोझ आप खुद उठा सकते हैं।

मंदी के कारण आजकल मार्केट की स्थिति बेहतर नहीं है। ऐसे में जान लें कि आप जो लोन लेने जा रहे हैं, उसकी रिपेमेंट सही समय पर हो जाए। इसलिए लोन उतना लिया जाए, जितना अदा कर सकें। नौकरी लगने के बाद रिपेमेंट के ऑप्शन पर विचार करने से पहले सभी विकल्पों और अच्छी-बुरी सभी प्रकार की संभावनाओं पर पूरी तरह विचार कर लिया जाना चाहिए।

बेशक बाजार की मांग और आपूर्ति का इस सेक्टर पर नकारात्मक असर नहीं पड़ता, लेकिन फ्लोटिंग रेट का असर जरूर पड़ता है। विशेषकर लंबी अवधि के लोन, फ्लोटिंग रेट से प्रभावित होते हैं।

बैंक अन्य लोन की तरह ही एजुकेशन लोन पर भी ब्याज वसूलता है, लेकिन यह वसूली करने के लिए उसके पास मुख्य रूप से 3 विकल्प हैं। इनमें एक आकर्षक जरिया है मोरेटोरियम पीरियड जिसे रिपेमेंट हॉलीडे भी कहा जाता है। इसमें विकल्प होता है कि लोन लेने वाला इसकी रिपेमेंट जिस कोर्स में ऐडमिशन लिया गया है, उसकी समाप्ति के बाद कर सकता है। रिपेमेंट मोरेटोरियम कई बैंक कोर्स की समाप्ति के 1 वर्ष बाद या नौकरी लगने के 6 महीने बाद शुरू करने के विकल्प देते हैं। कोर्स के दौरान सिर्फ ब्याज का भुगतान करना होगा। कोर्स पूरा करने के बाद वास्तविक ईएमआई (मूल व ब्याज) का पेमेंट करना होगा। लोन मिलने के तुरंत बाद ईएमआई का भुगतान कर सकते हैं। इस बारे में कई बैंक ब्याज दर पर डिस्काउंट भी देते हैं।

## लोन पर ब्याज का रखें ध्यान

आमतौर पर एजुकेशन लोन पर ब्याज की दर पसर्नल लोन के रेट से कम होती है। कुछ बैंक फिक्स रेट चार्ज करते हैं, तो कुछ फ्लोटिंग रेट पर। इन दोनों में करीब 1 प्रतिशत का अंतर होता है। ऐक्सपर्ट सलाह देते हैं कि एजुकेशन लोन की अवधि 5 से 7 वर्ष की होती है, इसलिए रिपेमेंट के लिए फिक्स रेट का ऑप्शन बैंक नहीं देते। ऐसे में जरूरत है वास्तविक फिक्स रेट की जानकारी लेने की।

कई बैंक लड़कियों के लिए ब्याज की दर में डिस्काउंट का ऑप्शन भी देते हैं। इन दिनों कई बैंक एजुकेशन लोन के लिए प्रोसेसिंग फीस चार्ज नहीं करते। जिस बैंक से आप लोन ले रहे हैं और यदि वह आप से प्रोसेसिंग फीस की मांग कर रहा है, तो आप उस बैंक के साथ निगोशिएशन कर सकते हैं। आमतौर पर सभी बैंक उस स्थिति में प्रीपेमेंट फीस चार्ज नहीं करते जब लोन लेने वाला अपने बूते लोन की प्रीपेमेंट करता है। लेकिन लोन की बकाया राशि किसी और बैंक में ट्रांसफर करने की हालत में प्रीपेमेंट फीस वसूल की जाती है।

### एजुकेशन लोन में सावधानी

स्टूडेंट को चाहिए कि वे लोन से संबंधित जो विवरण और दस्तावेज दे रहे हैं, वे पूरी तरह सही हों और बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हों। साथ ही, कोर्स के दौरान कितना खर्च आ सकता है, उसका भी विवरण देना चाहिए। लोन की स्वीकृति बैंक के नियमों के तहत ही दी जाती है। कई बार लोन के दौरान कोर्स और यूनिवर्सिटी को भी ध्यान में रखा जाता है। साथ ही, पेरेंट्स या कोएप्लिकैंट के फाइनेंशियल स्टेटस पर भी नजर रखी जाती है। 4 लाख रुपए तक के एजुकेशन लोन पर किसी सिक्योरिटी की जरूरत नहीं होती है। लेकिन इसके लिए पेरेंट्स के फाइनेंशियल स्टेटस का अप्रेजल किया जाता है।

यदि 4 लाख रुपए से अधिक लोन लेते हैं, तो लोन के अनुरूप सिक्योरिटी की जरूरत होती है या किसी थर्ड पार्टी को गारंटी लेनी पड़ती है। कोर्स के दौरान पहले साल उपयोग किए गए लोन का सिंपल इंटरेस्ट ही अदा करना होता है। लेकिन कोर्स खत्म होने के बाद रिपेमेंट की प्रक्रिया शुरू होने के 5 वर्षों में पूरा पेमैंट करना होता है।

## पहले से करें लोन की तैयारी

एजुकेशन लोन लेने के लिए कुछ औपचारिकताओं को पूरा करना पड़ता है, इसके बिना एजुकेशन लोन मिलना आसान नहीं होता है। कई बार लोन इसलिए नहीं मिलता क्योंकि संबंधित कोर्स यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं होते हैं। इसलिए लोन लेने से पहले पूरी तैयारी करनी बेहद जरूरी है।

बैंक, ग्राहकों को लोन लेने में अलग-अलग सुविधाएं भी प्रदान करते हैं, जैसे कि कोई बैंक लड़कियों को ब्याजदर में छूट देता है, तो कोई बैंक लोन देने में प्रीपेमेंट चार्ज नहीं लेता है। इसके अलावा, प्रत्येक बैंक की प्रोसेसिंग फीस भी अलग-अलग होती है।

आमतौर पर लोन लेने से पहले कुछ प्रमाणपत्रों की जरूरत होती है जैसे एडमिशन मिलने का प्रमाणपत्र, स्टडी प्रोग्राम का कास्ट ब्रेकअप, लोन लेने का आवेदनफॉर्म, पते, पहचान के प्रमाण, सिगनेचर वेरिफिकेशन यानी आवेदक की जानकारी, गारंटर की इनकम प्रूफ, विदेश जाने के लिए लोन लेने पर यूनिवर्सिटी का लेटर, वीजा डॉक्यूमेंट और ट्रैवल पेपर्स, खर्चों की सूची, फोटोग्राफ आदि।

एजुकेशन लोन उन स्टूडेंट को ही दिया जाता है जो आगे की पढ़ाई यानी हायर, टेक्निकल या प्रोफेशनल कोर्स भारत या इस से बाहर करना चाहते हैं। एजुकेशन लोन विभिन्न कैरियर-ओरिएंटेड कोर्सों इंजीनियरिंग, मेनेजमेंट, मेडिकल आदि में प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स को आसानी से मिल जाता है।

इस के अलावा, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स को भी एजुकेशन लोन दिया जाता है। वैसे, कोर्स फीस के अतिरिक्त कंप्यूटर, मेडिकल किट आदि के लिए भी लोन दिया जाता है। इसके लिए सबसे पहले जिस बैंक से लोन लेना है, वहां का निर्धारित फौर्म भरना होता है। फॉर्म के अलावा, फोटोग्राफ, आईडेंटिटी प्रूफ, रेजिडेंस प्रूफ, इनकम प्रूफ, एजुकेशनल क्वालिफिकेशन से संबंधित सर्टिफिकेट्स, सीनियर सेंकंड्री स्कूल की मार्कशीट, एमबीए के लिए पोस्ट ग्रेजुएट या ग्रेजुएशन की मार्कशीट, स्कॉलरशिप से संबंधित डॉक्यूमेंट्स (यदि कैंडिडेट के पास हैं) आदि की जरूरत होती है। इसके अलावा, ऐडमिशन लेटर और कोर्स की अवधि आदि से संबंधित प्रारूप की भी जरूरत होती है।

# परीक्षा में सफलता : स्मार्ट तैयारी से अच्छे नंबर और रैंक

रानी राज

**अच्छे** नंबरों और रैंक से परीक्षाएं पास करने के लिए कठोर परिश्रम अपनी जगह लेकिन आंख और कान खुले रखने वाले परीक्षार्थी स्मार्टनेस का इस्तेमाल करके कम पढ़ते हुए भी ज्यादा बेहतर ढंग से परीक्षा पास कर सकते हैं। नये शिक्षातंत्र के तहत फोकस रटने पर नहीं, कंसेप्ट की क्लीयरिटी पर रखें। वहीं स्मार्ट तैयारी के लिए टाइम मैनेजमेंट, स्टडी तकनीकें, डिजिटल लर्निंग व मूल्यांकन कारगर हैं।

स्कूल की परीक्षाओं से लेकर बोर्ड परीक्षाओं और उच्च अध्ययन परीक्षाओं तक में एक विशेष प्रकार के परिश्रम की ही नहीं, सजगता और कुशलता की भी जरूरत होती है, जिसे आजकल स्मार्टनेस कहा जाता है। सिर्फ दिन-रात पढ़ाई करने वाले आखिर में अच्छे नंबरों और रैंक से परीक्षाएं नहीं पास करते बल्कि अपनी आंख और कान खुले रखने वाले परीक्षार्थी स्मार्टनेस का इस्तेमाल करके कम पढ़ते हुए भी ज्यादा बेहतर ढंग से इन परीक्षाओं को पास करते हैं या कर सकते हैं।

**रटने से आगे बढ़ें**

स्मार्ट एग्जाम तैयारी का सबसे सटीक फामूर्ला है कि रटने के मंत्र से अपनी तैयारी को आगे ले जाएं। एक जमाना था जब सीनियर हमें समझाते थे कि घंटों-घंटों किताबों को पढ़कर घोट लो, तो एग्जाम अच्छे हो जाते हैं। लेकिन नये शिक्षातंत्र को यह मंजूर नहीं है। इसलिए अब फोकस रटने पर नहीं, कंसेप्ट की क्लीयरिटी पर रखें। अगर आपको किसी विषय या धारणा का कंसेप्ट क्लीयर होगा तो आप बहुत आसानी से इस विषय पर पूछे जाने वाले सवाल का जवाब लिख सकते हैं और वह भी अपनी भाषा में। इससे बेहतर एग्जाम पास करने की उम्मीदें 70 से 80 फीसदी तक बढ़ जाती हैं। जो भी चैप्टर पढ़कर क्लीयर करें, उस चैप्टर में अपनी कल्पना से तरह तरह के सवाल पूछने की कल्पना करें और फिर उन्हें अपने शब्दों में जवाब दें।

**टाइम मैनेजमेंट**

आज के 50 साल पहले भी परीक्षाओं में समय बहुत महत्वपूर्ण था और आज भी टाइम मैनेजमेंट उतना ही महत्वपूर्ण है। अगर हम परीक्षा देते समय, समय की प्रतिबद्धता को लेकर सजग हैं, तो गैर सजग छात्रों के मुकाबले हमारे एग्जाम के 40 फीसदी तक बेहतर होने की उम्मीद की जा सकती है। पढ़ाई को टाइम टेबल नहीं बल्कि टाइम टारगेट से जोड़ना चाहिए। हमें अपनी एग्जाम तैयारी के दिनों को तीन हिस्सों में बांट देना चाहिए। पहले हिस्से में पढ़ाई करें, दूसरे हिस्से में रिवीजन करें और तीसरे में इंटरटेन या रेफ्रेशमेंट हो। इससे टाइम मैनेजमेंट पर हमारी अच्छी पकड़ हो जाती है।

**न्यूरो स्टडी मैथड**

यह कोई तकनीक नहीं दिमाग की स्मार्ट ट्रेनिंग है। जिसे हम न्यूरो मैथड या न्यूरो स्टडी ट्रिक भी कह सकते हैं। एक बात यह देखिए हमारा दिमाग लगातार नई जानकारी को तभी याद रख सकता है, जब हम उन जानकारियों को एक खास क्रम और कनेक्शन के रूप में स्टोर करें। इसलिए जानकारियों को जोड़कर या उनको किसी के साथ कनेक्ट करके पढ़ना सबसे प्रभावी तरीका है। इसलिए अगर कुछ स्मार्ट स्टैप यानी कदम उठाये जा सकते हैं, तो उसके तहत सबसे पहले माइंड मैप बनाइए यानी हर विषय का एक विजुअल जीस्ट या सारांश तैयार करें। साथ ही रिवीजन करने में फ्लैश कार्ड तकनीक का इस्तेमाल करें, इससे स्मृति तेज रहती है। बिना नोट्स देखे भी खुद से सवाल पूछें और जवाब देने की कोशिश करें, बाद में चेक करें।

**फायदा उठाएं डिजिटल लर्निंग का**

यू-ट्यूब चैनल, बायजू, अनअकेडमी, खान अकेडमी और एआई आधारित आज डिजिटल दुनिया में हजारों एप्स हैं, जो छात्रों को उनकी व्यक्तिगत अध्ययन शैली के मुताबिक सिखा रहे हैं। जरूरी है कि आप भी इसका फायदा उठाएं। किसी ऑनलाइन टेस्ट सीरीज एग्जाम को ज्वाइन कर लें। एआई नोट्स टूल से सहायता लेना आसान है, लेकिन इसे कम से कम लें।

**मूल्यांकन का आईना**

हर छात्र या परीक्षार्थी को परीक्षा की तैयारी करते समय सतत आत्म मूल्यांकन करना बहुत जरूरी होता है। खुद को तैयारी का आईना दिखाना ही चाहिए। क्योंकि स्मार्ट तैयारी तभी पूरी होती है, जब हमारे पास कोई ऐसे टूल्स हों, जो हमारी तैयारी को रियल टाइम एनालिसिस कर सकें। इससे यह पता चलता है कि हम कौन से विषय में मजबूत हैं और किस विषय में हमें अभी सुधार की जरूरत है।

# मॉरगेज को समझें

मॉरगेज एक लोन होता है, जो बैंक या वित्तीय संस्थान आपकी संपत्ति को बंधक रखकर देती हैं। यहां बंधक रखने का मतलब यह नहीं है कि बैंक आपकी संपत्ति पर कब्जा कर ले। इसका आशय सिर्फ इतना है कि अगर आप नियत समय में लोन नहीं चुका पाते हैं तो बैंक के पास आपकी संपत्ति पर कब्जा करने का अधिकार होगा।

सरल शब्दों में कहें तो मॉरगेज एक ऐसा कर्ज है, जो आप अपनी संपत्ति को बंधक रखकर लेते हैं। आम तौर पर मॉरगेज का इस्तेमाल नया मकान खरीदने के लिए धनराशि जुटाने की खातिर किया जाता है। लेकिन इसका कई अन्य कार्यो, नया कारोबार शुरू करने या इसके विस्तार में, इलाज कराने, बच्चे की उच्च शिक्षा के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।



अगर आप तय समय में लोन को नहीं चुका पाते हैं तो उधार देने वाला बंधक प्रॉपर्टी को कर्ज वसूली के लिए बेच सकता है। तय समय से आशय उस अवधि से है, जिसके भीतर आपको ईएमआइ के जरिये कर्ज वापस चुकाना है। निश्चित समय अंतराल पर जाने वाली इस किस्त में मूलधन व ब्याज दोनों का हिस्सा होता है। लोन को चुकाने की अवधि कई कारणों पर निर्भर करती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण वह धनराशि है, जो आप घर खरीदने से पहले डाउन पेमेंट के तौर पर जमा करते हैं।

**मॉरगेज के प्रकार**

>> पहला, फिक्स्ड ब्याज दर वाला लोन। इस मॉरगेज में ब्याज दरें नहीं बदलतीं।

>> फ्लोटिंग यानी परिवर्तनीय ब्याज दर वाला मॉरगेज। इस तरह के लोन पर ब्याज दर घटती-बढ़ती रहती है। लेकिन यह बेस रेट से नीचे नहीं जाती है।

**क्लोज्ड मॉरगेज**

इसके तहत लोन लेने वाला व्यक्ति अगर समय से पहले लोन चुकाना चाहता है तो उसे इसका शुल्क देना पड़ेगा। इस तरह के शुल्क को बैंक व वित्तीय संस्थान तय करते हैं।

**ओपन मॉरगेज**

इस तरह के लोन में अगर आप समय से पहले लोन चुकाते हैं तो उस पर शुल्क नहीं देना पड़ता।

जरूरी दस्तावेजः आइडी प्रूफ, आयु का सबूत, पते का सबूत, - पासपोर्ट साइज फोटो और पिछले छह माह का बैंक स्टेटमेंट।

**किस तरह तय होती है ब्याज दरें :** मॉरगेज के लिए ब्याज दर अलग-अलग मामलों में भिन्न होती है। शुरू में यह उधार लेने वाले व्यक्ति की इच्छा व उसके चुकाने की योग्यता पर निर्भर करती है। बैंक व वित्तीय संस्थान तीन तरीके से इसका पता लगाते हैं-ऋण इतिहास, कार्य प्रोफाइल और उधार लेने वाले की उम्र।

मॉरगेज पाने का एक तरीका पॉलिसी बाजार जैसे पोर्टल पर जाकर अलग-अलग लोन की तुलना करना है। ऐसे पोर्टल से आपको जरूरत के हिसाब से मॉरगेज का पता चल जाएगा। आप जब इसकी ऑनलाइन तुलना करेंगे तो आप अपनी जरूरत के हिसाब से उनमें से एक चुन सकते हैं।

**क्या हैं लाभ :** कई लोगों को आश्चर्य होता है कि मॉरगेज अन्य तरह के लोन से किस तरह अलग है। यह निम्नलिखित कारणों से बेहतर है-

>> मॉरगेज सुरक्षित लोन है। इसलिए उधार लेने वाला व्यक्ति अधिक लोन के लिए आग्रह कर सकता है।

>> लोन चुकाने की अवधि 25 वर्ष होती है, जो अन्य तरह के लोन चुकाने की अवधि से अधिक है।

>> मॉरगेज अन्य तरह के पर्सनल लोन से ब्याज दरों व प्रोसेसिंग फीस के मामले में सस्ता होता है।

>> सुरक्षित लोन होने की वजह से मॉरगेज के लिए कम से कम दस्तावेजों की जरूरत होती है और उसकी मंजूरी जल्दी मिल जाती है।

# कॉलेज में पढ़ाई के साथ करें कमाई भी



कॉलेज में पढ़ाई का खर्च भी ज्यादा होता है। ऐसे में परिवार की माली हालत अच्छी नहीं हो तो परेशानी आ सकती है। हालांकि, इस तरह के हालात से बचा जा सकता है। आप पढ़ाई के साथ कुछ घंटे काम करके कॉलेज के दौरान 10 से 20 हजार रुपए मंथली कमा सकते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ कुछ घंटे देकर पैसा कमाने के कुछ तरीके जिसमें आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी होगी।

## सोशल मीडिया स्ट्रेटेजिस्ट

सोशल मीडिया के बढ़ते असर को देखते हुए कॉर्पोरेट कंपनियां, पॉलिटिशियन, सरकारी कार्यालयों आदि में सोशल मीडिया मैनेज करने वालों की मांग तेजी से बढ़ी है। इसमें वैसे लोगों की मांग बढ़ी है, जिसको फेसबुक, ट्विटर, लिंक्डइन, यूट्यूब आदि की समझ हो और इसको अच्छे से मैनेज करने की क्षमता रखते हों। अगर, आप कॉलेज स्टूडेंट हैं तो इस काम को पढ़ाई के साथ बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इसके लिए कोई एक्सट्रा नॉलेज या स्पेस की जरूरत नहीं होगी। आपको कंटेंट और टेक्नोसेवी होना होगा।

कितनी होगी कमा

- अगर आप रोज 2 से 4 घंटे देकर इस काम में देते हैं तो यहां से 10 से 20 हजार रुपए तक कमा सकते हैं।
- एक बार आपका काम कंपनी या व्यक्ति को समझ में आ जाने के बाद काम लेने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं होगी।
- कंपनियां अपने प्रोडक्ट का प्रमोशन कराने या कोई लीडर अपनी पॉपुलरिटी बढ़ाने के लिए आपसे खुद संपर्क करेगा।
- इस काम में टाइम का भी कोई बाउंडेशन नहीं होगा। आप अपने स्मार्ट फोन से सारे काम को मैनेज कर सकते हैं।

### ऑनलाइन रीसर्चर

आज के इस कॉम्पिटेटिव दौर में ज्यादातर कंपनियां प्रोडक्ट लॉन्च करने से पहले ऑनलाइन रिसर्च करती हैं। इसके अलावा कॉलेज भी अलग-अलग टॉपिक पर रिसर्च कराते हैं। इसके लिए कॉलेज के डिपार्टमेंट्स पेड रिसर्च को पार्ट टाइम हायर करते हैं। हालांकि, इस फील्ड में काम करने के लिए आपके पास पहले से थोड़ा-बहुत अनुभव होना चाहिए। अगर, आप किसी प्रोडक्ट या सबजेक्ट को लेकर ऑनलाइन रीसर्च कर रहे हैं तो उसके विषय में पहले से जानकारी बहुत जरूरी है। तभी आप सही तरीके से रीसर्च कर सकते हैं।

### कितनी होगी कमाई

- ऑनलाइन रीसर्चर के तौर पर आप महीने में 15 से 20 रुपए कमा सकते हैं।
- इसके लिए आपको 2 से 5 घंटे देने होंगे।
- रीसर्च करने के लिए उस सबजेक्ट की जानकारी जरूरी होगी।
- फॉस्ट फूड शॉप में पार्ट टाइम जॉब।
- कॉलेज के बाद पार्ट टाइम जॉब के रूप में आप कॉफी-डे, बरिस्ता, केएफसी, डोमिनोज, बड़े डिपार्टमेंट स्टोर का रुख कर सकते हैं। इस तहर के फास्ट फूड स्टोर और डिपार्टमेंट स्टोर में आमतौर पर शाम के वक्त ज्यादा लोगों की जरूरत होती है। ऐसा नहीं कि सिर्फ शाम के वक्त ही ये पार्ट टाइम जॉब ऑफर करते हैं। सुबह, दोपहर और नाइट में भी पार्ट टाइम का ऑफर रहता है। ये यंग लड़के को पार्ट टाइम के तौर पर रखने की प्रमुखता देते हैं। इस तरह के डिपार्टमेंटल स्टोर में 3 से 6 घंटे काम करने का ऑफर हमेशा होता है।
- कितनी होगी कमाई
- बरिस्ता, केएफसी, डोमिनोज आदि में 3 से 5 घंटे काम कर मंथली 8 से 15,000 रुपए कमा सकते हैं।
- कमाई के साथ ये ड्रिंक (काफी, ठंडा) और मील (खान) मुफ्त में देते हैं।

### इवेंट प्लानिग

अगर, आप किसी मेट्रो सिटी (दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई या बेंगलुरू) में पढ़ाई कर रहे हैं तो आप रोज किसी न किसी इवेंट से रू-ब-रू जरूर हो रहे होंगे। बड़े शहरों के अलावा टियर टू और थ्री शहरों में इवेंट ऑर्गेनाइजर की मांग तेजी से बढ़ी है। इसके चलते इस सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों को नए हैंड की जरूरत पड़ती है। वे इसके लिए पार्ट टाइम लड़के या लड़कियों को हायर करते हैं।

इवेंट कंपनी में पार्ट टाइम जॉब की टाइमिंग 4 से 6 घंटे की होती है। इवेंट कंपनी में काम करने के सबसे बड़ा फायदा उन स्टूडेंट को मिलता है जो मैनेजमेंट (बीबीए या एमबीए) कर रहे होते हैं। उनको इवेंट के दौरान मैनेजमेंट के गुण सीखने को मिलते हैं। साथ ही वो ऐसे चैलेंज से भी अवगत हो जाते हैं, जो काम के दौरान भविष्य में उनके सामने आने वाले होते हैं।

### इतनी होगी कमाई

- इवेंट कंपनी में काम कर महीने के 10 से 20 हजार रुपए की कमाई आसानी से कर सकते हैं।
- महीने में 15 से 20 दिन काम करना होगा।
- काम 4 से 6 घंटा करना होगा।

### कंटेंट एडिटिंग एंड राइटिंग

अगर, आपको लिखने का शौक या भाषा पर अच्छी पकड़ है तो आप कंटेंट का काम कर अच्छी खासी रकम कमा सकते हैं। इसमें आप कंटेंट एडिटिंग से लेकर राइटिंग का काम कर सकते हैं। कंटेंट एडिटर के तौर पर आप जिस भाषा में काम करेंगे उस भाषा की ग्रामर पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए। वहीं फ्रीलांस राइटर के तौर पर काम करने के लिए आपको लिखने की शैली आनी चाहिए।

### कितनी होगी कमाई

- कंटेंट एडिटर के तौर पर यदि आप प्रत्येक दिन 2 से 4 घंटे देते हैं तो आप 10 से 20 हजार रुपए महीने कमा सकते हैं।
- इस काम को करने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी। आप घर बैठे यह काम कर सकते हैं। फ्रीलांस राइटिंग में भी यह सुविधा आपको मिलेगी।

स्पीड न्यूज

## मजदूर को मिला 69 हजार का भुगतान

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील और जुस्को के संवेदक मेसर्स शर्मा एंड सन्स द्वारा मजदूर रणधीर कुमार का अंतिम भुगतान रोकने के खिलाफ जोहार झारखंड श्रमिक महासंघ की कार्रवाई सफल रही। श्रम अधीक्षक, जमशेदपुर-2 के सख्त निर्देशों और यूनियन नेता राजीव पाण्डेय की निरंतर पैरवी के बाद प्रबंधन को जांच में शामिल होना पड़ा। अंततः मजदूर को नोटिस पेमेंट और छटनी मुआवजा सहित कुल 69,000 का भुगतान चेक से दिलाया गया। मजदूरों ने यूनियन की कार्यशैली को ऐतिहासिक जीत बताया।

## सर्दी से राहत के लिए तुरंत कदम उठायें : मोदी



**जमशेदपुर।** बढ़ती ठंड को देख भाजपा जिला महामंत्री अनिल मोदी ने जिला प्रशासन व नगर निकाय से गरीब, असहाय और सड़क पर रहने वालों के लिए त्वरित राहत उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गिरते तापमान से जनजीवन प्रभावित है, ऐसे में रात्रि आश्रय गृहों में सुविधाएं बढ़ाने, जरूरतमंदों को कंबल वितरण, प्रमुख स्थानों पर अलाव व्यवस्था और लगातार निगरानी अभियान चलाने की जरूरत है।

## बांदना पर्व : कुड़मी सेना ने गवर्नर को दिया न्योता

**जमशेदपुर।** रांची स्थित राजभवन में आज कुड़मी सेना के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर 23 नवंबर को जमशेदपुर के रीगल मैदान में होने वाले बांदना पर्व में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। राज्यपाल ने कार्यक्रम में शामिल होने का हरसंभव प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर हरमोहन महतो, शैलेन्द्र महतो, शीतल ओहदार और पिंकी महतो मौजूद रहे।

## सीएसआईआर-एनएमएल व इलेक्ट्रोथर्म में एमओयू

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), जमशेदपुर और इलेक्ट्रोथर्म (इंडिया) लिमिटेड के बीच उन्नत धातुकर्म प्रौद्योगिकियों तथा सामग्रियों के विकास के लिए मंगलवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये। यह समझौता विद्युत इस्पात, नई मिश्रधातुएं, क्षरण-रोधी तथा कार्यात्मक परतें, और आयात-प्रतिस्थापन सामग्रियों के संयुक्त अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी विकास को प्रोत्साहित करेगा। साझेदारी के तहत संयुक्त प्रयोगशाला स्थापना, पायलट स्तर परीक्षण, तकनीकी विशेषज्ञता का आदान-प्रदान तथा उद्योगों में उपयोग हेतु नई सामग्रियों और प्रक्रियाओं का मूल्यांकन किया जायेगा। दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने इसे भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करने वाला कदम बताया। यह एमओयू प्रारंभिक रूप से तीन वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा, जिसके दौरान संयुक्त अनुसंधान, संयंत्र-स्तरीय परीक्षण और नवोन्मेष आधारित उत्पादों के व्यावसायीकरण पर कार्य किया जायेगा।

## बिश्रामपुर को अनुमंडल का दर्जा जन आंदोलन से ही संभव : प्रभात दुबे

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर को अनुमंडल का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेसी नेता प्रभात दुबे उर्फ बड़ू दुबे ने मंगलवार को हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। इससे पहले बी मोड़ पर कांग्रेस द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया। जिसका संचालन कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे ने किया। सभा के मुख्य अतिथि प्रभात दुबे ने कहा कि बिश्रामपुर को अनुमंडल बनाने की मांग वर्षों पुरानी है। लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण बिश्रामपुर अनुमंडल नहीं बन पाया। अब आम लोगों के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन शुरू किया जा रहा है। जन आंदोलन से ही बिश्रामपुर को अनुमंडल का दर्जा मिलेगा। श्री दुबे ने बताया कि बिश्रामपुर, पांडु, ऊंटारी रोड व नावा बाजार प्रखंड के सभी गांवों में जाकर लोगों को इस आंदोलन से जोड़ेंगे। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान भी जारी रहेगा। हस्ताक्षर अभियान के समापन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर लोगों के जनभावनाओं से अवगत करते हुये अनुमंडल बनाने की मांग करूंगा।

# संवाद 2025 के चौथे दिन राष्ट्रीय फिल्म समारोह के विजेताओं की घोषणा

- परंपरागत ज्ञान, सामुदायिक नेतृत्व और संस्कृति के संरक्षण पर केंद्रित रहा पूरा दिन
- संथाल, मिजो, माविलन, गुर्जर और सबर समुदायों की प्रस्तुतियों ने विविध आदिवासी परंपराओं की छटा बिखेरी









खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन की मेजबानी में चल रहे संवाद 2025 के चौथे दिन का पूरा आयोजन आदिवासी समुदायों की आवाज और उनकी सांस्कृतिक विरासत को केंद्र में रखते हुए हुआ। इस दिन ने न केवल आदिवासी ज्ञान प्रणालियों की महत्ता को रेखांकित किया, बल्कि सामुदायिक नेतृत्व और पारंपरिक सोच की भूमिका पर भी राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा को गति दी।

दिन की शुरुआत अखड़ा परिसर में आयोजित विभिन्न सत्रों के साथ हुई, जहां प्रतिभागियों ने आदिवासी दृष्टिकोण से विकास की अवधारणाओं पर विचार साझा किए। कला एवं हस्तशिल्प सत्र में बाजार की बदलती जरूरतों और उसमें आदिवासी उत्पादों की प्रासंगिकता पर चर्चा हुई। वहीं, आदिवासी उपचार पद्धतियों पर आधारित सत्र में पोषक एवं पारंपरिक खाद्य पदार्थों और स्थानीय व्यंजनों के स्वास्थ्य प्रभावों पर विस्तार से विचार हुआ।

समुदाय के साथ शीर्षक सत्र में फिल्मों के माध्यम से आदिवासी पहचान, संस्कृति और प्रतिनिधित्व की गहराई को समझने का प्रयास किया गया। इस दौरान 8वीं राष्ट्रीय लघु फिल्म प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। प्रतियोगिता में देश के 13 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 38 आदिवासी फिल्म निर्माताओं की ओर से कुल 42 फिल्में प्राप्त हुईं।

**सामुदायिक श्रेणी में :** पुईसे दारे, द मनी प्लांट (निर्देशक : रमेश कुमार हेम्ब्रम, संथाल, ओडिशा) तथा ओलोह मे बाबू (निर्देशक : रोहित मरांडी, संथाल, ओडिशा) को विजेता घोषित किया गया। फूलों (मनोज कुमार, उरांव, झारखंड) को विशेष जूरी उल्लेख मिला। पुईसे दारे, द मनी प्लांट को लोकप्रिय पसंदीदा पुरस्कार भी मिला।

**संस्थागत श्रेणी में :** प्रथम पुरस्कार : बाय द होम (मनकप नोकवोहम, वांचो, अरुणाचल प्रदेश), द्वितीय पुरस्कार : म्हारी टोपली मा केकड़ा (लक्ष्मीनारायण देवड़ा, कोरकू, मध्य प्रदेश, तृतीय पुरस्कार : सशक्त नारी, समर्थ ग्राम (रोशनी चौहान, भीलारा, मध्य प्रदेश), विशेष उल्लेख : ब्लैक गोल्ड (राज मोहन सोरेन, संथाल, झारखंड) और पैलिम्प्सेस्ट (सृष्टि मरांडी, संथाल, झारखंड), लोकप्रिय पसंदीदा : बाय द होम शाम का सांस्कृतिक प्रदर्शन संवाद की सबसे आकर्षक कड़ी रहा। संथाल, मिजो, माविलन, गुर्जर और सबर समुदायों की प्रस्तुतियों ने विविध आदिवासी परंपराओं की छटा बिखेरी। इसके बाद हॉर्नबिल कोहोर्ट और सिक्किम के सूफि यम संगीत बैंड के प्रोग्राम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आतिथ्य स्थल पर लगे आदिवासी फूड पॉप-अप्स और हस्तशिल्प आउटलेट्स पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ती रही। भोजन, कला और परंपरा-तीनों ने मिलकर संवाद 2025 के चौथे दिन को बेहद यादगार बना दिया।

### अब सिनेमा के जरिए अपनी बात रख रहा है आदिवासी समुदाय : सौरव रॉय

टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ सौरव रॉय ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में संवाद ने आदिवासी समुदायों को सिनेमा के माध्यम से अपनी बात रखने का एक मजबूत मंच दिया है। इस वर्ष 72 फिल्म निर्माताओं की भागीदारी ने साबित किया कि रचनात्मकता को अवसर मिले तो वह नयी संभावनाओं के द्वार खोलती है।

# अपराधियों की गतिविधियों की सूचना पर खलारी एवं मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के सभी कांटाघरों की औचक जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** अपराधियों की बढ़ती गतिविधियों की गोपनीय सूचना मिलने के बाद खलारी उपाधीक्षक रामनारायण चौधरी ने बड़े ही पैमाने पर औचक छापेमारी अभियान चलाया। दोनों थाना क्षेत्रों के अंतर्गत संचालित रोहणी, केडीएच, डकरा, चुरी, पुरनाडीह परियोजना के सभी कांटाघरों में पुलिस टीम ने पहुंचकर कागजातों की जांच की तथा वहां मौजूद वाहनों, कर्मियों और गतिविधियों की बारीकी से तलाशी ली।

इस दौरान डीएसपी ने अवैध ढुलाई, संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही और सुरक्षा मानकों के पालन से संबंधित कई बिंदुओं की जांच की गई। पुलिस ने कांटाघर संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना थाना को दें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से ऐसे औचक जांच अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### दो भागों में बंटे टीएसपीसी संगठन का नाम लेकर लेवी उगाही, कोल व्यवसाय में दहशत, पुलिस अलर्ट पर





खलारी एवं एनके पिपरवार एरिया में इन दिनों दो भागों में बंटे टीएसपीसी संगठन के नाम पर लगातार लेवी उगाही संबंधी पत्रचार फैलाए जाने से कोल व्यवसायियों और लिफ्टर-ट्रांसपोर्टरों के बीच भय का माहौल व्याप्त है। पिछले कुछ दिनों से अलग-अलग आपराधिक गिरोह टीएसपीसी का नाम लेकर धमकी भरे पत्र जारी कर रहे हैं, जिससे कारोबारी असमंजस और दहशत में हैं। उधर, अपराधियों की इस गतिविधि को देखते हुए खलारी पुलिस भी पूरी तरह अलर्ट मोड में है। डीएसपी ने सख्त निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट कहा है कि क्षेत्र में अगर कोई भी आपराधिक घटना घटित हुई तो अपराधियों को सिर्फ पकड़ा नहीं जाएगा, बल्कि सीधे जहन्नुम का रास्ता दिखा दिया जाएगा। पुलिस की इस सख्ती और चौकसी का असर भी दिखने लगा है। खलारी एनके पिपरवार क्षेत्र में लिफ्टर और ट्रांसपोर्टर अपने नियमित कामकाज में लौट आए हैं और अपने अधिकार का परिचय देते हुए निर्बाध रूप से परिवहन कार्य शुरू कर दिया है।

## 9.50 लाख की ठगी करने वाला आसिफ इकबाल जेल

**जमीन देने के नाम पर ठगी किया दलालों से सावधान रहें**



पुलिस के गिरफ्त में आरोपी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** जमीन दिलाने के नाम पर 9.50 लाख रुपये की ठगी के मामले में मेसरा थाना पुलिस ने आरोपी आसिफ इकबाल (30), निवासी खिचुर टोला, सदर थाना क्षेत्र, को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़ित विजय नायक (ओरमांझी) ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे 10 डिसमिल जमीन दिलाने का दावा किया था। इस दौरान उसे दो-तीन जगह जमीन दिखाकर 9.50 लाख रुपये ले लिए गए। बाद में न तो जमीन दी गई और न ही पैसे लौटाए गए। लगातार पैसे मांगने पर आरोपी टालमटोल करता रहा। थक-हार कर पीड़ित ने मेसरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि आरोपी को बचाने के लिए कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पैरवी भी की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी अजय कुमार दास ने आम लोगों से अपील की है कि जमीन खरीदने से पहले सभी कागजात की जांच अवश्य करें और जमीन दलालों से सतर्क रहें।

## दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज खेल मैदान में इंटर कॉलेज के तत्वावधान में दो दिवसीय अंतर विद्यालय बालक-बालिका वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि लपरा मुखिया पुतुल देवी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद खलारी पश्चिमी की सरस्वती देवी, विद्यालय के प्रचार्य मनोज कुमार शर्मा एवं लखन प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में सौ, दो सौ, चार सौ, आठ सौ मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद, जेवलिन थ्रो, शॉटपुट थ्रो सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इन खेलों में डॉन बास्को एकेडेमी, आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज, जनता उच्च विद्यालय, विकास भारती विद्यालय, एसीसी हाई स्कूल, ब्राइट फ्यूचर हाई स्कूल सहित आसपास के कुल कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रचार्य मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि ऐसे प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी खेल प्रतिभाओं को उभरने का शानदार अवसर प्रदान करती हैं। खेल से न केवल मानसिक व बौद्धिक विकास होता है, बल्कि छात्र खेल के माध्यम से अपनी अलग पहचान भी बना सकते हैं। मौके पर शिक्षक मुकेश विश्वकर्मा, बासुकीनाथ नाग, सत्यपाल पांडेय, राहुल सिंह, डेनिश मयंक राबर्ट, सुचिता कुजूर, रेनू सिंह, रीया मेहता, मुकेश कुमार, पंकज कुमार, विक्रम कुमार, जयप्रकाश यादव, संदीप लोहरा, रामजी सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने सिंगल-यूज प्लास्टिक से मुक्त जमशेदपुर अभियान को दी नयी गति

- स्कूलों में नुक्कड़ नाटक, प्लास्टिक दानव मैस्कॉट और दो-बिन व्यवस्था से बढ़ी जागरूकता; समुदाय में सकारात्मक बदलाव



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए प्लास्टिक प्रदूषण को बढ़ते खतरे के रूप में देखते हुए टाटा स्टील यूआईएसएल (यूटिलिटी एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड) ने जमशेदपुर को सिंगल-यूज प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की दिशा में अपने प्रयास और तेज कर दिये हैं। कंपनी ने एक स्वच्छ, टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल शहरी जीवन के राष्ट्रीय मानक के रूप में जमशेदपुर को स्थापित करने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है। टाटा स्टील यूआईएसएल के जन स्वास्थ्य विभाग ने शहर भर में प्लास्टिक-मुक्त पालन और कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देने के लिए अभियान को व्यापक बनाया है। इस पहल के परिणामस्वरूप घरों में गीले और सूखे कचरे की अलग-अलग श्रेणी में बढ़ती भागीदारी दिखाई दे रही है। बेहतर कचरा पृथक्करण से न केवल पुनर्चक्रण दरों में वृद्धि हो रही है, बल्कि कम्पोस्टिंग प्रक्रिया भी मजबूत हुई है और लैंडफिल पर बढ़ते दबाव में काफी कमी आयी है। बच्चों और युवाओं में पर्यावरणीय चेतना विकसित करने के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल ने 50 स्कूलों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये हैं।

## पोटका विधायक संजीव सरदार ने किया हाथीखेदा ठाकुर मंदिर का दिव्य दर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटमदा।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो की ऐतिहासिक जीत के बाद पोटका विधायक संजीव सरदार मंगलवार को सहयोगियों संग पटमदा स्थित प्रसिद्ध हाथीखेदा ठाकुर मंदिर पहुंचे। उन्होंने बाबा के दर्शन कर पोटका क्षेत्र सहित पूरे इलाके की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। दर्शन के बाद विधायक ने मंदिर परिसर में मौजूद ग्रामीणों, श्रद्धालुओं और समर्थकों से भेंट की। लोगों ने जीत की बधाई देते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि जनता का स्नेह और विश्वास उन्हें जनसेवा के प्रति और अधिक समर्पित करता है। उन्होंने सभी के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि हाथीखेदा ठाकुर सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करें।

# छपरा के युवक की झरिया में गोली मारकर हत्या



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि महज नौ दिन बाद एक बार फिर दिनदहाड़े फायरिंग की वारदात ने पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। झरिया थाना क्षेत्र के रतनजी पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने पैदल जा रहे युवक की बेहद नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ गए हैं।

**सिटी एसपी का खुलासा, प्रतिशोध में हुई हत्या :** घटना पर सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक प्रेम यादव मूल रूप से छपरा के भिंडी थाना क्षेत्र में राहुल पांडे हत्याकांड का आरोपी था और लगभग एक महीने से झरिया में छुपकर रह रहा था। सिटी एसपी ने आशंका जताई कि संभावना है कि राहुल पांडे के गैंग द्वारा ही प्रेम यादव की हत्या की गई हो। पूरे मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही उद्भेदन किया जाएगा।


**फिल्मी अंदाज में हत्या, अपराधी फरार :** करीब तीन बजे जब युवक सड़क किनारे चल रहा था, तभी बाइक पर आए तीन हमलावरों ने कनपटी में सटाकर गोली मार दी। युवक मौके पर गिर पड़ा। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, अपराधी फरार हो गए। पुलिस ने मौके से मोबाइल, चप्पल और एक खोखा बरामद किया है। घायल युवक को पुलिस अस्पताल ले गई, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बिहार के छपरा निवासी प्रेम यादव (25) के रूप में हुई है, जो करीब डेढ़ महीने पहले झरिया में आउटसोर्सिंग के काम के सिलसिले में आया था।

**सीसीटीवी में पूरी घटना कैद :** वारदात की गंभीरता को देखते हुए धनसार, जोड़ापोखर समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम और लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी नौशाद आलम ने घटनास्थल की जांच की। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना कैद बताई जा रही है, जिसके आधार पर पुलिस छानबीन कर रही है।

**विपक्ष का हमला :** झरिया विधायक रागिनी सिंह ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर कड़ा सवाल उठाया। उन्होंने कहा झारखंड में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। लगातार घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस सिर्फ औपचारिकता निभा रही है। यदि अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द नहीं हुई, तो इस मुद्दे को विधानसभा में उठाऊंगी।

## एक नजर में

### 20 नवंबर को जमशेदपुर आयेंगे देश के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ प्रताप कुमार एन



**जमशेदपुर।** भारत के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ तथा मेडिट्रिना अस्पताल के एमडी सह चेयरमैन डॉ प्रताप कुमार एन 20 नवंबर को आदित्यपुर स्थित अस्पताल में उपलब्ध रहेंगे। हृदय की तेज धड़कन, सीने में दर्द, सांस फूलना, उच्च रक्तचाप, हार्ट ब्लॉकेज या हार्ट अटैक जैसी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। 27 वर्षों के अनुभव के साथ उन्होंने 18,000 से अधिक एंजियोप्लास्टी की हैं और भारत में किसी ईएसआई अस्पताल में पहली बार एंजियोप्लास्टी करने का रिकॉर्ड रखते हैं। जीरो-कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी की विश्व में सर्वाधिक करने का कीर्तिमान भी उनके नाम है। राष्ट्रीय इंटरवेंशनल काउंसिल के अध्यक्ष रहे डॉ प्रताप से जमशेदपुर के लोग सलाह ले सकेंगे।

### मंत्री दीपक बिरुवा और सांसद जोबा माझी ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह



**चाईबासा।** टोंटो प्रखंड के पालीसाई गांव में कोल्हान स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। अंतिम दिन परिवहन, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा और सिंहभूम सांसद जोबा माझी सहित जगन्नाथपुर के एसडीपीओ रफाएल मुर्मू, जिला परिषद सदस्य राज तुबिड और टोंटो थाना प्रभारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता में 48 टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम को 60 हजार और उपविजेता को 40 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। सांसद जोबा माझी ने कहा कि ग्रामीण स्तर की प्रतियोगिताएं ही खिलाड़ियों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

### पैरेंटिंग केवल स्टाइल ही नहीं, माता-पिता का धर्म भी है : डॉ अशोक सिंह



**जमशेदपुर।** कदमा स्थित बॉल्डविन स्कूल में 19 नवंबर को प्री-प्राइमरी वर्ग के अभिभावकों के लिए आदर्श पैरेंटिंग पर कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ शुभोश्री सरकार के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने अभिभावकों की भूमिका, बच्चों के सर्वांगीण विकास और विद्यालय-अभिभावक सहयोग पर विस्तार से चर्चा की। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ अशोक सिंह ने विभिन्न पैरेंटिंग स्टाइल, माता-पिता के लिए डू एंड डॉन्ट एरिक एरिक्सन के सिद्धांत तथा श्रीमद्भागवत गीता के उद्धरणों के माध्यम से सत्र को रोचक बनाया। उन्होंने कहा कि पैरेंटिंग कोई शैली नहीं, बल्कि माता-पिता का धर्म है—एक सतत सीखने और आदर्श प्रस्तुत करने की प्रक्रिया। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण समय देना भी उनका प्रमुख कर्तव्य है। स्कूल प्रशासक सचिन कुमार ने नई पहल और सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रीति गुप्ता और सुदेशना चौधरी ने किया। बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

### गम्हरिया में सवर्ण फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में 35 यूनिट रक्त किया गया संग्रह



**गम्हरिया।** झारखंड राज्य के 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर सवर्ण महासंघ फाउंडेशन ऑफ इंडिया की सरायकेला-खरसावां जिला कमेटी द्वारा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता मिश्रा के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष डीडी त्रिपाठी, स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. लक्ष्मी कुमारी, इंटक जिलाध्यक्ष केपी तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष मनीष कुमार और भाजपा नेता रविशंकर तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और ऐसे पुण्य कार्यों में सभी को आगे आना चाहिए। शिविर में कई चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों ने भी रक्तदान किया। कुल 35 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। आयोजन को सफल बनाने में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अनिशा सिन्हा व अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**दूसरा टेस्ट :** गिल टीम के साथ करेंगे यात्रा, प्रैक्टिस सेशन में 6 खिलाड़ियों ने भाग लिया

# नीतीश रेड्डी भारतीय टीम का हिस्सा होंगे

एजेंसी

**गुवाहाटी।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को भारतीय टेस्ट टीम में वापस बुला लिया गया है। वे कोलकाता पहुंच चुके हैं, हालांकि उन्होंने प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा नहीं लिया।

शुभमन गिल टीम के साथ गुवाहाटी तो जाएंगे, लेकिन अगर उनकी चोट में दर्द बना रहा तो उन्हें इलाज और रिकवरी के लिए बेंगलुरु के इउउक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भेजा जा सकता है। दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से गुवाहाटी में खेला जाएगा।

रेड्डी को पहले टेस्ट से ठीक पहले रिलीज कर दिया गया था, ताकि वे भारत-ए की साउथ अफ्रीका-ए के खिलाफ सीरीज खेल सकें। इउउकने पहले ही कहा था कि वह दूसरे टेस्ट से स्क्वॉड में जुड़ेंगे, लेकिन अब उन्हें तय समय से पहले बुला लिया गया है।

साईं सुदर्शन और ध्रुव जुरेल ने एक पैड पहनकर प्रैक्टिस की मंगलवार को कोलकाता में हुए ऑप्शनल नेट सेशन में केवल छह खिलाड़ी पहुंचे। सीनियर खिलाड़ी रवींद्र जडेजा ने लंबे समय तक बल्लेबाजी अभ्यास किया।

साईं सुदर्शन और ध्रुव जुरेल ने इस दौरान स्पिनरों के खिलाफ सिर्फ एक पैड पहनकर अभ्यास किया। इसका उद्देश्य था, लंबा फ्रंट-फुट स्ट्राइड लेकर गेंद को खेलने की आदत विकसित करना।

हेड कोच गौतम गंभीर लगातार सुदर्शन की बल्लेबाजी पर नजर रखते रहे। नेट में तेज गेंदबाजों के सामने अभ्यास करते हुए सुदर्शन कई बार आउटसाइड एज हुए, जिसके बाद गंभीर और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने उनसे लंबी बातचीत की और तकनीकी सुझाव दिए।

दोनों हाथों से गेंदबाजी करने वाले कौशिक ने नेट बॉलिंग की भारतीय बल्लेबाजों को ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर और लेफ्ट-आर्म स्पिनर केशव महाराज जैसी गेंदबाजी का अभ्यास कराने के लिए दोनों हाथों से स्पिन डालने वाले गेंदबाज कौशिक मैती को नेट्स में बुलाया गया। 26 साल के कौशिक बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं।

भारत-ए में रेड्डी का प्रदर्शन राजकोट में भारत-ए के लिए पहले मैच में नीतीश रेड्डी ने 37 रन बनाए और गेंदबाजी में 1/18 का स्पैल डाला। दूसरे मैच में उन्हें मौका नहीं मिला। अब टेस्ट स्क्वॉड में वापसी के कारण वे 19



## गिल की फिटनेस पर संशय, रेड्डी हो सकते हैं विकल्प

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, 16 नवंबर की रात कोलकाता के वुडलैंड्स अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद से गिल टीम के साथ हैं। सूत्रों का कहना है कि भारतीय कप्तान बुधवार यानी 19 नवंबर) को टीम के साथ उड़ान भरने वाले हैं। एक सूत्र ने क्रिकबज को बताया कि यही पहले से प्लान था और अब तक इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। गिल टीम के साथ यात्रा करेंगे। ऐसे सुझाव थे कि वह स्पेशलिस्ट की राय लेने के लिए मुम्बई जाएं, लेकिन यह योजना रद्द कर दी गई है। BCCI और स्थानीय डॉक्टर उनकी हालत पर नजर रख रहे हैं। टीम मैनेजमेंट और सिलेक्टर्स लगातार एक-दूसरे के संपर्क में हैं। यह स्पष्ट है कि सभी संबंधित पक्ष चाहते हैं कि गिल दूसरा टेस्ट खेलें। हालांकि, उनकी भागीदारी पर अंतिम फैसला मैच से एक दिन पहले लिया जाएगा।

16वीं वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग और फिजिक स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप

# बॉडीबिल्डर वंदना ने जुनून और जज्बे से जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली।** भारत की बुलंद आवाज बनकर बॉडी बिल्डर वंदना ठाकुर इंडोनेशिया से गोल्ड लेकर लौटी हैं। यह सिर्फ पदक नहीं, बल्कि इसमें संदेश छिपा है कि भारत की बेटियां जब ठान लेती हैं, तो इतिहास का रुख भी बदल देती हैं। रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया के बाटम शहर रियाउ प्रांत में 11 से 17 नवंबर तक आयोजित 16वीं वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग और फिजिक स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में वंदना ठाकुर ने दुनिया भर के दिग्गज बॉडीबिल्डर्स के बीच भारत का प्रतिनिधित्व किया। वंदना ने अकेले ही पूरे राष्ट्र की उम्मीदों का भार अपने कंधों पर उठाकर उसे स्वर्णिम अंजाम तक पहुंचाया। स्वर्णिम मंच तक पहुंचने का उनका सफर कठिन था, लेकिन वंदना एक ही बात पर अड़ी हुई थीं रार नहीं ठानूंगी, हार नहीं मानूंगी। सुबह की पहली किरण से पहले उठना, घंटों की कड़ी ट्रेनिंग, चोटों से लड़ना और फिर भी मुस्कुराते हुए आगे बढ़ना वन्दना की यही कहानी उन्हें आज भारत का स्वर्णिम गर्व बनाती है। यह जीत सिर्फ उनके मजबूत शरीर की नहीं, बल्कि उनके अटूट मनोबल, आत्मअनुशासन और देश के प्रति निःस्वार्थ और बेबाक प्रेम की जीत है।

जीत को लेकर भावुक वंदना ठाकुर ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा, जब मैं मंच पर गई, तो मेरे दिमाग में सिर्फ एक ही बात थी, तिरंगे के लिए जीतना। भारत का तिरंगा इस मंच पर लहराना है, यही मेरा लक्ष्य था और इसे सच करने के लिए जो भी करना पड़े, उसके लिए मैं तैयार थी। मैंने कई महीनों पहले से ही देश के लिए गोल्ड लाने की जिद के साथ तैयारी कर दी थी।

## ढाका हवाई अड्डे पर घंटों फंसे रहे भारतीय तीरंदाज, तकनीकी खराबी के कारण उड़ान रद्द



**ढाका।** एशियाई चैंपियनशिप से लौट रहे भारतीय तीरंदाजों के लिए ढाका से दिल्ली की यात्रा एक बेहद परेशान करने वाला अनुभव साबित हुई। तकनीकी खराबी के कारण उड़ान रद्द होने के बाद भारतीय दल को लगभग 10 घंटे तक ढाका एयरपोर्ट पर फंसा रहना पड़ा, जबकि शहर में दंगों और तनाव का माहौल था।

23 सदस्यीय दल में कई सीनियर खिलाड़ी- अभिषेक वर्मा, ज्योति सुरेखा और ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा भी शामिल थे। उड़ान में लगातार देरी और एयरलाइन की ओर से स्पष्ट जानकारी न मिलने के चलते स्थिति और बिगड़ती गई।

**रात दो बजे तक एयरपोर्ट पर इंतजार, फिर अचानक उड़ान रद्द :** भारतीय दल रात साढ़े नौ बजे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट के लिए एयरपोर्ट पहुंचा था। बोर्डिंग के बाद उन्हें बताया गया कि विमान में तकनीकी खराबी है और उड़ान नहीं भरेगी। ढाका की सड़कों पर हिंसा बढ़ रही थी, इसलिए टीम एयरपोर्ट के अंदर ही सुरक्षित स्थान पर रुकी रही। लेकिन रात दो बजे एयरलाइन ने सूचना दी कि उड़ान रद्द की जा रही है और उस रात कोई वैकल्पिक फ्लाइट उपलब्ध नहीं है।

# आप हर दिन नहीं जीत सकते...', खराब प्रदर्शन जारी रहने पर निशानेबाज मनु भाकर ने दी सफाई


एजेंसी

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय महिला निशानेबाज मनु भाकर ने पिछले कुछ समय से जारी खराब प्रदर्शन पर सफाई दी है। मनु उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पा रही हैं , लेकिन उनका कहना है कि वह हर दिन नहीं जीत सकतीं। हालांकि, मनु ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को बरकरार न रख पाने को झटका करार देते हुए हमवतन खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।

**इस साल खास कमाल नहीं दिखा पाई हैं मनु**

हाल ही में संपन्न हुए इस टूनार्मेंट में 13 भारतीय पदक विजेताओं में मनु भाकर का शामिल न होना निशानेबाजी जगत के कई लोगों के लिए थोड़ा आश्चर्य की बात है। मनु ने एक कार्यक्रम में कहा, मैं विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही थी। मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन मैं शीर्ष तीन में जगह नहीं बना पाई। मेरी टीम की साथी ईशा सिंह ने पदक जीता। आप खेल में हर दिन जीत नहीं सकते। कभी कभी हार का सामना करना पड़ता है। मेरे लिए यह जरूरी है कि भारत को पदक जीतना चाहिए और यह मेरे या किसी और के जीतने से जुड़ा नहीं होना चाहिए। जब तक भारत कोई भी पदक जीत रहा है, मैं उसका हौसला बढ़ाते रहूंगी चाहे वह किसी भी खेल में हो।

मनु ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन इस साल कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई हैं। इस साल अगस्त में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतना उनकी बड़ी उपलब्धियों में से एक है।



## बाबर आजम पर भारी पड़ा गुस्सा दिखाना, आईसीसी ने लिया एक्शन

**दुबई।** पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला रावलपिंडी में खेला गया था। इस मैच में पाकिस्तान को जीत मिली। लेकिन टीम के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने आचार संहिता का उल्लंघन कर दिया। इसकी वजह से बाबर पर आईसीसी ने एक्शन ले लिया है। 5 मैचों की इस सीरीज में बाबर का बल्ला खूब बोला था। उन्होंने दो साल से ज्यादा समय के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक भी लगाया लेकिन एक गलती भारी पड़ गई। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम पर आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10% जुमार्ना लगाया गया है। यह इंटरनेशनल मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है।

## 5 भारतीय वर्ल्ड बॉक्सिंग कप के फाइनल में, अरुंधति ने 3 बार की मेडलिस्ट को हराया

**मीनाक्षी-अंकुश की विनिंग-स्ट्रीक जारी; नूपुर-परवीन की विजयी शुरूआत**



**ग्रेटर नोएडा ।** 5 भारतीय मुक्केबाजों ने ग्रेटर नोएडा में जारी वर्ल्ड बॉक्सिंग कप के फाइनल में जगह बना ली। अरुंधति चौधरी ने पिछले 3 एडिशन में मेडल जीतने वाली जर्मन मुक्केबाज लियोनी मुलर को RSC से हराया। फ्रउ वह स्थिति है, जब एक खिलाड़ी के घायल होने पर रेफरी खेल को रोक देता है। अरुंधति के अलावा, मीनाक्षी, अंकुश फंगल, परवीन और नूपुर ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह पक्की की।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में, त्रीसा और गोपीचंद को मिली हार

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पहले दौर में चीनी ताइपे के चांग को-ची और पो ली-वेई पर सीधे गेम में जीत दर्ज की। विश्व की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने को-ची और पो ली-वेई के खिलाफ 48 मिनट तक चले पहले दौर के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-23, 21-16 से जीत हासिल की। सात्विक और चिराग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी शुरूआती गेम में एक समय 2-6 से पीछे चल रही थी। इसके बाद भी कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने 16-14 तक मामूली बढ़त बनाए रखी। भारतीयों ने पलटवार करते हुए 19-17 की बढ़त बना ली, लेकिन इसके बाद मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया। इसके बाद दोनों टीमों को गेम प्वाइंट मिले लेकिन आखिर में भारतीय जोड़ी अपने तीसरे गेम प्वाइंट को भुनाने में सफल रही। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम की शुरूआत में 7-4 की बढ़त बना ली, लेकिन नेट पर दो गलतियों और ताइवानी जोड़ी के एक जोरदार स्मैश ने उन्हें बराबरी पर ला दिया। भारतीय जोड़ी इंटरवल तक एक अंक से आगे थी। इसके बाद उन्होंने अपनी बढ़त बरकरार रखकर मैच अपने नाम किया।

रांची आसपास की खबरें

## राष्ट्रीय स्कूली ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड ने जीता एक स्वर्ण सहित दो पदक

**रांची।** जम्मू के भगवती नगर के इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 15 से 19 नवंबर, तक आयोजित हो रहे राष्ट्रीय स्कूली ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड की ताइक्वांडो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर पूरे राज्य का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता में अंडर-19 बालिका वर्ग के 44 किलोग्राम वर्ग में झारखंड की सौम्या आयकत ने अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए झारखंड को स्वर्ण पदक दिलाया है। सौम्या ने फाइनल में केंद्रीय विद्यालय की खिलाड़ी को 2-0 से हराकर जीत अपने नाम दर्ज कि। वहीं, अंडर-19 बालिका वर्ग के अंडर 40 किलोग्राम भारवर्ग में झारखंड की बबीता कुमारी ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। बबीता ने अपने पहले तीन मुकाबलों में गुजरात, बिहार और तेलंगाना को 2-0 से मात देते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं सेमीफाइनल में महाराष्ट्र की खिलाड़ी के साथ 1-1 की बराबरी के बाद कड़े संघर्ष में तीसरे राउंड में मैच गंवाया, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने झारखंड के लिए पदक सुनिश्चित किया। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने राज्य के खिलाडियों के प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड की बेटियों ने अपने संघर्ष, अनुशासन और अद्वितीय खेल कौशल से राज्य का मान बढ़ाया है। बेटियों की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा और राज्य खेल कोषांग के सभी सदस्यों के साथ राज्य ताइक्वांडो संघ के कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल कुमार सहित अन्यल ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## नाओमी ओसाका ने ऑकलैंड डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट से नाम वापस लिया, अब यूनाइटेड कप में जापान के लिए खेलेंगी

**वेलिंगटन।** चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका ने जनवरी में होने वाले ऑकलैंड के एएसबी क्लासिक डब्ल्यूटीए टूनार्मेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। ओसाका अब न्यूजीलैंड के बजाय ऑस्ट्रेलिया में होने वाले यूनाइटेड कप 2026 में जापान का प्रतिनिधित्व करेंगी। ओसाका ने सितंबर में घोषणा की थी कि वह अपनी 2026 सीजन की शुरूआत ऑकलैंड से करेंगी, जहाँ उन्होंने इस साल की शुरूआत में फाइनल तक पहुंचकर शानदार प्रदर्शन किया था। लेकिन अब उन्होंने टूनार्मेंट निदेशक निकोलस लैम्पेरिन को सूचित किया कि वह अपना प्री-ऑस्ट्रेलियन ओपन तैयारी चरण ऑस्ट्रेलिया में ही शुरू करना चाहती हैं।

# आनंदी एलेवन व पालू फाइटर ने जीता मैच

रिषभ व सरवर को मिला मैन आफ दी मैच पुरस्कार
भगवान बिरसा मुंडा क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के पालू मैदान में चैथा भगवान बिरसा मुंडा क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मंगलवार को हुआ। उद्घाटन मैच आंनदी एलेवन एंव सुपर कींग चकला के बीच खला गया। जिसमें आनंदी की टीम 26 रन से जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आनंदी की टीम निर्धारित ओवर से पूर्व 84 रन बना कर आउट हो गयी। वहीं आनंदी के खिलाड़ी सरवर कुमार 10 रन पर तीन विकेट की घातक गेंदबाजी के सामने लक्ष्य का पिछा करते हुये चकला की टीम मात्र 58 रन में आलआउट हो गई। सरवर कुमार को मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार मिला। वहीं दूसरा मैच पालू फाइटर एंव नकवाटोली के बीच खेला गया। जिसमें बल्लेबाजी करते हुए पालू की टीम सचिन 19 गेद में 27 रन, व साहील 12 गेंद में 22 रन की मदद से 104 रन बनाया। वहीं नकवाटोली की टीम 63 रन ही बना सकी। 14 रन पर तीन विकेट लेने वाले पालू फाइटर के खिलाफड़ी रिषभ को मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद आदित्य साहू कहा झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। खेल के क्षेत्र में भी अपना भविष्य संवारा जा सकता है। उन्होने युवाओं से कहा खेल के माध्य से भी आगे जा सकते हैं। आज राज्य के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे है। प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए आयोजिन समिति की सरहाना किया। इससे पूर्व विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू व मुखिया बीरेंद्र मुंडा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। लालू साहू कहा अंतराष्ट्रीय पहचान बना चूके धोनी जैसे खिलाड़ी भी कभी इसी प्रकार के क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता खेला करते थें। इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए मंच व अवसर प्रादन करती है। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष चतुर साहू, उपमुखिया राजकिशोर साहू, आयोजन समिति के सिकेंद्र करमाली, सचिव अजय साहू, कोषाध्यक्ष अमिति मुंडा, सुरेंद्र करमाली, दीपक साहू, मानकी राजेंद्र साही रोहित साहू, शशि मेहता, अमरनाथ चौधरी, मनिश साहू, मुकुल साहू, राजेंद्र साहू, जलेश्वर मुंडा, योगेंद्र साहू, विजय करमाली, रणधीर साहू, पवन साहू, शेख लतिफ, उमेश साहू, अमर करमाली, राहुल साहू, रिषव साहू, दीपक करमाली, विशाल करमाली, सुमित मुंडा, रौनक साहू उपस्थित थे।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि व आयोजन समिति के पदाधिकारी।



कार्यक्रम के मंच से बोलते कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अदित्य साहू।

# जर्मनी-नीदरलैंड का दबदबा कायम! दमदार जीत के साथ दोनों टीमों ने वर्ल्ड कप का टिकट पक्का किया

**लीपज़िग।** जर्मनी ने सोमवार को अपने अंतिम क्वालीफायर मैच में स्लोवाकिया को 6-0 से करारी शिकस्त देकर अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप 2026 के लिए जगह पक्की कर ली। पहले हाफ में ही चार गोल दागकर जर्मनी ने मैच पर पूरी तरह कब्जा जमा लिया और स्लोवाकिया को मार्च में होने वाले प्लेऑफ में धकेल दिया।

चार बार की विश्व चैंपियन जर्मनी, जो पिछली दो विश्व कप (2018 और 2022) में पहले दौर से बाहर हो गई थी, ने ग्रुप में 15 अंकों के साथ टॉप किया। स्लोवाकिया 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

मैच में जीत या ड्रॉ किसी भी परिणाम से जर्मनी को क्वालिफिकेशन मिल सकता था, लेकिन टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया।

18वें मिनट में निक वोल्टेमाडे ने लगातार तीसरे मैच में चौथा गोल करते हुए टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद 29वें मिनट में सर्ज ग्नाब्री ने लियोन गोरेत्स्का के शानदार पास पर गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। 36वें मिनट में फ्लोरियन विट्र्ज. के पास पर लेरॉय साने ने शानदार कर्लिंग शॉट के साथ तीसरा गोल किया। मात्र पाँच मिनट बाद विट्र्ज. ने एक और असिस्ट देकर साने को उनका दूसरा गोल दिलाया, जिससे जर्मनी हाफ टाइम तक 4-0 की मजबूत बढ़त ले चुका था। स्लोवाकिया, जिसने सितंबर में ब्रातिस्लावा में जर्मनी को हराया था, इस बार जर्मन टीम के दबदबे के आगे पूरी तरह असहाय दिखा।

वोल्टेमाडे ने मैच के बाद कहा, हमने शुरूआत से अंत तक बेहतरीन खेल दिखाया।



### गोड्डा डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# सभी थानों में फस्ट एड किट एवं जीवन रक्षक दवाइयां हर हाल में उपलब्ध हो : अंजली यादव



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी अंजली यादव एवं एसपी मुकेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान डीसी के द्वारा जिले में हो रहे सड़क दुर्घटनाओं, हिट एंड रन मामले एवं गुड सेमेरिटन पॉलिसी के क्रियान्वयन की बिंदुवार समीक्षा की गई। डीसी के द्वारा सभी थानों में फस्ट एड किट एवं जीवन रक्षक दवाइयां हर हाल में उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक थाने में बेसिक मेडिकल ट्रेनिंग करवाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। बैठक में जिला परिवहन विभाग द्वारा न्यू ट्रेफिक कंट्रोल सिस्टम, गोड्डा पर बनाए गए प्रेजेंटेशन के माध्यम से डीसी को अवगत कराया गया। प्रेजेंटेशन के दौरान गोड्डा जिले के मुख्य सड़को पर अतिक्रमण हटाने, नए ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने, पार्किंग जोन में वाहनों को रखने संबंधी जानकारियां प्रस्तुत की गई। इस दौरान डीसी के द्वारा शहर के ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु विभिन्न मार्गों का चयन करने के निर्देश दिए गए ताकि यातायात का संचालन सुचारु रूप से किया जा सके। गंगटा मार्ग से आसनबनी चौक तक वाहन परिचालन हेतु एक सप्ताह के लिए वन वे व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिले में ब्लैक स्पॉट से संबंधित डीसी के द्वारा एसडीओ, सभी एसडीपीओ, रोड एजेंसी, सीओ, सभी थाना प्रभारी को समन्वय स्थापित कर अपने-अपने क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट पर अध्ययन कर अगली बैठक में उस क्षेत्र में दुर्घटना को कैसे कम किया जा सके इसकी कार्य योजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में एसडीओ गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, एसडीओ महागामा आलोक वरण केसरी, एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, जेपीएन चौधरी, डीटीओ कंचन कुमारी, सन्नी कुमार, नगर प्रशासक अरविंद प्रसाद अग्रवाल, सभी सीओ, थाना प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सेंट्रल अस्पताल ढोरी अस्पताल के वार्ड में ही फेंका जाता है बायो मेडिकल वेस्टेज

### बायो मेडिकल वेस्ट से संक्रमित होने का खतरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सेंट्रल अस्पताल ढोरी में साफ सफाई की कमी की वजह से स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक नहीं है। जबकि हर दिन सैकड़ों मरीज यहां इलाज कराने पहुंचते हैं, लेकिन कचरे और गंदगी के कारण मरीज के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है।

इस मामले पर एक नजर डाले तो यहां की सच्चाई को सहज ही देखा जा सकते है। अस्पताल के महिला वार्ड में मरीज भर्ती है और उसी के सामने खुले में बायो मेडिकल वेस्ट का कचरा फेंका हुआ नजर आ रहा है। यहां बिखरे पड़े बायो मेडिकल वेस्टेज बीमारियों को न्योता दे रहे हैं। इससे यही लगता है कि अस्पताल में प्रतिदिन निकलने वाले बायो वेस्टेज के निस्तारण का उचित प्रबंध नहीं हैं। इस कारण मरीजों के लिए उपयोग की गई पट्टियां, सीरिंज, बोतल, टिश्यू आदि मेडिकल कचरे को अस्पताल के वार्ड में ही फेंक दिया जाता है।

बायो मेडिकल वेस्टेज लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इससे मरीजों सहित अन्य लोगों को संक्रमित होने का खतरा बढ़ जाता है। जबकि अस्पतालों में बायो मेडिकल वेस्टेज का सही ढंग से निस्तारण किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही अस्पताल परिसर शौचालय आदि जगहों में सफाई व्यवस्था लचर होने से बदबू अस्पताल में फैलते है।

जो मरीजों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है।

### एक नजर में

### दुमका : साइबर ठगी करते रंगे हाथ नाबालिग समेत दो साइबर अपराधी धरायें



**दुमका।** आए दिन साइबर अपराध की बढ़ती घटनाएं आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इन अपराधियों पर नकेल कसना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। इस क्रम में एसपी के निर्देशानुसार तकनीकी शाखा के माध्यम से जानकारी मिली कि तालझारी थाना में साइबर अपराधियों द्वारा साइबर ठगी करने की सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। जिसे विफल बनाने के लिए अधिकारियों के निर्देश पर एक छापेमारी दल का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें तालझारी थाना के जमनीकोला गांव स्थित टेटियाडीह डंगाल के पास साइबर ठगी करते दो अपराधियों को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। वही अन्य दो-तीन अपराधी भागने में सफल रहे। गिरफ्तार अपराधियों में से एक के नाबालिग होने की जानकारी मिली है। पकड़े गए साइबर अपराधी का नाम विक्रम ठाकुर है। जो बासमती टीकर थाना तालझारी का रहने वाला है। जिससे पुलिस ने तीन मोबाइल एवं सात सिम कार्ड बरामद किया है।

### डीपीएस बोकारो में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित, नौनिहालों ने दिखाई प्रतिभा



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में लगभग साढ़े चार सौ बच्चों ने अलग-अलग समूहों में विभिन्न श्रेणियों के तहत विभिन्न स्वरूपों और पात्रों में ढलकर अपनी प्रस्तुतियों के जरिए नन्हे विद्यार्थियों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता और अनेकता में एकता प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के संरक्षण तथा अच्छी सेहत का सुंदर संदेश दिया। कुछ छात्राएं परियों की कहानियां परोसीं तो कुछ बच्चे रेंगने वाले जंतुओं का वेश धर मंच पर उतरे- वहीं कुछ ने घर के साजो-सामान के रूप में खुद को प्रस्तुत कर सबकी महत्ता समझाई। प्रतिभागियों ने फल-सब्जियों के वेश में अच्छी सेहत के लिए उनकी अहमियत समझाई। पहली कक्षा के विद्यार्थी भगवान शिव विष्णु जगन्नाथ बालाजी महाकाली देवी दुर्गा सरस्वती अर्द्धनारीश्वर सहित अन्य देवी-देवताओं के वेश में पहुंचे तथा आध्यात्मिक ऊर्जा को प्रदर्शित किया। कुछ प्रतिभागियों ने भारत के विभिन्न राज्यों की वेशभूषा के जरिए वहां की संस्कृति को दर्शाया। प्रतियोगिता में समूहवार प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने विद्यार्थियों शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि ऐसी स्पधार्ओं में हार-जीत से ज्यादा प्रतिभागिता महत्वपूर्ण है।

### स्पीड न्यूज

### विदाई के लिए ससुराल गये युवक पर चाकू से हमला, इलाजरत



**दुमका।** पत्नी को विदा कराने गए जुल्फिकार भुटटो पर ससुराल वालों ने चाकू से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवार की रात रानीश्वर थाना क्षेत्र के धनभाषा गांव में घटी। हमला करने वालों में युवक की पत्नी समेत पांच लोग शामिल हैं। रानीश्वर थाना की पुलिस घायल का बयान लेकर आरोपियों की तलाश में लग गई है। जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आसनबनी गांव के जुल्फिकार भुटटो ने धानभाषा की रंजनी खातून से दूसरी शादी की है। कुछ दिन पहले उसकी पत्नी किसी बात से नाराज होकर मायके चली गई। पति पत्नी में पहले से पैसों और जेवर को लेकर मन मुटाव चल रहा था। पति ने बताया कि जब वह केवल पैसा लेकर ससुराल गया तो पत्नी से कहासुनी होने लगी। इसके बाद पत्नी के कहने पर उसके साथ गांव से बाहर आ रहा था। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे पत्नी के दोनों भाई और मां बाप ने पकड़कर सिर पर तौलिया डालकर पहले जमकर पीटा। इसके बाद पत्नी रजनी खातून ने निजी अंग में चाकू मार घायल कर दी। आरोपियों में सकीना अंसारी, बेलाल अंसारी, सलीम अंसारी व रजाउल अंसारी ने दो और चाकू मारकर घायल कर दिया और रुपया लेकर भाग गए। पड़ोस टोला में रहने वाले चाचा को घटना की जानकारी दी तो वह मौके पर आए। सूचना मिलते ही पहले नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं रानीश्वर के थानेदार भी आए।

### दुमका : 22 बोटा नीम की लकड़ी जब्त

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला के शिकारीपाड़ा वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार अहले सुबह बरमसिया मुरारपुर मुख्य मार्ग भालकी के पास दो चाइना टोली में लदा नीम की लकड़ी जप्त किया है। दोनों चाइना टोली में 22 बोटा नीम की लकड़ी लदा हुआ है। जप्त की हुई लकड़ी और चाइना टोली को वन विभाग टीम शिकारीपाड़ा वन परिसर में लाकर रखी है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में वन विभाग की टीम ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई की जाएगी और लकड़ी माफिया को किसी भी कीमत में नहीं बक्सा जाएगा। इस कार्रवाई से लकड़ी माफियाओं के बीच हड़कंप मच गया है। यहां बताते चले कि लकड़ी माफिया शिकारीपाड़ा से अवैध रूप से बेस कीमती पेड़ों को काटकर पश्चिम बंगाल ले जाकर बेचते हैं और मोटी कमाई करते हैं।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक घायल

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के बगियारी मोड़ में सोमवार की रात करीब नौ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसकी पहचान सिंहपुर पंचायत के गोरियाकुदर निवासी फूलचंद महतो के पुत्र 27 वर्षीय पूरन महतो उर्फ छत्रु महतो के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह मंजूरा से सबस्टेशन के रास्ते वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान बगियारी मोड़ में मंगल चंडी के मुख्य द्वार के निकट किसी अज्ञात वाहन की टक्कर में वह जख्मी होकर गिर पड़ा। उसके जान और मुंह से काफी खून बह रहा था। राहगीरों की जब उस पर नजर पड़ी तो इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। इस बीच सूचना पाकर कसमार पुलिस एवं एम्बुलेंस पहुंचा। जख्मी युवक को सामुदायिक अस्पताल, कसमार ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए उस सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# गोड्डा : अपराध की योजना बनाते 5 अपराधी गिरफ्तार, दो देसी कट्टा व कारतूस बरामद

### दो बाइक और चार मोबाइल फोन भी जब्त

### अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ अपराधी भागने में रहे सफल



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** मुफ्फसिल थाना गोड्डा में डीएसपी (मुख्यालय) जे पी एन चौधरी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर एक बड़े लूटपाट करने वाले गिरोह के 5 सदस्यों के गिरफ्तार होने और इनके पास से दो देशी कट्टे और 5 जिंदा कारतूस 3.15 की बरामद होने की सूचना दी। चौधरी ने बताया कि थाना को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार को सारी जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने एक एसआइटी गठन कर पुलिस निरीक्षक सदर प्रभाग मधुसूदन मोदक के नेतृत्व में मुफ्फसिल थाना प्रभारी पुअनि आनंद साहा, राजेश रंजन, विकास कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार राउत, सअनि उमेश प्रजापति, सीताराम महतो, मनोज मंडल, रिजर्व गार्ड, तकनीकी शाखा को जांच का आदेश दिया। छापेमारी के लिए टीम कुरमी चक स्थित मरघटी के निकट एक सुनसान और जर्जर मकान में 8 से 10अपराधी बातचीत करते हुए सुनाई पड़ा जो मोबाइल टॉर्च की रोशनी जलाकर उस स्थान पर बात कर रहे थे जहां की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस टीम ने उस मकान की घेराबंदी की। अपराधियों को आहट होने पर घर से निकल कर भागने लगे। भागते हुए अपराधियों का पुलिस जवानों पीछा किया और कुल 5 बदमाश पकड़े गए।

तलाशी लेने पर दो देशी कट्टे और 5 जिंदा कारतूस बरामद किए गए साथ ही दो हरा एवं लाल मोटरसाइकिल, चार स्मार्ट फोन भी बरामद किए गए। सभी हिरासत में लिए गए लड़कों की उम्र 19 से 22 वर्ष के बीच के सभी लड़के हैं। हिरासत में लिए गए लड़कों के नाम इस प्रकार हैं।

शिवम कुमार उम्र 21 वर्ष, उत्तम कुमार साह उम्र 19 वर्ष, सुमन पंडित उम्र 19 वर्ष, प्रदीप कुमार साह उम्र 20 वर्ष, गुलशन पंडित सभी जिला गोड्डा के निवासी हैं। प्रेस वार्ता में डीएसपी मुख्यालय व कुमार गौरव प्रशिक्षु डीएसपी, मधुसूदन मोदक, आनंद साहा प्रभारी मुफ्फसिल थाना साथ थे।

### बेरमो : बैंक खाते से ठगों ने की 90,000 रूपये की अवैध निकासी

**तेनुघाट कोर्ट।** बेरमो अनुमंडल स्थित पेटरवार थाना क्षेत्र में साइबर अपराध का एक नया मामला सामने आया है, जिसमें रघुनाथपुरम निवासी स्वरूप सहाय के बैंक खाते से ठगों ने 90,000 की अवैध निकासी कर ली। पीड़ित ने इस संबंध में पेटरवार थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित स्वरूप सहाय ने बताया कि वह अपने घर में जीओ एयर फायबर को रिचार्ज करने के लिए गूगल पर हेल्पलाइन नंबर खोज रहे थे। खोज के दौरान उन्हें 18002085280 नंबर मिला। कॉल करने पर फोन रिसीव करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को जीओ एयर फायबर अधिकारी बताया और इंस्टॉलेशन रजिस्ट्रेशन के नाम पर 19 रूपया जमा करने को कहा। ठग द्वारा भेजे गए कोड/लिंक को स्कैन करने और भुगतान का प्रयास करने के दौरान बदमाश ने चालाकी से पीड़ित की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद पीड़ित का मोबाइल अचानक हैंग हो गया। मोबाइल रीस्टार्ट होने पर स्वरूप ने देखा कि उनके खाते से किसी विशाल को 90,000 ट्रांसफर कर दिए गए हैं।

### संगीत समारोह में शास्त्रीय व सुगम संगीत की प्रस्तुतियों से कलाकारों ने बांधा समां





**बोकारो।** वरिष्ठ संगीतज्ञ पं बच्चनजी महाराज के संयोजन में सेक्टर 5 बोकारो क्लब में आईडी शाह कॉलेज ऑफ म्यूजिक डांस एंड फाइन आर्ट्स के तत्वावधान में आयोजित ध्रुपद सम्राट पं रामवृक्ष पाठक अखिल भारतीय संगीत समारोह का उद्घाटन बीएसएल के डीजीएम संजय कुमार शर्मा व उनकी धर्मपत्नी सरिता शर्मा दूरर्शन व आकाशवाणी के गायक पं कृष्ण मोहन पाठक पं शैलेन्द्र कुमार पाठक बोकारो की संगीतज्ञ उषा रानी पाठक ने किया। कार्यक्रम संयोजक पं बच्चन महाराज ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। कृष्णा तुलसी द्वारा गणेश वंदना के पश्चात आराध्या कनक आनंद आरोही मिश्रा अद्विका मिश्रा ने राग यमन में गायन तो हिमांशु राज ने राग पटदीप सुनाया। अथर्व श्रेष्ठ धीरज तिवारी व हिमांशु शेखर मिश्रा ने एकल तबला वादन व आदित्य राज ने एकल गिटार वादन प्रस्तुत किया। शंकर कुमार ने ख्याल गायन व सूरज गोस्वामी पं श्याम गोस्वामी शंकर कुमार सूरज ठाकुर ने भजन प्रस्तुत किया। चंद्रकांत शर्मा प्रभा मोहनन नायर हरेकनाथ गोस्वामी पं शैलेन्द्र कुमार पाठक पं अभिराम पाठक पं कृष्ण मोहन पाठक ने शास्त्रीय संगीत के विभिन्न रागों में गायन प्रस्तुत किया। मौके पर संगीतज्ञ डॉ राकेश रंजन अरुण पाठक सुमन उपाध्याय श्रुति रंजन अरुण कुमार कमलेश मिश्र शैलेश कुमार हिमांशु आदि संगीत प्रेमी श्रोता उपस्थित थे।

### बीएसएल के मन्नान अली ने राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में जीता रजत पदक




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में इंजीनियरिंग एसोसिएट के रूप में कार्यरत मन्नान अली ने 35वीं राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इंक्लाइन बेंच प्रेस चैम्पियनशिप 2025-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंक्लाइन बेंच प्रेस प्रतियोगिता-95 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह राष्ट्रीय चैम्पियनशिप भारतीय स्ट्रेंथलिफ्टिंग फेडरेशन के तत्वावधान में सिक्किम स्ट्रेंथलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा पलजोर स्टेडियम गंगटोक में आयोजित की गई जिसमें देशभर से अनेक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बीएसएल शीर्ष प्रबंधन ने उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील प्लांट सदैव अपने कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करता है तथा खेल सांस्कृतिक गतिविधियों और फिटनेस पहल के माध्यम से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करता है। मन्नान अली की यह उपलब्धि प्लांट के कर्मियों में निहित प्रतिभा और उसके सतत संवर्द्धन के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# बीएसएल में रीहीटिंग फर्नेस कैम्पेन लाइफ बढ़ाने पर एलईओ कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रीहीटिंग फर्नेस कैम्पेन लाइफ को बढ़ाने तथा फर्नेस में स्केल फॉर्मेशन को न्यूनतम करने के निमित्त बोकारो स्टील प्लांट के एचआर-एल एंड डी एवं हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लर्निंग एक्सीलेंस एंड ऑप्टिमाइजेशन (एलईओ) कार्यशाला में सेल की विभिन्न इकाइयों के साथ-साथ अन्य स्टील प्लांट तथा औद्योगिक साझेदार संगठनों से आए इंजीनियरों मेंटेनेंस प्रोफेशनल्स एवं फर्नेस विशेषज्ञों ने सक्रिय भागीदारी की। यह आयोजन तकनीकी नवाचार उन्नत तकनीक एवं परिचालन दक्षता से संबंधित ज्ञान के आदानझ्रप्रदान हेतु एक उत्कृष्ट सहयोगात्मक मंच सिद्ध हुआ। कार्यशाला के उद्घाटन में ईडी-वर्क्स प्रिय रंजन ईडी-ऑपरेशन एके दत्त सीजीएम-अनुरक्षण शरद गुप्ता सीजीएम-सर्विसेज अरविंद कुमार सीजीएम-एफ एंड ए निर्मल कुमार सिंह सीजीएम-हॉट स्ट्रिप मिल पीके वर्मा एवं सीजीएम-एचआर-एल एंड डी नीता बा उपस्थित थे। सीजीएम पीके वर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्य को फर्नेस मेंटेनेंस परफॉर्मेंस ऑप्टिमाइजेशन एवं कैम्पेन लाइफ इम्प्रूवमेंट के क्षेत्र में तकनीकी उत्कृष्टता और सहयोग को बढ़ावा देने वाला बताया। ईडी-संकार्य प्रिय रंजन ने सभी को सुरक्षा शपथ दिलाने के उपरांत अपने विचार साझा करते हुए रीहीटिंग फर्नेस की नियमित एवं प्रिवेंटिव मेंटेनेंस के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्केल एवं रस्ट फॉर्मेशन को नियंत्रित करने की आवश्यकता पर विशेष बल देते हुए कहा कि इससे न केवल फर्नेस की आयु बढ़ती है बल्कि उत्पाद की गुणवत्ता और परिचालन लागत में भी उल्लेखनीय सुधार होता है। अन्य गणमान्य अधिकारियों ने भी एलईओ पहल के महत्व को रेखांकित किया। तकनीकी सत्रों के दौरान स्केल फॉर्मेशन की प्रक्रिया एवं मूल कारण एडवांस्ड प्रिवेंटिव मेंटेनेंस रेफ्रेक्ट्री रणनीतियाँ टेंपरेचर कंट्रोल एवं ऑटोमेशन जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई। इस आयोजन से सेल इकाइयों एवं औद्योगिक साझेदारों के बीच तकनीकी सहयोग मजबूत हुआ।

### राजकीय मध्य विद्यालय होशिर में पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया




**बेरमो।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने प्रभारी प्राचार्य प्रो गोपाल प्रजापति के संरक्षण और कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को राजकीय मध्य विद्यालय, होशिर, गोमिया में पॉक्सो जागरूकता कार्यशाला चलाया जिसमे स्कूल के शिक्षक, छात्र छात्राएं, अन्य हितधारक और एन एस एस के स्वयं सेवकों ने भाग लिया। प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा 14 नवंबर से लेकर 20 नवंबर तक बाल अधिकार सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बच्चों के अधिकारों के संबंध में जागरूकता कार्यशाला अनिवार्य है ताकि बच्चों को सुरक्षित किया जा सके। डॉ प्रभाकर कुमार ने बताया पॉक्सो एक्ट बच्चों व नाबालिगों से किसी तरह के दुर्व्यवहार से सुरक्षा प्रदान करती है। यह शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक दुर्व्यवहार हो सकता है। विद्यालय में किसी घटित अपराध की रिपोर्ट न दर्ज करना धारा 21 (1) के तहत छह माह तक का कारावास या जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है। विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा पॉक्सो एक्ट के तहत की गई है। एक कठोर कानून बच्चों की रक्षा करती है। हर विद्यालय में पॉक्सो कमिटी का गठन अनिवार्य रूप से की गई है जो इस तरह के घटित अपराध की जानकारी सही प्लेटफार्म तक अनिवार्य रूप से रखे। बच्चों के साथ होनेवाले किसी भी तरह के यौन व्यवहार होने पर घबराएं नहीं या डरे नहीं, बल्कि मामलों को दबाने या रफा दफा करने के बजाय परिवार, शिक्षकों या पुलिस को सूचित करें। पॉक्सो एक्ट की विभिन्न जानकारियों के साथ साथ सुरक्षित स्पर्श असुरक्षित स्पर्श के तरीकों, आत्म प्रतिरक्षा के टिप्स, बाल अधिकार एवं अन्य बाल कानून, सरकारी हितधारकों आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एन एस एस के स्वयं सेवकों ने पोस्टर के माध्यम से पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी जिनमें सुमीत कुमार सिंह, पीयूष कुमार मंडल, सोनू कुमार शर्मा रहे। प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस जागरूकता अभियान में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रभाकर कुमार, राजकीय मध्य विद्यालय होशिर गोमिया के प्रधानाध्यापक नारायण पंडित, शिक्षक श्वेता प्रसाद, आदर्श कुमार, अल्ताफ हुसैन आदि छात्र-छात्राएं और स्वयं सेवकों की उपस्थिति रही।

# अंतरजिला फुटबॉल टूर्नामेंट में गोड्डा ने धनबाद को 4–2 से किया पराजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के निर्देशानुसार इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 के ग्रुप डी अंतर्गत पांच जिला साहिबगंज, गोड्डा, दुमका, जामताड़ा और धनबाद का फुटबॉल मैच बड़ा सिमरा स्टेडियम गोड्डा में जिला फुटबॉल एसो गोड्डा द्वारा आयोजित किया गया। ग्रुप डी के फाइनल मैच में धनबाद जिला और गोड्डा जिला के बीच शिमला स्टेडियम में हुआ। दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। जिसमे गोड्डा ने 4-2 गोल से धनबाद को पराजित करने में कामयाब रहा। मैन ऑफ द मैच धनबाद के एजाज कुरैशी हुए। मैच रेफरी के रूप में सिकंदर यादव, स्टीफन बड़ा, दिलीप राम, योगेश हेंब्रम, राम सोरेन अपने सटीक निर्णय दिए जबकि रेफरी कमिश्नर के रूप में उदय मिश्र अपनी जवाब देही को बखूबी अंजाम दिया। इस जीत से अब गोड्डा जिला होने वाले क्वार्टर फाइनल में जगह बना लिया है। आयोजन के संयोजक अनिल सवैया और सहसंयोजक इनोसेंट इत्यादि ने बेहतर आयोजन को अंजाम दिया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को सचिव गुड्डा द्वारा ट्रॉफी दिया गया साथ ही साथ ग्रुप डी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एजाज कुरैशी को भी मोमेंटो दिया गया इस अवसर पर सचिव अब्दुल कलाम आजाद ने सभी रेफरी आयोजन मंडली के प्रति आभार व्यक्त किया तथा खिलाड़ियों को मुबारकबाद दिया। मौके पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन गोड्डा के उपाध्यक्ष सफीक आलम कोषाध्यक्ष अजीत कुमार सहाय एवं अन्य पदाधिकारी गण मौजूद थे।

# सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र में अवैध उत्खनन रोकने की अनोखी पहल




खबर मन्त्र संवाददाता

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा कोलियरी द्वारा अवैध खनन रोकने के लिए महाप्रबंधक कार्यालय से मंगलवार को रथ गाड़ी निकल गई जिसमें जगह-जगह प्रचार किया जा रहा की अवैध खनन मत करें अवैध खनन करने से कितनों की जान चली जाती है और जगह-जगह टीवी लगाकर अवैध खनन को रोकने के लिए दिखाई जा रहा है कथारा कोलियरी के आसपास के गांव में यह रथ यात्रा को घुमाया जा रहा है जिससे वहां के लोग अवैध खनन करने से कितना नुकसान होता है यह सब जानकारी रथ गाड़ी से दी जा रही है। इस मौके पर कथारा कोलियरी के अधिकारी गण और महा प्रबंधक कार्यालय के अधिकारी गण उपस्थित रहे। कथारा महा प्रबंधक के द्वारा हरे झंडी दिखाकर रथ गाड़ी रवाना किया गया।

# ब्लड देने में जिनका खून सूख जाता है, किडनी देने पर देते हैं ज्ञान

## जब किडनी देने की बात आई तो बेटा भाग गया : रोहिणी

खबर मन्त्र संवाददाता

▶▶ लालू के प्रति झूठी हमदर्दी जताने के बजाय गरीब मरीजों को मदद करें चाटुकार

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को किडनी दान देकर जीवन बचाने वाली उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने एक बार फिर अपने आलोचकों पर तीखा हमला बोला है। सोशल मीडिया पर जारी बयान में उन्होंने उन सभी लोगों को आड़े हाथों लिया जो उनकी किडनी दान करने को लेकर अनावश्यक टिप्पणी कर रहे हैं और इसे गलत ठहराने की कोशिश कर रहे हैं। रोहिणी आचार्य ने बिहार के एक पत्रकार से फोन पर कहा कि जब किडनी देने की बात आई तो बेटा भाग गया। उन्होंने कहा कि जो लोग लालू जी के नाम कुछ करना चाहते हैं , तो ऐसे लोगों को झूठी हमदर्दी जताना छोड़ कर हॉस्पिटल्स में अपनी अंतिम सांसें गिन रहे उन लाखों - करोड़ों गरीब लोगों, जिन्हें किडनी की जरूरत है , को अपनी किडनी देने के लिए आगे आना चाहिए और लालू जी के नाम पर अपनी किडनी दान करनी चाहिए। पिता को किडनी देने वाली शादी - शुदा बेटी को गलत बताने वाले हिम्मत जुटा कर उस बेटी से खुले मंच पर खुली बहस करें। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को किडनी देने के महादान की शुरूआत पहले वो करें जो बेटी की किडनी को गंदा बताते हैं, फिर हरियाणवी महापुरुष करे, चाटुकार पत्रकार करें और हरियाणवी के भक्त ट्रोलर्स करें जो मुझे गाली देते नहीं थकते .. एक बोतल खून देने के नाम पर जिनका खून सूख जाता है , वो किडनी देने पर उपदेश देते हैं।



रोहिणी ने दो टूक कहा कि यदि कोई सच में लालू प्रसाद यादव के लिए कुछ करना चाहता है, तो उसे झूठी हमदर्दी जताने के बजाय अपनी ऊर्जा उन गरीब मरीजों की मदद में लगानी चाहिए, जो अस्पतालों में किडनी प्रत्यारोपण की आस लगाए जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि लाखों-करोड़ों जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने का सबसे बड़ा रास्ता यही है कि लोग आगे आएं और मानवता के नाम पर अंगदान को प्रोत्साहित करें। अपनी किडनी देने के फैसले पर सवाल उठाने वालों को जवाब देते हुए रोहिणी ने खुली चुनौती भी दी। उन्होंने कहा कि जो लोग एक शादीशुदा बेटी द्वारा पिता को किडनी देने को गलत ठहराते हैं, उनमें यदि हिम्मत है तो वे खुले मंच पर बहस के लिए सामने आएं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिन्हें एक बोतल खून देने के नाम पर पसीना छूट जाता है, वे किडनी दान जैसे बड़े त्याग पर भाषण देते हैं।

रोहिणी ने यह भी कहा कि किडनी दान को लेकर दूसरों को उपदेश देने से पहले उन लोगों को आगे बढ़कर खुद मिसाल पेश करनी चाहिए, खासकर वे आलोचक जो सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणी करते हैं। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि यदि किसी में मानवता का जरा भी भाव है, तो वह जरूरतमंद मरीजों के लिए अंगदान अभियान की शुरूआत कर सकता है। उन्होंने हरियाणा के कुछ राजनीतिक चेहरों, पत्रकारों और ट्रोल समूहों को भी सीधे निशाने पर लिया, जो उनके अनुसार लगातार उन्हें निशाना बनाते हैं। रोहिणी ने कहा कि ऐसे लोग पहले खुद उदाहरण प्रस्तुत करें, फिर दूसरों को सीख देने की कोशिश करें। रोहिणी आचार्य ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि पिता के जीवन को बचाने के लिए दिया गया उनका महादान एक बेटी का कर्तव्य था, और इसे किसी राजनीतिक चश्मे से देखने वालों को अपनी सोच बदलनी चाहिए।

## जयचंदों को कीमत चुकानी होगी और परिणाम भी भुगतने होंगे : तेजप्रताप

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव अपनी बहन रोहिणी आचार्य के समर्थन में खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने कहा कि जयचंदों को कीमत चुकानी होगी और परिणाम भुगतने होंगे। रोहिणी ने हाल ही में अपने भाई तेजस्वी यादव और उनके सहयोगी संजय यादव पर अपमान का आरोप लगाया था। जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेजप्रताप ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक भावनात्मक पोस्ट में कहा कि वह किसी भी कीमत पर अपनी बहन का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने लिखा कि जयचंदों को इस दुर्व्यवहार का परिणाम चुकाना पड़ेगा। रोहिणी दीदी के साथ हुए व्यवहार ने दिल को झकझोर दिया है। मेरे साथ जो हुआ, सह गया लेकिन मेरी बहन का अपमान असहनीय है।उन्होंने चेतावनी दी कि परिवार पर चोट करने वालों को बिहार की जनता कभी माफ नहीं करेगी। शनिवार को रोहिणी आचार्य ने राजनीति छोड़ने और परिवार से नाता तोड़ने का एलान कर सभी को हैरत में डाल दिया था। उन्होंने अपने भाई तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव और रमीज पर दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए कहा था कि इन्हीं के कहने पर उन्हें राजनीति व परिवार से दूरी बनानी पड़ी।

# भव्य होगा शपथ ग्रहण समारोह

## नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में तैयारियों का लिया जायजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** बिहार की नई सरकार के 20 नवंबर को गांधी मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद व्यवस्थाओं का जायजा लेने मंगलवार को गांधी मैदान पहुंचे। उन्होंने समारोह के लिए बनाए गए मंच का मुआयना किया और पूरे परिसर में घूमकर तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय कुमार चौधरी और पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन भी मौजूद थे।

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने उन्हें तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले, मुख्य सचिव और डीजीपी विनय कुमार ने भी गांधी मैदान और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके साथ पटना के डीएम, एसएसपी और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इसके अलावा, पटना एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई।



शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, कई केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होने वाले हैं।

बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को मीडिया को बताया कि 20 नवंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और समाज के गणमान्य लोगों को भी

▶▶ समारोह में पीएम मोदी समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल

▶▶ मतदाताओं को भेजा गया निमंत्रण, दो-तीन लाख लोगों की आने की संभावना

आमंत्रित किया गया है। दिलीप जायसवाल के अनुसार, मतदाताओं द्वारा एनडीए को दिए गए अपार समर्थन को देखते हुए समारोह में लगभग 2-3 लाख लोगों के जुटने की संभावना है।

**विपक्ष को अनुशासित भूमिका निभाने की सलाह :** तेजस्वी यादव को राजद विधायक दल का नेता चुने जाने के सवाल पर दिलीप जायसवाल ने उन्हें रचनात्मक सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि अगर तेजस्वी नेता प्रतिपक्ष बनते हैं, तो उन्हें अनुशासित तरीके से अपनी भूमिका निभानी चाहिए। जायसवाल ने विपक्ष से आग्रह किया कि वह एनडीए सरकार के विकसित बिहार के सपने को पूरा करने में सहयोग करे, क्योंकि विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं होता है।

### विकसित बिहार का शपथ लेंगे : जायसवाल

दिलीप जायसवाल ने कहा कि बुधवार को पहले भाजपा विधायक दल की बैठक होगी, जिसके बाद एनडीए विधायक दल की बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने इस समारोह के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस बार शपथ ग्रहण केवल औपचारिकता नहीं होगी, बल्कि हम विकसित बिहार का सपना पूरा करने की शपथ लेंगे। एनडीए इस कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी नई सरकार का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगी।

## विधानसभा अध्यक्ष की रेस में प्रेम कुमार और तारकिशोर प्रसाद

**पटना।** बिहार विधानसभा का अध्यक्ष बनने के लिए एनडीए के घटक दलों में लंबी कतार है। जदयू भी अध्यक्ष पद पर दावा कर रहा है, लेकिन भाजपा निश्चिंत है। भाजपा के वरिष्ठ विधायक प्रेम कुमार और पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद का नाम आगे चल रहा है। कुमार नौवी बार गया शहर से विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं। वे विपक्ष के नेता भी रह चुके हैं। निवर्तमान मंत्रिमंडल में सहकारिता मंत्री हैं। वे अति पिछड़ी जाति से आते हैं। तारकिशोर प्रसाद पांचवी बार कटिहार से भाजपा उम्मीदवार की हैसियत से चुनाव जीते हैं। वे 2020-22 के बीच राज्य के उपमुख्यमंत्री रहे हैं। सामाजिक समीकरण के हिसाब से वे वैश्य बिरादरी के हैं, जिन्हें भाजपा का कोर वोटर माना जाता है। दानापुर के भाजपा विधायक रामकृपाल यादव को भी इस पद के योग्य माना जा रहा है।रामकृपाल केंद्र सरकार में राज्यमंत्री रहे हैं।वे उन नेताओं में शामिल हैं, जिन्हें लोकसभा, राज्यसभा, विधान परिषद और विधानसभा सदस्य बनने का अवसर मिला है।

# भारत का विकास मॉडल विश्व के लिए आशा का प्रतीक बना

एजेंसी

▶▶ रामनाथ गोयनका का जीवन राष्ट्रप्रथम व सत्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को छठवें रामनाथ गोयनका व्याख्यान में दिए अपने भाषण को साझा करते हुए देशवासियों से अगले दस वर्षों में गुलामी की मानसिकता से पूर्ण मुक्ति का संकल्प लेने अपील की। उन्होंने कहा कि यह मानसिकता उपनिवेशवाद की देन है और अब समय आ गया है कि देश इससे पूरी तरह बाहर निकले।

उन्होंने देशवासियों से सामूहिक संकल्प के साथ औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा किए अपने पोस्ट में कहा कि रामनाथ गोयनका का जीवन राष्ट्रप्रथम की भावना और सत्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। उन्होंने हमेशा कर्तव्य को सर्वोपरि रखा और यही भावना आज भी पत्रकारिता और लोकतंत्र दोनों के लिए प्रेरणा है। लोकतंत्र पर बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने हाल के बिहार विधानसभा चुनाव का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड मतदान और विशेष रूप से महिलाओं की बढ़ती भागीदारी इस बात का संकेत है कि भारत का लोकतंत्र लगातार सशक्त हो रहा है।

## थरूर ने फिर की मोदी की तारीफ

**नयी दिल्ली।** तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। थरूर ने भारत की आर्थिक दिशा को रेखांकित करने और देश की विरासत को गौरवशाली बनाने पर जोर देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने यह बात पीएम मोदी के हालिया संबोधन के बाद कही। शशि थरूर ने मंगलवार को छठे रामनाथ गोयनका व्याख्यान में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन पर विचार किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का भाषण एक आर्थिक दृष्टिकोण और कार्रवाई का सांस्कृतिक आह्वान दोनों था। कांग्रेस सांसद थरूर ने कहा किमोदी ने विकास के लिए भारत की रचनात्मक अधीरता की बात की और एक औपनिवेशिक काल के बाद की मानसिकता से मुक्ति पर जोर दिया।

# अमेरिका फिर बड़े स्तर पर बनायेगा चिप

## ट्रंप ने फिर एच 1बी वीजा का किया समर्थन

एजेंसी

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर एच 1बी वीजा का समर्थन किया है। उनका कहना है कि विदेशों से आने वाले कामगार जरूरी हैं, क्योंकि वे अमेरिकी कामगारों को प्रशिक्षित करते हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि अब अमेरिका में बहुत कम चिप्स बनती हैं, लेकिन आने वाले एक वर्ष में अमेरिका फिर से बड़े स्तर पर चिप निर्माण करेगा। इसके लिए अमेरिकी लोगों को फिर से चिप बनाना सीखना होगा। उन्होंने कहा कि पहले अमेरिका यह काम करता था, परन्तु गलती से यह उद्योग ताइवान के हाथों गंवा दिया। पिछले हफ़्ते, ट्रंप ने फॉक्स न्यूज की लॉरा इंग्राहम के साथ एक साक्षात्कार में एच-1बी वीजा



कार्यक्रम का समर्थन किया था। जब पूछा गया कि क्या उनकी सरकार इस वीजा को कम महत्त्व देगी, तो ट्रंप ने कहा कि हमें बाहर से प्रतिभाशाली लोग लाने ही पड़ेंगे। आपके पास कुछ खास तरह की प्रतिभा नहीं है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी पंक्ति में खड़े लोगों को अचानक मिसाइल बनाने वाले कारखाने में नहीं लगाया जा सकता, इसके लिए विशेष कौशल चाहिए। ट्रंप के इस बयान के बाद कई रिपब्लिकन नेताओं ने एच 1बी कार्यक्रम बंद करने की मांग शुरू कर दी। इसके बाद व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया कि वीजा आवेदन पर एक लाख डॉलर की नई फीस व्यवस्था की गड़बड़ियों को रोकने के लिए पहला बड़ा कदम है।

व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आधुनिक इतिहास में किसी भी राष्ट्रपति से ज्यादा हमारे आव्रजन कानूनों को कड़ा करने और अमेरिकी कामगारों को प्राथमिकता देने के लिए काम किया है। प्रवक्ता टेलर रोजर्स ने एच-1बी वीजा नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों की जांच के लिए हाल ही में शुरू किए गए ₹प्रोजेक्ट फायरवॉल₹ पर भी प्रकाश डाला, जिसके तहत उन कंपनियों की जांच की जा रही है जो एच-वन-बी नियमों का उल्लंघन करती हैं।

वहीं, शुक्रवार को सांसद माजोरी टेलर ग्रीन ने फिर कहा कि वे चिकित्सकीय क्षेत्र को छोड़कर एच-वन-बी वीजा को सभी क्षेत्रों में प्रतिबंधित करने का विधेयक लाएंगी। उनके अनुसार इससे अमेरिकी लोगों को अधिक नौकरियां उपलब्ध होंगी और वे अपने घर भी खरीद पाएंगे।

बता दें कि सरकार की इस नीति के विरुद्ध कई मुकदमे भी दायर हुए हैं। 31 अक्टूबर को पांच अमेरिकी सांसदों ने ट्रंप को पत्र लिखकर इस वीजा पर लागू उनके आदेश पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया, क्योंकि इससे भारत-अमेरिका संबंधों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

# अमृत भारत योजना के तहत पिस्का स्टेशन का होगा पुनर्विकास

## भारतीय रेल की एक महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक पहल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोलकाता।** अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेल द्वारा अपनी अवसंरचना को आधुनिक बनाने और लाखों यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर करने के लिए किए जा रहे संगठित प्रयास का प्रतीक है। यह एक दीर्घकालिक योजना है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों को चरणबद्ध तरीके से विकसित करना है। दक्षिण पूर्व रेलवे के कुल 72 स्टेशनों का विकास इस योजना के तहत किया जा रहा है। प्रत्येक स्टेशन के लिए विस्तृत योजनाएँ तैयार की गई हैं और वहाँ की आवश्यकता के अनुसार कार्य चरणों में किए जा रहे हैं। इस योजना का मुख्य लक्ष्य स्टेशनों को अधिक स्वच्छ, सुविधाजनक और यात्री-हितैषी बनाना है। रांची मंडल के अंतर्गत रांची जिले में पिस्का रेलवे स्टेशन




भी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए जाने वाले स्टेशनों में शामिल है। पुनर्विकास का उद्देश्य इस साधारण स्टेशन को अधिक यात्री-केंद्रित सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए आधुनिक रूप देना है। पिस्का रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास रांची तथा आसपास के क्षेत्रों के हजारों दैनिक यात्रियों को लाभान्वित करेगा। उन्नत सुविधाएँ और बेहतर संपर्क में आर्थिक विकास को गति देंगी, निवेश को आकर्षित करेंगी व झारखंड में पर्यटन को भी प्रोत्साहित करेंगी।

### ये है विशेषताएं

- ▶▶ नया स्टेशन भवन,
- ▶▶ नया सकुर्लेटिंग एरिया,
- ▶▶ नया पार्किंग एरिया,
- ▶▶ नए लिफ्ट,
- ▶▶ 12 मीटर चौड़ा नया फुट ओवर ब्रिज,
- ▶▶ बेहतर एप्रोच रोड,
- ▶▶ वेलकम गेट,
- ▶▶ दिव्यांगजन सुविधाएँ — रैम्प, बुकिंग काउंटर, वाटर बूथ, पार्किंग एरिया, शौचालय, टैक्टाइल टाइल आदि
- ▶▶ नया प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्लेटफॉर्म सर्फेसिंग,वाटर बूथ, नया बुकिंग काउंटर,
- ▶▶ प्रतीक्षालय (वेटिंग रूम), स्थानीय कला एवं संस्कृति थीम से सुसज्जित स्टेशन परिसर

## बांग्लादेश की मीडिया में हसीना का बयान प्रतिबंध

**ढाका ।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाए जाने के बाद देश की नेशनल साइबर सिक्योरिटी एजेंसी ने मीडिया संगठनों से उनके बयान प्रसारित न करने की अपील की है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, एजेंसी ने मंगलवार को यह निर्देश जारी किया। यह कदम अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस द्वारा अवामी लीग और उसकी नेता शेख हसीना की गतिविधियों को असंवैधानिक रूप से दबाने की एक और कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। नेशनल साइबर सिक्योरिटी एजेंसी ने कहा कि वह गंभीर रूप से चिंतित है कि कुछ मीडिया संस्थान दोषी करार दिए गए भगोड़े यानी हसीना के बयान प्रसारित कर रहे हैं।

## बिहार के 43 कांग्रेस नेताओं को नोटिस

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन में शामिल कांग्रेस ने अब चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने वाले नेताओं पर एक्शन लेना शुरू कर दिया है। इसके तहत मंगलवार को 43 नेताओं को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है, इनमें पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री भी शामिल हैं। चुनावी में इन व्यक्तियों द्वारा मीडिया सहित अन्य सार्वजनिक मंचों पर पार्टी की आधिकारिक लाइन से हटकर बयान दिए गए थे,जिससे पार्टी की छवि, प्रतिष्ठा तथा चुनावी प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

## पुलिस से जुड़े मामलों में करें सख्त कार्रवाई : योगी

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि पुलिस से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है। किसी पीड़ित की समस्या के समाधान में अगर कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है, तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो संबंधित की जवाबदेही तय की जाए।

## शेयर बाजार में गिरावट सेंसेक्स 277 अंक टूटा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार के कारोबारी सत्र में मुनाफावसूली देखने को मिली और सेंसेक्स 277.93 अंक या 0.33 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 84,673.02 पर बंद हुआ। दिन के दौरान सेंसेक्स ने 84,558.36 का न्यूनतम स्तर और 85,042.41 का उच्चतम स्तर छुआ। निफ्टी 103.40 अंक या 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,910.05 पर बंद हुआ और दिन के दौरान इसने 25,876.50 का न्यूनतम स्तर और 26,029.85 का उच्चतम स्तर छुआ। सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल,एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स,पावर ग्रिड, टाइटन और मारुति सुजुकी गेनर्स थे।

## भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर जल्द ही अच्छी खबर तभी मिलेगी। यह समझौता उचित, समानता वाला और संतुलित होगा। गोयल ने कहा कि भारत किसानों और मछुआरों के हितों के साथ कभी समझौता नहीं करेगा। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री नई दिल्ली में इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से आयोजित 22वें भारत-अमेरिका आर्थिक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने संकेत दिया कि प्रस्तावित भारत और अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रगति निकट है। उन्होंने कहा कि एक बार जब यह समझौता भारत की निष्पक्ष, समतापूर्ण और संतुलित होने की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा।

